अधिकतम :35°C
न्यूनतम : 23°C
तापमान

सेंसेक्स निफ्टी
81,451.01
24,750.70

सोना चांदी
98,220
99,900

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

मुजफ्फरनगर, शनिवार 31 मई 2025 उत्तर प्रदेश संस्करण: वर्ष 26 अंक 139 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper


shahtimes2015@gmail.com

ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष 4 विक्रमी सम्वत् 2082 | 3 ज़िलहिज्जा 1446 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



**ट्रम्प का टैरिफ फिर बहाल: हायर कोर्ट ने निचली अदालत का फैसला पलटा**

विस्तृत खबर देश-विदेश पर



**डी. गुकेश ने रोमांचक मुकाबले में कारूआना को हराया**

विस्तृत खबर खेल टाइम्स पर

## रिलेशनशिप टूटने के बाद रेप केस गलत: सुप्रीम कोर्ट

शाह टाइम्स ब्यूरो

■ अदालत ने कहा: इससे आरोपी की छवि खराब होती है, न्याय व्यवस्था पर भी बोझ पड़ता है

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को एक अहम फैसले में कहा कि यदि दो वयस्कों में सहमति से बना रिश्ता बाद में टूट जाता है या दोनों के बीच दूरी आ जाती है, तो इसे शादी का झूठा वादा बताकर रेप का केस नहीं बनाया जा सकता।

जस्टिस बीवी नागरत्ना और जस्टिस सतीश चंद्र शर्मा की बेंच ने यह टिप्पणी की। बेंच ने कहा कि ऐसे मामलों से न केवल न्याय व्यवस्था पर अनावश्यक बोझ पड़ता है, बल्कि आरोपी व्यक्ति की सामाजिक छवि को भी गंभीर नुकसान होता है। सुप्रीम कोर्ट ने दोहराया कि सिर्फ शादी का वादा तोड़ने को झूठा वादा नहीं माना जा सकता, जब तक कि आरोपी की तरफ से रिश्ते की शुरुआत से ही धोखाधड़ी का इरादा न हो। बेंच ने कहा कि शादी का वादा तोड़ने को झूठा वादा बताकर धारा 376 के तहत रेप का केस करना गलत है। इस सोच पर पहले भी चिंता जताई जा चुकी है। सुप्रीम कोर्ट ने इस फैसले के साथ ही महाराष्ट्र के अमोल भगवान नेहुल के खिलाफ रेप केस रद्द कर दिया।



## नीट-पीजी परीक्षा एक ही पाली में कराएं

■ कहा: दो पालियों में कराने से उम्मीदवारों को समान अवसर नहीं मिलेंगे

नई दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने मेडिकल के स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए 15 जून से होने वाली राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट-पीजी) 2025 दो की बजाय [एक] पाली में आयोजित कराने का [शुक्रवार क]ो निर्देश दिया। [न्यायमू]र्ति विक्रम नाथ, न्यायमूर्ति [...] और न्यायमूर्ति एनवी [अंजारिया की] अंशकालीन कार्य [पीठ ने] याचिकाकर्ता अदिति [...] याचिका पर संबंधित [पक्षों को] सुनने के बाद इस [परीक्षा को आ]योजित करने वाली [नेशन]ल बोर्ड ऑफ [एग्जामिनेशन (]एनबीई) को यह [निर्देश देते हुए] अपने आदेश में कहा कि परीक्षा दो पालियों में आयोजित न करें, क्योंकि इससे उम्मीदवारों को समान अवसर नहीं मिलेंगे। पीठ ने यह भी टिप्पणी की कि दो पालियों में परीक्षा होने से मनमानी होगी और सामान्यीकरण प्रक्रिया को नियमित तरीके से लागू नहीं किया जा सकता। इतना ही नहीं दो पालियों की परीक्षा में प्रश्नपत्र कभी भी एक ही कठिनाई स्तर के नहीं हो सकते। शीर्ष अदालत ने कहा कि हम यह स्वीकार करने को तैयार नहीं हैं कि इस देश में तकनीकी प्रगति को देखते हुए देशभर में परीक्षा आयोजित करने वाली इस संस्था को एक पाली में परीक्षा आयोजित करने के लिए पर्याप्त जगह नहीं मिल पाए। अदालत ने कहा कि यदि अधिकारियों को लगता है कि वे परीक्षा केंद्रों की पहचान करने और 15 जून को परीक्षा आयोजित करने में सक्षम नहीं हैं, तो वे परीक्षा की तिथि आगे बढ़ाने के लिए आवेदन कर सकते हैं। इससे पहले पांच मई को अदालत ने उक्त याचिका पर एनबीई, राष्ट्रीय चिकित्सा परिषद (एनएमसी) और स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय को नोटिस जारी करके जवाब मांगा था।

## देश में कोरोना के 1828 एक्टिव केस, 15 की मौत

■ गुजरात में एक दिन के नवजात की रिपोर्ट पॉजिटिव

नई दिल्ली। देश में कोरोना वायरस के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं। एक्टिव केसों की संख्या शुक्रवार को 1828 पहुंच गई।

गुजरात के अहमदाबाद में एक दिन के नवजात की कोरोना रिपोर्ट पॉजिटिव आई है। बच्चे को आईसीयू में रखा गया है। पिछले सप्ताह बच्चे की मां भी कोरोना पॉजिटिव पाई गई थी, हालांकि अब उनकी रिपोर्ट निगेटिव है। इसके अलावा 8 महीने की एक बच्ची गुरुवार से ऑक्सीजन सपोर्ट पर है। वहीं, देश में कोरोना से जान गंवाने वालों का आंकड़ा 15 हो गया है, इनमें सबसे ज्यादा 6 मौतें महाराष्ट्र में हैं। राज्य सरकार कोरोना वायरस के लिए इन्फ्लूएंजा और सांस से जुड़ी बीमारियों पर सर्वे करा रही है। उधर केरल में एक्टिव मामले 727 हो गए हैं। मुख्यमंत्री पिनराई विजयन ने बताया कि राज्य में ओमिक्रॉन जेएन वैरिएंट एलएफ7 के मामले आ रहे हैं। है। महाराष्ट्र सरकार ने बताया कि गुरुवार को कोविड के 79 नए मामले सामने आए। जबकि मुंबई में जनवरी 2025 से अब तक कुल 379 केस मिले हैं। जनवरी और फरवरी में एक-एक, अप्रैल में चार और मई में 373 मरीज मिले। जनवरी से अब तक राज्य में 9592 कोविड-19 टेस्ट किए गए।

### पूर्व न्यायाधीश पर आपत्तिजनक टिप्पणी वाले वीडियो पर सुप्रीम कोर्ट की रोक

नई दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने पूर्व न्यायाधीश बेला एम. त्रिवेदी पर कथित तौर पर आपत्तिजनक टिप्पणी के मामले में स्वत: संज्ञान लेते हुए संबंधित वीडियो दिखाने पर रोक लगाने के साथ ही उसे यूट्यूब चैनल से तत्काल हटाने का निर्देश दिया है। मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई, न्यायमूर्ति जॉर्ज मसीह और न्यायमूर्ति एएस चंद्रूकर की पीठ ने शुक्रवार को अपने आदेश में 'वरप्रैड मीडिया इंडिया प्राइवेट लिमिटेड' के एडिटर इन चीफ अजय शुक्ला को वीडियो को अपने चैनल से हटाने का निर्देश दिया।शीर्ष न्यायालय ने अपने आदेश में कहा कि हम रजिस्ट्री (सुप्रीम कोर्ट की) को अजय शुक्ला के खिलाफ स्वत: संज्ञान अवमानना का मामला दर्ज करने का निर्देश देते हैं। यूट्यूब चैनल को प्रतिवादी पक्ष बनाया जाएगा।

### सुप्रीम कोर्ट में ली नवनियुक्त तीन न्यायाधीशों ने शपथ

नई दिल्ली। उच्चतम न्यायालय में नवनियुक्त तीन न्यायाधीशों ने शुक्रवार को पद और गोपनीयता की शपथ ली। मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई ने शीर्ष अदालत परिसर के एक सभागार में आयोजित समारोह में न्यायमूर्ति एन वी अंजारिया, न्यायमूर्ति विजय बिश्नोई और न्यायमूर्ति एएस चंदुरकर को शीर्ष अदालत के न्यायाधीश पद की शपथ दिलाई। उनके शपथ ग्रहण करने के साथ ही उच्चतम न्यायालय के लिए कुल निर्धारित 34 न्यायाधीशों की संख्या पूरी हो गई।

### पटाखा फैक्ट्री में विस्फोट, पांच की मौत, 29 घायल

मुक्तसर। पंजाब में मुक्तसर जिले के सिंघेवाला गांव में गुरुवार रात एक बजे एक पटाखा निर्माण इकाई में हुए विस्फोट में पांच प्रवासी श्रमिकों की मौत हो गई और 29 अन्य घायल हो गए। हरियाणा सीमा के पास स्थित इस फैक्ट्री में पटाखों के उत्पादन और पैकेजिंग में लगे कई प्रवासी कामगार काम करते थे। रात करीब एक बजे हुए इस विस्फोट के कारण पूरी फैक्ट्री ढह गई। मुक्तसर के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) अखिल चौधरी ने बताया कि प्रारंभिक जानकारी से पता चला है कि पटाखा निर्माण क्षेत्र में विस्फोट हुआ। अभी कारणों का पता नहीं चल पाया है।

### आतंकी मामले में कश्मीर में कई ठिकानों पर छापेमारी

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर पुलिस के काउंटर इंटेलिजेंस कश्मीर (सीआईके) के अधिकारियों ने शुक्रवार सुबह कश्मीर के विभिन्न जिलों में एक आतंकवादी मामले की जांच के तहत छापेमारी की। सूत्रों ने यह जानकारी दी। पुलिस सूत्रों ने कहा कि कश्मीर के बड़गाम, अवंतीपोरा, पुलवामा, कुपवाड़ा, शोपियां और श्रीनगर जिलों में तलाशी जारी है। अधिकारियों ने कहा कि जांच के दौरान, कई संदिग्धों को एक विशिष्ट गोपनीय संदेश एप्लिकेशन का उपयोग करते हुए पाया गया, जिसका उपयोग आतंकवादियों, सीमा पार से उनके आकाओं द्वारा किया जाता है।

## ऑपरेशन सिंदूर तरकश का सिर्फ एक तीर: मोदी

# आतंक का फन फिर उठा, तो बिल से खींचकर कुचलेंगे

बिक्रमगंज (रोहतास),वार्ता

■ बिहार की धरती से आतंकियों और उसके सरपरस्तों को सख्त लहजे में चेतावनी



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को एक बार फिर बिहार की धरती से आतंकवादियों और उसके सरपरस्तों को सख्त लहजे में चेतावनी देते हुए कहा कि 'ऑपरेशन सिंदूर' हमारे तरकश का सिर्फ एक तीर है, आतंक का फन फिर उठेगा, तो बिल से खींचकर कुचलेंगे।

श्री मोदी ने शुक्रवार को रोहतास जिले के बिक्रमगंज में करीब 48 हजार करोड़ रुपये की परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करने के बाद जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि दुश्मन जान ले कि 'ऑपरेशन सिंदूर' हमारे तरकश का सिर्फ एक तीर है। भारत की लड़ाई नहीं रुकी है और न थमी है। आतंक का फन अगर फिर उठेगा, तो बिल से खींचकर कुचलेंगे। चाहे सीमा पार हो या फिर सीमा के अंदर हो। प्रधानमंत्री ने कहा कि प्राण जाए पर वचन न जाए। यानी एक बार वचन दे दिया, तो वो पूरा होकर ही रहता है। प्रभु राम की यह रीति, नए भारत की नीति बन गई है। बिहार की धरती से देश को वचन दिया था कि आतंकियों के ठिकानों को मिट्टी में मिला दिया जाएगा। बिहार की धरती पर मैंने कहा था, उन्हें कल्पना से भी बड़ी सजा होगी। आज जब मैं बिहार आया हूं, तो अपने वचन के पूरा करने के बाद आया हूं। हमारी सेना ने उनके ठिकानों को खंडहर में बदल दिया है। भारत की बेटियों की सिंदूर की शक्ति क्या होती है यह पाकिस्तान ने भी देखा और दुनिया ने भी देखा।

### प्रधानमंत्री ने दी बिहार को साढ़े 48 हजार करोड़ रुपये की सौगात

बिक्रमगंज (बिहार)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को बिहार विधानसभा चुनाव से पहले राज्य के लोगों को साढ़े 48 हजार करोड़ रुपये से अधिक की सौगातें दी, जिनमें रेल, सड़क, गैस आपूर्ति, शिक्षा और बुनियादी ढांचा क्षेत्र की कई परियोजनाएं शामिल हैं। श्री मोदी ने राज्य के रोहतास जिले में यहां आयोजित एक कार्यक्रम में इन परियोजनाओं का उद्घाटन और कई का शिलान्यास किया। उन्होंने कहा कि राज्य की नीतीश कुमार सरकार ने लोगों के जीवन में भारी बदलाव किया है। बुनियादी ढांचा मजबूत किया गया है और लोगों को लाभ मिल रहा है। नक्सलवादी गतिविधियों पर काबू पाया गया है।

### आतंकवाद और बातचीत साथ साथ नहीं चल सकते : शाह

जम्मू। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आतंकवाद के खिलाफ भारत की नीति को फिर से परिभाषित किया है कि आतंकवाद और बातचीत एक साथ नहीं चल सकते तथा पानी और खून भी एक साथ नहीं बह सकते। पुंछ में गोलाबारी से प्रभावित परिवारों से मिलने पहुंचे श्री शाह ने कहा कि श्री मोदी के नेतृत्व में भारत ने स्पष्ट संदेश दिया है कि नागरिकों पर किसी भी हमले को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और इसका अधिक प्रभावी और सटीक तरीके से जवाब दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि श्री मोदी के प्रधानमंत्री बनने के तुरंत बाद सीमावर्ती इलाकों में बंकर बनाने का फैसला लिया गया था। अब तक 9,500 से अधिक बंकर बनाए गए हैं और इन बंकरों के कारण सीमावर्ती इलाके में ज्यादा जनहानि नहीं हुई। उन्होंने कहा कि सरकार सीमावर्ती इलाकों में और बंकर बनाएगी। पुंछ में गोलाबारी से प्रभावित परिवारों से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि हम समझते हैं कि राहत और नौकरियां आपके द्वारा झेले गए दर्द और क्षति की भरपाई नहीं कर सकती हैं। आपने अपने प्रियजनों को खो दिया है। जम्मू-कश्मीर सरकार, भारत सरकार और राष्ट्र की भावनाएं इस सीमावर्ती क्षेत्र के लोगों से जुड़ी हुई हैं।

## वनंतरा रिसॉर्ट हत्याकांड में आया फैसला

# अंकिता भंडारी के तीनों हत्यारों को आजीवन कारावास

शाह टाइम्स ब्यूरो





■ 24 सितम्बर 2022 को अंकिता भंडारी का शव चिल्ला बैराज से हुआ था बरामद

कोटद्वार। उत्तराखंड के बहुचर्चित अंकिता हत्याकांड में आखिरकार अदालत ने शुक्रवार को सजा का ऐलान करते हुए मुख्य आरोपी पुलकित आर्य समेत तीनों आरोपियों को दोषी करार देते हुए उम्रकैद की सजा सुनाई। अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश रीना नेगी की अदालत ने शुक्रवार को सजा का ऐलान किया।

भाजपा के पूर्व नेता विनोद आर्य के पुत्र एवं ऋषिकेश के वनंतरा रिसॉर्ट के मालिक पुलकित आर्य को भारतीय दंड संहिता की धारा 302, 201 और 354 के तहत दोषी करार देते हुए उसे आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। जबकि रिसॉर्ट के प्रबंधक सौरभ भास्कर और अंकित गुप्ता को साक्ष्य मिटाने के मामले में भारतीय दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 302 और 201 के तहत दोषी ठहराते हुए दोनों को भी आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। अभियोजन पक्ष के अधिवक्ता अवनीश नेगी के अनुसार तीनों को हत्या का दोषी करार दिया गया है और उम्रकैद की सजा सुनाई गई है। उल्लेखनीय कि वर्ष 2022 में अंकिता हत्याकांड सामने आया था।

### न्याय अधूरा लग रहा, दोषियों को उम्रकैद मिलने से नाखुश अंकिता भंडारी के परिजन

कोटद्वार की सिविल कोर्ट ने अंकिता भंडारी हत्याकांड में पुलकित आर्य, सौरभ भास्कर और अंकित गुप्ता को उम्रकैद की सजा सुनाई है। कोर्ट ने माना कि तीनों ने मिलकर हत्या कर शव छुपाया। अंकिता के परिजन फैसले से असंतुष्ट हैं और हाईकोर्ट में अपील कर दोषियों को फांसी दिलाने की बात कह रहे हैं।

अंकिता ऋषिकेश के पास वनंतरा रिसॉर्ट में रिसेप्शनिष्ट के पद पर तैनात थी। वह 18 सितम्बर, 2022 को यकायक लापता हो गई थी। दो दिन बाद 24 सितम्बर को उसका शव चिल्ला बैराज से बरामद हुआ था। हत्या का आरोप वनंतरा रिसॉर्ट के मालिक पुलकित आर्य, सौरभ भास्कर और अंकित गुप्ता पर लगा था। इस घटना के बाद पूरे प्रदेश में लोगों ने रोष व्यक्त किया था। प्रदेश सरकार ने भी मामले को एसआईटी को सौंप दिया था। एसआईटी ने तीनों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। अदालत के बाहर शुक्रवार को सुरक्षा के लिहाज से भारी पुलिस बल तैनात किया गया है। साथ ही सुबह से ही अदालत परिसर में भीड़ जमा हो गई। पुलिस ने भीड़ को रोकने के लिए बेरिकेडिंग की व्यवस्था की, लेकिन भीड़ ने बेरिकेडिंग को तोड़ दिया। पुलिस ने हालांकि समय रहते भीड़ पर नियंत्रण पा लिया था।

## उप्र व मप्र में 14 दिन बाद मानसून देगा दस्तक



नई दिल्ली। 24 मई को मानसून की एंट्री के बाद यह 17 राज्यों में दस्तक दे चुका है। सिर्फ छह दिनों में देश में अब तक 33 फीसदी से ज्यादा बारिश हो चुकी है। गुरुवार को यह पूर्वोत्तर के बचे हिस्से और फिर सिक्किम पार कर पश्चिम बंगाल के हिमालयी क्षेत्रों में पहुंच गया।

मौसम विभाग के मुताबिक, शुक्रवार को यह बिहार व बाकी पश्चिम बंगाल में पहुंच सकता है। हालांकि, अब इसकी रफ्तार थमने के आसार हैं। बंगाल की खाड़ी में बना दबाव वाला क्षेत्र सागर द्वीप से होते हुए बांग्लादेश की ओर बढ़ेगा। यह डिप्रेशन उत्तर भारत की ओर मानसून को धकेलने के बजाय विपरीत दिशा में खींचेगा। अनुमान है कि मानसून पर एक हफ्ते से 10 दिन का ब्रेक लग सकता है, जिससे उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश व उत्तर भारत के कई हिस्सों में बारिश का इंतजार बढ़ सकता है।

## राष्ट्रपति मुर्मू ने 15 नर्सों को प्रदान किए फ्लोरेंस नाइटिंगेल पुरस्कार



नई दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने राष्ट्रपति भवन में आयोजित एक समारोह में विभिन्न वर्ग की 15 नर्सों को उनकी उल्लेखनीय सेवाओं के लिए वर्ष 2025 के लिए राष्ट्रीय फ्लोरेंस नाइटिंगेल पुरस्कार से सम्मानित किया।

पुरस्कृत नर्सों में एएनएम (सहायक नर्स मिडवाइफ) वर्ग में अंडमान निकोबार की रेबा रानी सरकार, आंध्र प्रदेश की वलिवेती सुभावती, दादर-नगर हमेली एवं दमन-दीव की सरोज फकीरभाई पटेल, लक्षद्वीप की रजिया बेगम पीबी और महाराष्ट्र की सुजाता अशोक बागुल , एलएचवी (लेडी हेल्थ विजिटर) वर्ग में असम की बीना पानी डेका, नर्स वर्ग में अरुणाचल प्रदेश की किजुम सोरा कारगा, दिल्ली की डिम्पल अरोड़ा और मेजर जनरल शीना पीडी, कर्नाटक की डा. बानू एमआर, मणिपुर की लीमापोकपम रंजीता देवी, मिजोरम की वी लालमंगई, पुड्डुचेरी की एलएस मणिमोझी, तमिलनाडु की के अलामेलु मंगयारकरसी और प. बंगाल की डॉली बिस्वास शामिल हैं।

## पनवारी कांड में 35 दोषियों को पांच-पांच साल की सजा

■ 32 दोषियों को भेजा जेल, तीन के गैर जमानती वारंट जारी

आगरा। वर्ष 1990 के जिले के बहुचर्चित पनवारी कांड के दौरान कागारौल थाना क्षेत्र के अकोला में हुई जातीय हिंसा में शुक्रवार को विशेष एससी-एसटी कोर्ट ने 35 दोषियों को पांच-पांच साल की सजा सुनाई।

अदालत ने दो दिन पहले इन आरोपियों को दोषी करार दिया था। सजा सुनाए जाने के बाद 32 को जेल भेज दिया गया। तीन दोषियों के अदालत में हाजिर नहीं होने पर गैर जमानती वारंट जारी किए गए। पंद्रह आरोपियों को साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया गया। 34 साल चले इस मुकदमे में विचारण के दौरान 22 अभियुक्तों की मृत्यु हो गई थी। अदालत ने सजा सुनाते हुए दोषियों को पांच-पांच साल का कठोर कारावास और प्रत्येक पर 41 हजार रुपये का जुर्माना लगाया। सुनवाई में धारा 147 (दंगा), 148 (हथियार से लैस होकर दंगा), 149 (गैरकानूनी सभा) और 310 के तहत सभी दोषियों को सजा सुनाई गई।

# तुर्की एयरलाइन से नहीं तोड़ेगी इंडिगो नाता

## इंडिगो सीईओ ने जानकारी की साझा, कहा: तुर्की एयरलाइन से हमारा सर्विस एग्रीमेंट

नई दिल्ली, वार्ता

■ तुर्की एयरलाइंस के प्लेन लीज पर लेने के सभी नियमों का करेंगे पालन: इंडिगो सीईओ



देश की सबसे बड़ी एयरलाइन इंडिगो ने शुक्रवार को कहा कि वह तुर्की की एयरलाइन के साथ लीजिंग की व्यवस्था को अभी समाप्त नहीं करेगी, लेकिन भारत की नियामक प्रणाली के अंतर्गत कोई ऐसे निर्देश मिले, तो वह उस दिशा में जरूरी कदम उठाएगी।

इंडिगो के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) पीटर एल्बर्स ने यहां कंपनी के सालाना परिणामों के बारे में जानकारी साझा करने के लिए आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन में यह जानकारी दी। इंडिगो द्वारा लंबी दूरी के अंतर्राष्ट्रीय मार्गों के लिए तुर्की वाहक से लीज पर लिए गए बोइंग 777 और 787 के उपयोग किया जाता है। उनसे पूछा गया था कि पहलगाम हमले के बाद पाकिस्तान के साथ सैन्य संघर्ष में तुर्की की भूमिका को देखते हुए कई क्षेत्रों में तुर्की की कंपनियों के साथ संबंध विच्छेद किए जा रहे हैं। इंडिगो का भी तुर्की की एयरलाइन के साथ लीजिंग समझौता है, क्या इंडिगो भी ऐसा कोई कदम उठाने के बारे में सोच रही है? इस सवाल के जवाब में श्री एल्बर्स ने कहा कि तुर्की की एयरलाइन के साथ हमारा एयर सर्विस एग्रीमेंट है। हम विनियामक ढांचे के संदर्भ में काम करते हैं। अगर विनियामक ढांचे में बदलाव होता है, तो हम ज़रूरी कदम उठाएंगे। दूसरा हमारा बड़ा ग्राहक आधार हैं, जिन्होंने तुर्की एयरलाइंस से लीज़ पर लिए गए 777 विमानों द्वारा संचालित उड़ानों में बुकिंग की है। यदि विनियामक प्रणाली में कोई बदलाव का निर्देश आया, तो हम संभावित कदमों के बारे में जरूरी सोचेंगे। इंडिगो द्वारा वेट-लीज्ड विमानों (किसी अन्य एयरलाइन द्वारा संचालित जेट लेकिन इंडिगो ब्रांड के तहत उड़ान भरने वाले विमान) का उपयोग किया जा रहा है, क्योंकि एयरलाइन लंबी दूरी के संचालन में उतर रही है। मुंबई से जुलाई में शुरू होने वाले मैनचेस्टर और एम्स्टर्डम के आगामी मार्गों को इस व्यवस्था के तहत बोइंग 787-9 विमानों द्वारा संचालित किया जाएगा। तुर्की एयरलाइंस के साथ लीजिंग करार इंडिगो की अपनी लंबी दूरी के बेड़े को इंतजार किए बिना अंतर्राष्ट्रीय गंतव्यों से तेजी से जोड़ने की रणनीति के लिए महत्वपूर्ण है। वर्तमान में 90 से अधिक घरेलू और 40 अंतर्राष्ट्रीय गंतव्यों पर सेवा देने वाली एयरलाइन का लक्ष्य वर्ष के अंत तक 50 अंतर्राष्ट्रीय शहरों तक पहुंचना है। सीईओ ने संवाददाताओं को इंडिगो की 18 साल की यात्रा के बारे में विस्तार से बताया और कहा कि एयरलाइन की योजना चालू वित्त वर्ष में 10 नए अंतर्राष्ट्रीय गंतव्यों के लिए सीधी उड़ानें जोड़ने की है, जिनमें लंदन, एथेंस, एम्स्टर्डम और मैनचेस्टर जैसे प्रमुख शहर शामिल हैं। इन मार्गों के अलावा, चार मध्य एशियाई गंतव्यों और सिएम रीप जैसे दक्षिण-पूर्व एशियाई शहरों के लिए उड़ानें शामिल हैं।




## संक्षिप्त समाचार

### प्राइवेट बस पलटी तीन महिलाओं समेत पांच की मौत

**जौनपुर।** उत्तर प्रदेश में जौनपुर जिले के बक्शा थाना क्षेत्र में शुक्रवार सुबह रामनगर घनश्यामपुर से जौनपुर जा रही प्राइवेट बस अनियंत्रित होकर डिवाइडर पर चढ़कर पलट गई। इस हादसे में दो महिला व दो पुरुषों की मौत हो गई, जबकि एक महिला जिला अस्पताल में दम तोड़ दिया। दुर्घटना में 14 अन्य लोग घायल हो गए। वाराणसी लखनऊ राष्ट्रीय राजमार्ग पर शंभूगंज बाजार के समीप चकपटैला गांव स्थित अंडर पास पर आज भोर करीब पौने पांच बजे यह हादसा हुआ। सूचना मिलते ही जिला. धिकारी डॉक्टर दिनेश चंद और पुलिस अधीक्षक डॉक्टर कौस्तुभ तत्काल मौके पर पहुंच गए। पुलिस अधीक्षक डॉक्टर कौस्तुभने बताया कि यह बस रामनगर घनश्यामपुर लेदुका होते हुए कुमार बस सर्विस प्रतिदिन जौनपुर बदलापुर पघव के लिए सवारी बैठाकर आती-जाती है। आज सुबह बस चालक समरजीत पाल (50) और कंडक्टर कालीचरन 52 सीट वाली बस में करीब 40 सवारियों के साथ जौनपुर के लिए रवाना हुए थे, बस जैसे ही घटनास्थल के समीप पहुंची कि चालक बस से नियंत्रण खो बैठा, जिससे बस डिवाइडर पर चढ़ते हुए दाहिने पटरी पर पहुंच सड़क के बीच पलट गई। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने बस में बुरी तरह फंसे लोगों को बाहर निकाला और मृत चार लोगों को मर्चरी भेजा।

### भाजपा के चुनावी सारे वादे झूठे निकले: 'आप'

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी ने कहा है कि भारतीय जनता पार्टी चुनाव के दौरान किए गए अपने वादों को पूरा करने में विफल रही है। 'आप' के दिल्ली प्रदेश संयोजक सौरभ भारद्वाज ने दिल्ली सरकार के पिछले 100 दिन के कार्यकाल का आज रिपोर्ट कार्ड प्रस्तुत किया और कहा कि हमने सुना है भाजपा शासित दिल्ली सरकार खुद अपने 100 दिन के कार्यकाल का रिपोर्ट कार्ड बनाकर दिल्ली की जनता के सामने प्रस्तुत करने वाली है। भाजपा अपने 100 दिन के विफलताओं को झूठे रिपोर्ट कार्ड के माध्यम से छुपाने की कोशिश करने वाली है। भारद्वाज ने कहा कि रिपोर्ट कार्ड में हमने बताया है, कि दिल्ली सरकार ने यहां की जनता के साथ पिछले 100 दिनों में क्या-क्या धोखा किया है? भाजपा की सरकार ने दिल्ली में फरिश्ते योजना को बंद कर दिया, जिसकी वजह से रोजाना दर्जनों दुर्घटनाग्रस्त लोगों को समय पर इलाज न मिलने से मृत्यु का खतरा बना हुआ है।

### 11 पर्यटकों से भरा वाहन नदी में गिरा, नौ लोग लापता

**गंगटोक।** पश्चिम बंगाल और ओडिशा के 11 पर्यटकों को ले जा रहा एक वाहन गुरुवार रात उत्तरी सिक्किम में तीस्ता नदी में गिरने के बाद नौ लोग लापता हो गए हैं। हादसे की सूचना मिलने के बाद भारतीय सेना और सिक्किम पुलिस ने शुक्रवार को बड़े पैमाने पर तलाशी एवं बचाव अभियान शुरू किया। यह हादसा गंगटोक से लगभग 52 किलोमीटर दूर हुआ। पुलिस अधीक्षक मंगन सोनम देचू ने कहा कि दो लोगों को बचा लिया गया है, जबकि बाकी नौ लोगों का अभी भी पता नहीं चल पाया है। यह दुर्घटना उत्तरी सिक्किम में चुंगथांग- मुंशीथांग रोड पर हुई और वाहन लगभग 1,000 फुट नीचे तीस्ता नदी में गिर गया।

# ऑपरेशन सिंदूर का सबूत मांगना शर्मनाक: भाजपा

■ जयराम रमेश के आतंकवादियों और भारतीय सांसदों की कथित तुलना की निंदा की

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी ने कांग्रेस की ओर से 'ऑपरेशन सिंदूर' के सबूत मांगने को शुक्रवार को शर्मनाक करार दिया और उसके नेता जयराम रमेश के उस बयान की कड़ी भर्त्सना की, जिसमें उन्होंने आतंकवादियों और भारतीय सांसदों की कथित तुलना की है। भाजपा राष्ट्रीय प्रवक्ता एवं सांसद संबित पात्रा ने यहां पार्टी के केन्द्रीय कार्यालय में एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए विपक्ष के रवैए की कठोर आलोचना की। डा. पात्रा ने रमेश द्वारा आतंकियों और भारतीय सांसदों की कथित तुलना करने को शर्मनाक बताते हुए कहा कि जो सांसद विदेशों में भारत का पक्ष रखने गए हैं, वे 'घूमने' नहीं गए। वे भारत के आत्मबल और आतंकवाद-विरोधी नीति को अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर मजबूती से प्रस्तुत करने गए हैं। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी, जयराम रमेश और रेवंत रेड्डी जैसे कुछ नेताओं के बयानों ने न केवल भारतीय सेना के मनोबल को चोट पहुंचाने का प्रयास किया, बल्कि बार-बार देश के सामान्य नागरिकों के आत्मविश्वास को भी कमजोर करने की चेष्टा की है। एक अखबार में अमेरिका के एक प्रसिद्ध सैन्य विश्लेषक जॉन स्पेंसर का एक अत्यंत गंभीर और तथ्यों से परिपूर्ण लेख छपा है। यह लेख केवल एक राय नहीं बल्कि एक ठोस वैश्विक विश्लेषण है, जिसमें स्पष्ट रूप से यह बताया गया है कि किस प्रकार भारत की स्वदेशी तकनीक 'आकाश' मिसाइल प्रणाली और अन्य रक्षा उपकरण ने आतंकवाद के विरुद्ध निर्णायक विजय में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

# ऑपरेशन सिंदूर आत्मनिर्भर भारत की सफलता का उदाहरण

कानपुर।



■ भारत की न्यू डिफेंस पॉलिसी के अंतर्गत दुश्मन के एयर डिफेंस सिस्टम को नष्ट किया: योगी

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भारतीय सेना के पराक्रम की सराहना करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के मार्गदर्शन में भारत के शौर्य और पराक्रम के कारण आज पूरी दुनिया भारत के शक्ति और सामर्थ्य को एक उदाहरण के रूप में मान रही है।

योगी ने कहा कि भारत की न्यू डिफेंस पॉलिसी के अंतर्गत दुश्मन के यार डिफेंस सिस्टम को नष्ट करके भारतीय सेना जिस शौर्य और पराक्रम का परिचय दिया है, यह प्रधानमंत्री मोदी के द्वारा 10 वर्ष पूर्व प्रारंभ किए गए मेड इन इंडिया की उस ताकत का भी एहसास दुनिया को करवाता है जो इस बार ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से दुनिया ने देखा है। यह आत्मनिर्भर भारत की सफलता का भी एक बेहतरीन उदाहरण है। उन्होने कहा कि प्रदेश को मिली 47 हजार 600 करोड़ रुपए की परियोजनाएं विकसित भारत की नींव है। उन्होने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का स्वागत करते हुए कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के उपरांत यशस्वी प्रधानमंत्री का उत्तर प्रदेश की धरती पर यह प्रथम आगमन है। मैं प्रदेशवासियों की ओर से उनका हृदय से स्वागत करता हूं। यह धरती कभी औद्योगिक क्रांति की अग्रदूत रही है और आज विकास की नई गाथा लिखने जा रही है। योगी ने ऑपरेशन सिंदूर को भारत की सैन्य शक्ति और आत्मनिर्भरता का प्रतीक बताते हुए कहा कि पहले सर्जिकल स्ट्राइक, फिर एयर स्ट्राइक और अब ऑपरेशन सिंदूर, प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारतीय सेना ने दुनिया को दिखा दिया कि भारत अब जवाब देने में नहीं, जवाब देने की शैली भी तय करने में यकीन रखता है। यह मेड इन इंडिया और आत्मनिर्भर भारत की सशक्त मिसाल है। प्रधानमंत्री मोदी द्वारा कानपुर में 47 हजार 600 करोड़ की परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण किए जाने पर मुख्यमंत्री ने कहा कि यह कार्यक्रम उत्तर प्रदेश को विकसित भारत के 'ग्रोथ इंजन' के रूप में आगे बढ़ाने का एक बड़ा कदम है।

उन्होंने कहा कि वर्ष 2021 में प्रधानमंत्री मोदी द्वारा शुरू की गई कानपुर मेट्रो के पहले चरण के बाद अब दूसरे चरण का लोकार्पण हुआ है, जिससे शहर का पब्लिक ट्रांसपोर्ट सिस्टम आधुनिक और सुविधाजनक बनेगा। उत्तर प्रदेश की ऊर्जा क्षेत्र का जिक्र करते हुए योगी ने कहा कि पनकी, घाटमपुर, जवाहरपुर (एटा), ओबरा (सोनभद्र) और खुर्जा (बुलंदशहर) में थर्मल पावर प्लांट्स की शुरुआत से प्रदेश की विद्युत क्षमता 15,000 मेगावाट से बढ़कर 25,000 मेगावाट तक पहुंच गई है। वर्ष के अंत तक इसमें 4000 मेगावाट की और बढ़ोतरी होगी। यूपी की उपलब्धियों को गिनाते हुए सीएम योगी ने बताया कि प्रदेश के एक लाख 21 हजार मजरे तक बिजली पहुंच चुकी है और 1.78 करोड़ गरीब परिवारों को मुफ्त कनेक्शन दिए जा चुके हैं। प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना के तहत अब तक 1-31 लाख घरों में मुफ्त रूफटॉप सोलर की सुविधा पहुंचाई गई है और 11 लाख से अधिक आवेदनों का लक्ष्य जल्द ही पूर्ण किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि कानपुर से शुरू हुई यह विकास यात्रा सिर्फ एक शहर की नहीं, बल्कि समूचे उत्तर प्रदेश की प्रगति की कहानी है। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में यूपी आज सुरक्षा से लेकर समृद्धि तक हर क्षेत्र में नई ऊंचाइयों को छू रहा है।

### प्रधानमंत्री ने चेताया: गिड़गिड़ाने वाला दुश्मन धोखे में ना रहे

# ऑपरेशन सिंदूर अभी खत्म नहीं हुआ: मोदी

कानपुर, वार्ता



■ कानपुर में हजारों करोड़ रुपए की विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया
■ कहा: भारत में आतंकवाद के खिलाफ अपनी लड़ाई में तीन सूत्र स्पष्ट रूप से तय कर दिए हैं

पाकिस्तान स्थित आतंकवादी ठिकानो पर सैन्य बलों की कार्रवाई की सराहना करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एक बार फिर पड़ोसी देश को चेतावनी भरे लहजे में कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान जो दुश्मन गिड़गिड़ा रहा था, वह किसी धोखे में ना रहे, ऑपरेशन सिंदूर अभी खत्म नहीं हुआ है।

कानपुर में शुक्रवार को हजारों करोड़ रुपए की विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास करते हुए मोदी ने कहा कि भारत में आतंक के खिलाफ अपनी लड़ाई में तीन सूत्र स्पष्ट रूप से तय कर दिए हैं। पहला, भारत हर आतंकी हमले का करारा जवाब देगा। उसका समय, जवाब देने का तरीका और जवाब देने की शर्तें हमारी सेनाएं खुद तय करेंगी। दूसरा, भारत अब एटम बम की गीदड़ भभकी से नहीं डरेगा और ना ही उसके आधार पर कोई फैसला लेगा। तीसरा, आतंक के आका और आतंक परस्त सरकार को भारत एक ही नजर से देखेगा। पाकिस्तान का स्टेट और नॉन स्टेट एक्टर का खेल अब नहीं चलने वाला है। अगर मैं सीधे-सीधे कनपुरिया भाषा में कहूं, तो दुश्मन कहीं भी हो, हौंक दिया जाएगा। इस दौरान प्रधानमंत्री ने बटन दबाकर 47 हजार 600 करोड़ रुपए की 15 विकास परियोजनाओं का उपहार दिया। मोदी ने चुन्नीगंज मेट्रो स्टेशन पर सजकर खड़ी मेट्रो ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस ट्रेन में वंचित वर्ग के बच्चों ने सफर तय किया। इस दौरान उन्होंने विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को चेक भी वितरण किया। उन्होंने कहा कि कानपुर में विकास का यह कार्यक्रम 24 अप्रैल को होने वाला था, लेकिन पहलगाम हमले के कारण मुझे अपना कानपुर द्वारा रद करना पड़ा। पहलगाम में हुए आतंकी हमले में हमारे कानपुर के बेटे शुभम द्विवेदी भी इस बर्बरता का शिकार हुए। उनके परिवार की पीड़ा, कष्ट और आक्रोश हम सब महसूस कर सकते हैं। हमारी बेटियों, बहनों का वही आक्रोश ऑपरेशन सिंदूर के रूप में पूरी दुनिया ने देखा है। हमने पाकिस्तान में आतंकियों के ठिकानों को घर में घुसकर, सैकड़ो मील अंदर जाकर तबाह कर दिया। हमारी सेना ने ऐसा पराक्रम किया कि पाकिस्तान सेना को गिड़गिड़ा कर युद्ध रोकने की मांग करने पर मजबूर होना पड़ा। स्वतंत्रता संग्राम की धरती से सेना के शौर्य को बार-बार सैल्यूट करता हूं। मैं फिर कहना चाहता हूं ऑपरेशन सिंदूर के दौरान जो दुश्मन गिड़गिड़ा रहा था, वह किसी धोखे में ना रहे, ऑपरेशन सिंदूर अभी खत्म नहीं हुआ है। मोदी ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर में दुनिया ने भारत के स्वदेशी हथियारों और मेक इन इंडिया की ताकत भी देखी है। हमारे भारतीय हथियारों ने, ब्रह्मोस मिसाइल ने दुश्मन के घर में घुसकर तबाही मचाई है। जहां टारगेट तय किया, वहां धमाके किए। यह ताकत हमें आत्मनिर्भर भारत के संकल्प से मिली है। एक समय था जब भारत अपनी सैन्य जरूरतों के लिए, अपनी रक्षा के लिए दूसरे देशों पर निर्भर था। हमने उन हालातों को बदलने की शुरुआत की। यह पूरे यूपी के लिए गर्व की बात है की डिफेंस सेक्टर में आत्मनिर्भरता में वह बड़ी भूमिका निभा रहा है। जैसे कानपुर में पुरानी ऑर्डिनेंस फैक्ट्रियां हैं, वैसी ऑर्डिनेंस फैक्ट्रियों को हमने बड़ी आधुनिक कंपनियों में बदल दिया है। उन्होंने कहा कि आज यूपी में देश का बड़ा डिफेंस कॉरिडोर बन रहा है। इस कॉरिडोर का कानपुर नोड रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भर भारत का बड़ा केंद्र है। एक समय यहां से पारंपरिक उद्योग पलायन कर रहे थे, वहां अब डिफेंस सेक्टर की बड़ी कंपनियां आ रही हैं। यहां पास में ही अमेठी में एके 20 राइफल का निर्माण शुरू हो चुका है। ऑपरेशन सिंदूर में जिस ब्रह्मोस मिसाइल ने दुश्मनों को सोने नहीं दिया उस ब्रह्मोस मिसाइल का नया पता है उत्तर प्रदेश। भविष्य में कानपुर और यूपी, भारत को डिफेंस का नया एक्सपोर्टर बनाने में सबसे आगे रहेगे।

### पीएम ने पहलगाम आतंकी हमले में शहीद शुभम के परिजनों से की मुलाकात

**कानपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शुक्रवार को कानपुर के चकेरी एयरपोर्ट पर पहलगाम आतंकी हमले में शहीद हुए शुभम द्विवेदी के परिजनों से मुलाकात की। कानपुर को विकास परियोजनाओं की सौगात देने पहुंचे श्री मोदी ने एयरपोर्ट पर ही शुभम की पत्नी ऐशन्या, मां सीमा और पिता संजय द्विवेदी से करीब आठ मिनट तक बातचीत की। शुभम के चाचा मनोज द्विवेदी ने बताया कि मुलाकात के दौरान प्रधानमंत्री भावुक हो गए। इस दौरान ऐशन्या और शुभम के पिता की आंखों से आंसू निकल आए, जिन्हें देखकर प्रधानमंत्री ने उन्हें ढांढस बंधाया। श्री मोदी ने कहा कि आतंकवाद के खिलाफ चलाया जा रहा ऑपरेशन 'सिंदूर' रुका नहीं है, बल्कि यह आगे भी जारी रहेगा। उन्होंने परिजनों को आश्वस्त किया कि सरकार उनके साथ है और आगे भी मुलाकात होती रहेगी। शुभम द्विवेदी के परिजनों को नरवल एसडीएम की देखरेख में कार से चकेरी एयरपोर्ट लाया गया था।

# केन्द्र सरकार की विदेश नीति नाकाम: कांग्रेस

नई दिल्ल, वार्ता



■ किसी भी देश ने पाकिस्तान को आतंकी मुल्क नहीं माना, रूस ने भी पाक से एमओयू साइन किए: पवन खेड़ा

कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने शुक्रवार को 'ऑपरेशन सिंदूर' को लेकर मोदी सरकार की विदेश नीति को नाकाम बताया। कांग्रेस ने आरोप लगाया कि सरकार की फेल डिप्लोमैसी और कमजोर विदेश नीति की वजह से भारत की छवि को नुकसान हुआ।

उन्होंने कहा कि कोई देश पाकिस्तान को आतंकी देश नहीं कह रहा। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भी किसी ने भी आपके समर्थन में बयान नहीं दिया। यहां तक कि रूस ने भी पाकिस्तान के साथ पुरानी स्टील मिल दोबारा शुरू करने के लिए एमओयू साइन किया है। अब इससे पाकिस्तान को रूस से 2.6 अरब डॉलर(21,660 करोड़ रुपए) मिलेंगे।

कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने एक्स पर लिखा, शुक्रवार (16 मई) सुबह संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजि. जू ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और विपक्ष के नेता राहुल गांधी से बात की थी। उन्होंने विदेश भेजे जाने वाले डेलिगेशन के लिए 4 सांसदों का नाम मांगा था। कांग्रेस ने आनंद शर्मा, गौरव गोगोई, डॉ. सैयद नसीर हुसैन और राजा बरार के नाम दिए थे। जयराम ने बताया कि 16 मई को दोपहर तक, राहुल गांधी ने संसदीय कार्य मंत्री को पत्र लिखकर कांग्रेस की ओर से 4 नाम दिए थे। थरूर ने कहा था- सम्मानित महसूस कर रहा हूं दूसरी तरफ, शशि थरूर ने डेलिगेशन का नेतृत्व करने की जिम्मेदारी मिलने पर केंद्र का आभार जताया। उन्होंने एक्स पर लिखा, श्मैं हाल की घटनाओं पर हमारे देश का ख्रष्टिकोण रखने के लिए पांच प्रमुख देशों की राजधानियों में एक सर्वदलीय डेलिगेशन का नेतृत्व करने के लिए भारत सरकार के निमंत्रण से सम्मानित महसूस कर रहा हूं। जब राष्ट्रीय हित की बात होगी और मेरी सेवाओं की जरूरत होगी, तो मैं पीछे नहीं रहूंगा। कांग्रेस ने कहा था- थरूर ने लक्ष्मण रेखा पार की दिल्ली में 14 मई को कांग्रेस कार्यसमिति की बैठक हुई थी।

## अर्थ व्यापार

# चौतरफा बिकवाली के दबाव से बाजार में गिरावट

मुंबई, वार्ता



भारत में समाप्त वित्त वर्ष के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के जारी होने वाले आंकड़े को लेकर निवेशकों की सतर्कता बरतते हुए की गई चौतरफा बिकवाली के दबाव में आज शेयर बाजार गिरावट के साथ बंद हुआ।

बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 182.01 अंक टूटकर 81,451.01 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 82.90 अंक की गिरावट लेकर 24750.70 अंक पर आ गया। हालांकि बीएसई की दिग्गज कंपनियों के विपरीत मझौली और छोटी कंपनियों के शेयरों में मिलाजुला रुख रहा। इससे मिडकैप 0.39 प्रतिशत लुढ़ककर 45,136.35 अंक रह गया जबकि स्मॉलकैप 0.17 प्रतिशत बढ़कर 52,413.25 अंक पर पहुंच गया। इस दौरान बीएसई में कुल 4119 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2160 में बिकवाली जबकि 1826 में लिवाली हुई, वहीं 133 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह एनएसई में कारोबार के लिए रखी गई कुल 2955 कंपनियों के शेयरों में से 1581 में गिरावट जबकि 1299 में तेजी रही, वहीं 75 में टिकाव रहा।

बीएसई में बैंकिंग, इंडस्ट्रियल्स, वित्तीय सेवाएं और कैपिटल गुड्स की 0.62 प्रतिशत तक की तेजी को छोड़कर अन्य 17 समूहों का रुझान नकारात्मक रहा। इससे कमोडिटीज 1.14, सीडी 0.39, ऊर्जा 0.70, एफएमसीजी 0.45, हेल्थकेयर 0.26, आईटी 1.05, दूरसंचार 0.79, यूटिलिटीज 1.09, ऑटो 0.91, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 1.03, धातु 1.68, तेल एवं गैस 1.06, पावर 0.31, रियल्टी 0.67, टेक 0.99, सर्विसेज 0.53 और फोकस्ड आईटी समूह के शेयर 1.14 प्रतिशत गिर गए।

वैश्विक स्तर पर मिलाजुला रुख रहा। ब्रिटेन का एफटीएसई 0.78 और जर्मनी का डैक्स 0.95 प्रतिशत चढ़ गया। वहीं जापान का निक्केई 1.22, हांगकांग का हैंगसेंग 1.20 और चीन का शंघाई कंपोजिट 0.47 प्रतिशत लुढ़क गया। कारोबार की शुरुआत सेंसेक्स 167 अंक का गोता लगाकर 81,465.69 अंक पर खुला, लेकिन लिवाली होने से थोड़ी देर बाद ही 81,698.21 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया।

### काष्ठ उत्पादों के निर्माण और निर्यात में चीन को पछाड़ सकता है भारत

**सहारनपुर।** काष्ठ उत्पादों के निर्माण के लिए विख्यात सहारनपुर के निर्यातकों का मानना है कि पुरातन काष्ठ कला के मनमोहक उत्पादों के निर्माण और निर्यात के मामलों में भारत चीन को पछाड़ने की कुव्वत रखता है। जिले के एक निर्यातक असलम सैफी ने बातचीत में यह दावा करते हुए कहा कि चीन दो वजह से काष्ठ उत्पादों के निर्यात में दुनिया में अपना रुतबा रखता है। पहला यह कि उसके उत्पाद सस्ते होते हैं क्योंकि उन पर लागत कम आती है। दूसरा वहां श्रम सस्ता है और करों और लालफीताशाही का शिकंजा नहीं है। ऐसे में विश्व बाजार में चीन को चुनौती देना बेहद मुश्किल हो रहा है।

# खाद्य तेल समेत सभी जिंसों में टिकाव रहा

नई दिल्ली, वार्ता



विदेशी बाजारों में गिरावट आने के बावजूद स्थानीय स्तर पर उठाव सुस्त रहने से शुक्रवार दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेल समेत सभी जिंसों में टिकाव रहा।

**तेल-तिलहन:** वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का जून वायदा 41 रिंगिट की गिरावट के साथ 3838 रिंगिट प्रति टन पर आ गया। इसी तरह जून का अमेरिकी सोया तेल वायदा 1.23 सेंट लुढ़ककर 47.16 सेंट प्रति पौंड बोला गया। इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा। सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ। गुड़-चीनी: मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टीके रहे। दाल-दलहन: दाल- दलहन के बाजार में टिकाव रहा। इस दौरान चना, दाल चना, मसूर दाल, मूंग दाल और उड़द दाल के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर पड़े रहे।

अनाज: अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे। इस दौरान गेहूं और चावल के दाम पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर पड़े रहे। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के थोक दाम इस प्रकार रह:- दाल-दलहन: चना 6000-6100, दाल चना 7000-7100, मसूर काली 7500-7600, मूंग दाल 9900-10000, उड़द दाल 9200-9300, अरहर दाल 9000-9100 रुपए प्रति क्विंटल रहे।

अनाज: (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2950-3050 रुपए और चावल 3600-3700 रुपए प्रति क्विंटल रहा। चीनी-गुड़: चीनी एस. 4280-4380, चीनी एम. 4500-4600, मिल डिलीवरी 3620-3720 और गुड़ 4400-4500 रुपए प्रति क्विंटल बोले गए। खाद्य तेल: सरसों तेल 15824 रुपए, मूंगफली तेल 17582 रुपए, सूरजमुखी तेल 16849 रुपए, सोया रिफाइंड 14871 रुपए, पाम ऑयल 13919 रुपए और वनस्पति तेल 16190 रुपए प्रति क्विंटल पर रहा है।

# बिजली उत्पादन में आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ा उत्तर प्रदेश

**कानपुर।** उत्तर प्रदेश को ऊर्जा क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में शुक्रवार को एक नया इतिहास रचा गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कानपुर में प्रदेश को 44,000 करोड़ रुपए से अधिक की लागत वाली तापीय विद्युत परियोजनाओं की सौगात दी।

इन परियोजनाओं से प्रदेश में न सिर्फ 24.89 प्रतिशत उत्पादन क्षमता में वृद्धि होगी, बल्कि इससे औद्योगिक, कृषि और सामाजिक विकास को नई ऊर्जा मिलेगी। इन परियोजनाओं से प्रदेश की उत्पादन क्षमता में अभूतपूर्व वृद्धि होगी, जो प्रदेश की बढ़ती ऊर्जा आवश्यकताओं की पूर्ति में अहम योगदान देगा। उत्तर प्रदेश अब ऊर्जा उत्पादन के क्षेत्र में केवल उपभोक्ता नहीं, बल्कि उत्पादक राज्य के रूप में उभर रहा है। इन तापीय परियोजनाओं के शुभारंभ से प्रदेश को बड़े लाभ होंगे। सबसे महत्वपूर्ण लाभ बिजली के क्षेत्र में आत्मनिर्भरता को लेकर होगा। 2017 तक उत्तर प्रदेश की कुल विद्युत उत्पादन क्षमता 15,916 मेगावाट थी। योगी सरकार ने इसे बढ़ाकर 24,868 मेगावॉट तक पहुंचा दिया है और इस वर्ष के अंत तक यह क्षमता 27,184 मेगावॉट हो जाएगी। सभी नई परियोजनाओं में सुपरक्रिटिकल तकनीक का उपयोग किया गया है, जिससे कम कोयले में ज्यादा बिजली बनती है। इससे कार्बन उत्सर्जन में उल्लेखनीय कमी आई है और पर्यावरण संरक्षण को बल मिला है। इन परियोजनाओं से प्रदेश के राजस्व में भी उल्लेखनीय वृद्धि होगी। नई परियोजनाओं से उत्पादित बिजली का 75.11 प्रतिशत हिस्सा उत्तर प्रदेश में और 24.89 प्रतिशत असम को भेजा जाएगा। इससे प्रदेश को राजस्व प्राप्त होगा और ऊर्जा वितरण में संतुलन बनेगा। इसका लाभ हर वर्ग को मिलेगा। बिजली आपूर्ति की मजबूती से कृषि कार्यों, घरेलू उपभोक्ताओं और औद्योगिक इकाइयों को सीधा लाभ मिलेगा। सिंचाई सस्ती होगी, फैक्ट्रियों का उत्पादन बढ़ेगा और घरों में निर्बाध बिजली उपलब्ध होगी।

## जीआरडी कॉलेज के अन्तरया 2025

# जीआरडी कॉलेज का दो दिवसीय वार्षिक उत्सव अन्तरया आज से होगा आयोजित

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ उत्सव में छात्र-छात्राओं के तकनीकी मॉडल्स होंगे प्रदर्शित, मेधावी छात्र को सम्मान एवं बॉलीवुड सिंगर

**देहरादून।** राजधानी के प्रतिष्ठित मैनेजमेंट एवं इंजीनियरिंग कॉलेज गुरु राम दास इंस्टीट्यूट ऑफ़ मैनेजमेंट एंड टेक्नोलॉजी देहरादून का दो दिवसीय वार्षिक उत्सव अन्तरया-2025, 31 मई एवं 1 जून को धूम धाम से आयोजित होगा।

वार्षिक उत्सव की पूर्व संध्या पर प्रेस से रूबरू होकर संस्थान से वाइस चेयरमैन इंदरजीत ने कहा कि वार्षिक उत्सव के दौरान जहां एक ओर सैकड़ों छात्र छात्राएं अपने नवाचार आधारित प्रोजेक्ट्स एवं मॉडल्स प्रदर्शित करेंगे वही शिक्षा, खेलकूद एवं सांस्कर्तिक कार्यकर्मो में अपनी प्रतिभा को प्रदर्शित करने वाले लगभग 600 छात्र-छात्राएं सम्मानित किए जाएंगे। वही फेमस बॉलीवुड सिंगर आकांक्षा शर्मा एवं डी. जे. हैरी अपनी लाइव परफॉरमेंस से युवा वर्ग थिरकने को मजबूर कर देंगे। उन्होंने सफल छात्रों से अपने अर्जित ज्ञान का उपयोग मानव कल्याण के लिए करने को प्रेरित किया।

वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए संस्थान के महा निदेशक डॉ. पंकज चौधरी ने कहा कि आज का युवा वर्ग उत्साह एवं मेधा से परिपूर्ण है और इस तरह के आयोजन उनके लिए सफलता की नई राहें खोलते हैं एवं मानसिक विकास को बढ़ावा देते है! उन्होंने बताया कि संस्थान के छात्र-छात्राएं एक तरफ जहां विश्व. विद्यालय की मेरिट लिस्ट में इस वर्ष सबसे अधिक 5 मैडल प्राप्त किए वही देश-विदेश की नामी गिरामी सैकड़ों बहुराष्ट्रीय कम्पनीज की भी पहली पसंद बन रहे है। निजी क्षेत्र में बंपर सफलता के साथ-साथ जीआरडी के छात्र-छात्राएं अब सरक. ारी नौकरियों में भी झंडे गाड़ रहे है। इस वर्ष भी संस्थान के सिविल इंजी. नियरिंग के 26 छात्र-छात्राओं ने उत्तराखंड में बतौर सरकारी अभियंता की नियुक्ति पाकर जीआरडी का परचम लहरा दिया है!

सस्थान के पर्यासो को सरकार से भी निरंतर प्रोहत्सान मिल रहा है एवं शासन ने नवाचार एवं उद्योगों की आधुनिकतम आवस्यकताओ पर आधारित कई नए कोर्स इस वर्ष प्रारम्भ करने के लिए अनुमति दी है। दो दिवसीय वार्षिक उत्सव में शिक्षा एवं इंडस्ट्री के कई जाने माने विशेषज्ञ प्रतिभाग करेंगे। इस अवसर पर सस्थान के वाईस चेयरमैन सरदार इंद. रजीत सिंह ओबेराय, सरदार प्रबजी ओबेराय, महा निदेशक डॉ. पंकज चौधरी, सभी शिक्षक गण एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहेंगे।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना
खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैंडसअगेंज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
— HEALTH WITH CARE —
हैल्थ प्लस सिरप
खून की कमी, भूख ना लगना, विटामिन व हार्मोन्स की कमी, शारीरिक दुर्बलता, गर्भवती महिला, दूध का कम बनना, लीवर व पेट की समस्याओं में उपयोगी
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# केंटर ने बाइक सवार को रौंदा मौके पर मौत

**बेटै की हालत गंभीर परिवार में मचा कोहराम**



**शाह टाइम्स संवाददाता**
**मुजफ्फरनगर।** भोपा रोड पर डीसीएम की टक्कर से बाइक सवार पिता की मौत हो गई, जबकि बेटा गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद चालक डीसीएम लेकर भाग गया। पुलिस डीसीएण चालक का पता लगा लिया है। उसकी गिफ्तारी के लिए पुलिस प्रयास कर रही है।

नई मंडी कोतवाली प्रभारी दिनेश चंद बघेल ने बताया, भोपा थानाक्षेत्र के ककराला गांव निवासी 55 वर्षीय राजेंद्र 26 वर्षीय बेटे दीपक के साथ बाइक से शुक्रवार सुबह शामली जिले में कैराना थानाक्षेत्र के एक गांव में बेटी ममतेश से मिलने के लिए जा रहे थे। राजेंद्र कोल्हू में मजदूरी करते थे, जबकि उनका बेटा भी कोल्हू को गोदाम में मजदूरी करता है। उनकी बाइक जैसी ही भोपा रोड स्थित जट मुझेडघ गांव के पास पहुंची तभी डीसीएम ने बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में राजेंद्र की मौके पर मौत हो गई, जबकि दीपक गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद चालक डीसीएम लेकर भाग गया। जानकारी मिलते ही नई मंडी कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और घायल दीपक के स्थानीय लोगों की मदद से प्राइवेट वाहन से इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया और राजेंद्र के शव को पोस्टमार्टम हाउस भिजवाने के बाद स्वजन को घटना की जानकारी दी। राजेंद्र की मौत की खबर मिलते ही स्वजन ग्रामीणों के साथ पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे गए। नई मंडी कोतवाली प्रभारी ने बताया, घटना के समय दीपक बाइक चला रहा था और उसने हेलमेट नहीं पहन रखा था। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर डीसीएम की पहचान कर ली गई है। जल्द डीसीएम चालक को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। स्वजन की तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया जा रहा है।

## रेहड़ा-बाइक पलटने से पुत्र की मौत, पिता घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**तितावी।** थाना क्षेत्र के जागाहेडी टोल प्लाजा के पास अनियंत्रित रेहडाबाइक पलटने से पुत्र की मौत हो गई जबकि पिता घायल हो गया।

पुलिस ने घायल को बघरा स्थित सीएससी पर भर्ती कराया है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। गांव अलेवा थाना अलेवा जिला जिन्द (हरियाणा) निवासी धर्मवीर अपने 11 वर्षीय पुत्र कमल के साथ हरिद्वार से रहडाबाइक से अपने गांव वापस लौट रहे थे। जब उक्त लोग शुक्रवार प्रात: 9.20 बजे के लगभग तितावी थाना क्षेत्र के जागाहेडी टोल प्लाजा के पास पहुंचे तो अचानक अनियंत्रित होकर रहडाबाइक पलट गया।

जिससे धर्मवीर व उसका पुत्र कमल गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची तितावी पुलिस ने घायलों को बघरा स्थित सीएससी पर भर्ती कराया जहां चिकित्सों ने कमल को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया।

# मोरना चीनी मिल का होगा विस्तारीकरण: प्रमुख सचिव

**ाह टाइम्स संवाददाता**
**मोरना।** उत्तर प्रदेश गन्ना, चीनी उद्योग एवं आबकारी विभाग की प्रमुख सचिव वीना कुमारी मीणा ने भागवत पीठ शुकदेव आश्रम, शुकतीर्थ पहुंचकर तीर्थ के जीर्णोद्धारक शिक्षाऋषि स्वामी कल्याणदेव जी महाराज के समाधि मंदिर में वीतराग सन्त को अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की। तत्पश्चात जिलाधिकारी उमेश मिश्रा के साथ सिद्ध अक्षय वटवृक्ष के दर्शन और परिक्रमा कर शुकदेव मंदिर में पूजा अर्चना की। उन्होंने कहा कि वीतराग सन्त स्वामी कल्याणदेव जी महाराज ने भागवत उद्गम स्थली शुकतीर्थ धाम को विश्व के कल्याण का प्रमुख केंद्र बनाया, जहां पूरे भारत वर्ष ही नहीं अपितु विश्वभर से सनातन धर्मावलंबी पधारकर धर्म, पुण्य एवं भागवत श्रवण लाभ प्राप्त करते हैं। स्वामी कल्याणदेव संग्राहलय का अवलोकन कर प्रमुख सचिव ने पीठाधीश्वर स्वामी ओमानन्द महाराज से आशीर्वाद प्राप्त किया। स्वामी जी ने उन्हें शाल, शुकतीर्थ साहित्य, प्रसाद भेंटकर क्षेत्र के किसानों के हित की बात करते हुए उनसे शिक्षा ऋषि स्वामी कल्याणदेव जी महाराज के सद्प्रयासों से स्थापित स्थापित दि गंगा सहकारी चीनी मिल, मोरना के



विस्तारीकरण करने के लियघ निवेदन किया। इस पर प्रमुख सचिव ने कहा की इस ओर शासन स्तर पर कार्यवाही चल रही है और शीघ्र करवाने का आश्वासन भी दिया। इस अवसर पर जिला गन्ना अधिकारी संजय सिसोदिया, उप जिलाधिकारी मोनालिसा जौहरी, कथाव्यास अचल कृष्ण शास्त्री, नायाब तहसीलदार ब्रजेश सिंह, चौकी इंचार्ज रणबीर सिंह, आचार्य सुमन शास्त्री, दीपक मिश्रा, आचार्य अरुण, ठाकुर प्रसाद सिंह मौजूद रहे।

# मोरना ब्लॉक में राजमाता अहिल्याबाई होल्कर की जयंती पर हुआ कार्यक्रम

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**मोरना।** राजमाता अहिल्याबाई होल्कर के त्रिशताब्दी जयंती कार्यक्रम की श्रृंखला में मोरना ब्लॉक परिसर में कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि पूर्व विधायक अशोक कंसल, ब्लॉक प्रमुख अनिल राठी, भाजपा कार्यकत्री अंजु शर्मा, जिला पंचायत सदस्य तरूण पाल, मंडल अध्यक्ष संजय कोरी ने राजमाता अहिल्याबाई होल्कर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनको नमन किया। मुख्य अतिथि अशोक कंसल ने कहा कि अहिल्याबाई होल्कर ने समाज और राष्ट्र के लिए अविस्मरणीय योगदान किया है। उन्होंने धर्म एवं न्याय के लिए कार्य किया। उनका सामाजिक समरसता का सिद्धांत आज भी प्रासंगिक है। ब्लॉक प्रमुख अनिल



राठी ने कहा कि अहिल्याबाई होल्कर ने धर्म और समाज के अविस्मरणीय कार्य किए हैं, जिनके लिए देश उनका सदैव ऋणी रहेगा।

भाजपा कार्यकत्री अंजु शर्मा ने कहा कि पूरे देश में अहिल्याबाई होल्कर ने मन्दिरों के निर्माण का महत्वपूर्ण कार्य किया है। कार्यक्रम में राजमाता अहिल्याबाई होल्कर के जीवन से प्रेरणा लेने का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम में स्वयं सहायता समूह की सैकडों महिलाएं उपस्थित रही। कार्यक्रम की अध्यक्षता ब्लॉक प्रमुख अनिल राठी व संचालन आजादवीर ने किया। इस अवसर पर बीडीओ अक्सीर खान, एडीओ पंचायत योगेश्वरदत्त त्यागी, एडीओ सुरेन्द्र सिंह, योगेन्दु बाबू, मनोज वालिया, बाल विकास परियोजना अधिकारी मंजु देवी, असलम खान, घनश्याम, राजकुमार प्रधान, पीतम सिंह आदि मौजूद रहे।

# शुकतीर्थ पहुंची गन्ना प्रमुख सचिव ने किसानों से गन्ने के बारे में ली जानकारी

## चीनी मिल में अधिकारियों संग बैठक कर मिल के विस्तारीकरण पर की चर्चा

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**मोरन।** शुकतीर्थ पहुंची गन्ना व आबकारी प्रमुख सचिव वीना कुमारी मीना ने खेतों पर जाकर किसानों से गन्ने की बुवाई, प्रजाति, पैदावार व बीज आदि के विषय में विस्तार से जानकारी की।

इससे पूर्व उन्होंने चीनी मिल मोरना में अधिकारियों संग बैठक कर मिल के विस्तारीकरण के विषय में चर्चा की। वहीं शुकदेव आश्रम में पहुंचकर उन्होंने पूजा अर्चना कर स्वामी ओमानन्द से आशीर्वाद लिया। वीना कुमारी मीना प्रमुख सचिव गन्ना व आबकारी, डीएम उमेश मिश्र, उप गन्ना आयुक्त ओमप्रक.
ाश सिंह, जिला गन्ना अधिकारी संजय सिसौदिया, दि गंगा किसान सहकारी चीनी मिल के प्रधान प्रबंधक विजय प्रकाश पाण्डेय, मुख्य लेखाकार शलील खरे, वरिष्ठ गन्ना निरीक्षक



संजय सिंह के साथ गांव इलाहाबास के जंगल में टंच विधि से बोए गए गन्ने की बुवाई को देखने पहुंची तथा प्रगतिशील किसान ब्रजवीर सिंह राठी से गन्ने की बुवाई, प्रजाति, बीज, पैदावार आदि के विषय में विस्तार से जानकारी ली। इससे पूर्व उन्होंने दि गंगा सहकारी चीनी मिल मोरना में मिल के विस्तारीकरण को लेकर अधिकारियों के साथ चर्चा की तथा मिल की पेराई क्षमता के बारे में विस्तार से जाना। इसके बाद शुकदेव आश्रम पहुंची प्रमुख सचिव ने स्वामी कल्याणदेव जी महाराज के समाधि मंदिर में श्रद्धा सुमन अर्पित किए तथा अक्षय वट वृक्ष की परिक्रमा कर शुकदेव मंदिर में पूजा अर्चना की तथा स्वामी कल्याणदेव स्मृति गैलरी का अवलोकन किया।

शुकदेव आश्रम के पीठाधीश्वर स्वामी ओमानन्द महाराज ने प्रमुख सचिव को आशीर्वाद देते हुए शॉल ओढ़ाकर तथा शुकतीर्थ साहित्य व प्रसाद भेंट किया। वहीं रालोद मंडल अध्यक्ष प्रभात तोमर, विधानसभा अध्यक्ष डॉ। अमित ठाकरान, विदित मलिक, विकास सहरावत आदि ने चीनी मिल मोरना के विस्तारीकरण की मांग रखी।

# उधार की रकम वापस मांगने पर युवक से मारपीट

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**भोपा।** थानाक्षेत्र के गांव रहकडा निवासी युवक ने उधार के रूपये मांगने के विवाद में गांव के ही युवक पर तीन साथियों के साथ मिलकर उसके साथ मारपीट करने और बचाव में आई गर्भवती पत्नी के पेट में लात मारकर चोट पहुंचाने का आरोप लगाते हुए तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

भोपा थानाक्षेत्र के गांव रहकडा निवासी अजय ने थाने पर पहुंचकर बताया कि उसके गांव के ही युवक ने उससे एक हजार रूपये उधार लिए थे और पंद्रह दिन में लौटाने का वादा किया था। बार बार कहने पर भी आरोपी उसके रूपये नहीं लौटा रहा था। बीते गुरुवार की शाम वह आरोपी के घर अपने उक्त रूपये मांगने गया था जिससे नाराज होकर आरोपी ने उसके साथ अभद्र व्यवहार कर गाली-गलौच की।

जिसके बाद वह लौटकर अपने घर आ गया। आरोप है कि कुछ देर बाद आरोपी अपने साथ तीन अज्ञात लोगो को लेकर उसके घर के अन्दर घुस आया और चारो ने गाली गलौच करते हुए लात-मुक्को व बैल्टो से बुरी तरह उसके साथ मारपीट की। जब उसकी दो माह की गर्भवती पत्नी गुड्डन उसे बचाने आई तो आरोपियों ने उसके पेट में भी लात मार दी। जिससे उसके पेट में गुम चौट आई है। आरोपी ने फिर से मौका मिलने पर उसे भुगत लेने की धमकी दी है। पीडघ्ति ने अपनी जान-माल का खतरा बताते हुए कार्रवाई की मांग की है।

# अज्ञात चोरों ने धर्म कांटे का ताला तोड़कर चोरी की घटना को दिया अंजाम

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**भोपा।** क्षेत्र में चोरी की घटनाएं रुकने का नाम नहीं ले रही है चोर ने पांच धर्म कांटों को निशाना बनाते हुए चोरी की घटना को अंजाम देकर सनसनी फैला दी पीड़ितों ने पुलिस से कार्रवाई की मांग की है।

पुलिस घटना की जानकारी में जुटी है थाना व गांव भोपा निवासी हाजी गुड्डू ने जानकारी देते हुए बताया कि मुजफ्फरनगर मार्ग पर उसका रॉयल के नाम से धर्मकांटा है। बृहस्पतिवार की रात्रि चोर ने धर्मकांटे के कमरे का ताला तोड़कर गल्ले में रखी एक हजार रूपए की नकदी व अन्य सामान चोरी कर लिया। वहीं अज्ञात चोरों ने जहीर पाटोली, भूरा



रुडकली, बाबू नयागांव, शाह आलम रूडघ्काली आदि धर्मकांटो का भी ताला तोडघ्कर नगदी व अन्य कीमती सामान को चोरी कर लिया। चोरो ने घटना को अंजाम देकर सनसनी फैला दी पीडघ्तिों ने पुलिस से आरोपी चोरो के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस मामले की जांच पडघ्ताल में जुट गई है।



गर्मी में राहगीरों को शर्बत पिलाते हुए।

# नेता बन रहे पत्रकार: क्या पत्रकारिता के लिए खतरे की घंटी

**शाहटाइम्स सवांददाता**
**खतौली।** कुछ वर्षों में एक नई प्रवृत्ति देखने को मिल रही हैकृवह लोग जो कल तक राजनीति में सक्रिय थे, आज पत्रकारिता की दुनिया में कदम रख रहे हैं।

सवाल यह उठता है कि जो कल तक जनता की सेवा के नाम पर राजनीति में सक्रिय थे, वे अब पत्रकार बनकर आखिर क्या संदेश देना चाहते हैं?कई ऐसे उदाहरण सामने आए हैं जहां नेता, जो मीडिया के माध्यम से अपनी राजनीतिक छवि गढघ्ते थे, अब स्वयं कलम उठाकर पत्रकारिता करने का दावा कर रहे हैं। ऐसे में यह चिंता का विषय बन गया है कि क्या यह पत्रकारिता की निष्पक्षता और स्वतंत्रता पर प्रश्नचिह्न नहीं है? मीडिया विशेषज्ञों का मानना है कि जिन लोगों ने पत्रकारिता का औपचारिक प्रशिक्षण नहीं लिया, जिनकी प्राथमिक पहचान एक राजनीतिक व्यक्ति की रही हो, उनका पत्रकारिता में प्रवेश करना न केवल मीडिया की साख को ठेस पहुंचा सकता है, बल्कि जनहित के मुद्दों को भी राजनीतिक चश्मे से देखने की प्रवृत्ति को बढघवा दे सकता है। सरकार की ओर से फर्जी मीडिया कर्मियों पर कार्रवाई तो की जा रही है, लेकिन नेताओं का पत्रकार बनना एक ऐसा पहलू है जिस पर फिलहाल नकेल कसना मुश्किल दिखता है। यदि यही स्थिति बनी रही, तो पत्रका.
रिता का भविष्य अंधकारमय हो सकता है। विशेषज्ञों की मांग है कि पत्रकारिता में प्रवेश के लिए न्यूनतम योग्यता, आचार संहिता और स्वतंत्रता को सुनिश्चित करने के लिए सख्त कानून बनाए जाएं ताकि मीडिया की निष्पक्षता बनी रहे और लोकतंत्र का चौथा स्तंभ अपने मूल्यों पर कायम रह सके। इसका जीता जागता उदाहरण खतौली में एक नेता द्वारा किया गया मीडिया सम्मान कार्यक्रम है।

### पत्रकारिता की आड़ में नेताओं की कहीं कोई गलत मंशा तो नहीं

**हाल के** दिनों में राजनीति छोडघ्कर पत्रकारिता का रुख करने वाले नेताओं की बढघ्ती संख्या ने एक नई बहस को जन्म दे दिया है। क्या यह केवल करियर बदलने की इच्छा है या इसके पीछे कोई गहरी साजिश और गलत मंशा छिपी है? यह सवाल अब मीडिया और समाज दोनों के बीच गूंजने लगा है। जो लोग कल तक मीडिया के सामने खडघ्े होकर अपने लिए कवरेज की गुहार लगाते थे, वे आज खुद कैमरा, माइक और कलम लेकर पत्रकार बन बैठे हैं। सवाल उठता हैकृऐसे लोगों का उद्देश्य क्या है? क्या वे सच में पत्रकारिता के मूल्यों और सिद्धांतों को समझते हैं या फिर वे मीडिया की ताकत का इस्तेमाल अपने निजी और राजनीतिक हित साधने के लिए करना चाहते हैं? माना जा रहा है कि कुछ नेता पत्रकारिता की आडघ में अपनी छवि सुधारने, विरोधियों को निशाना बनाने और सिस्टम में दखल देने की नीयत से मीडिया में प्रवेश कर रहे हैं। अगर समय रहते ऐसे लोगों की मंशा की जांच नहीं की गई तो यह पत्रकारिता के लिए गंभीर खतरा बन सकता है। विशेषज्ञों और वरिष्ठ पत्रकारों की मांग है कि राजनीति से पत्रकारिता में आने वालों की विस्तृत जांच होनी चाहिए।

# अहिल्याबाई होलकर त्रिशताब्दी सम्मान समारोह का शुभारंभ

**एक माह तक चलेंगे कार्यक्रम**

**शाहटाइम्स सवांददाता**
**खतौली।** नगर में पालिका प्रांगण में शुक्रवार को महान समाज सुधारिका व आदर्श शासिका देवी अहिल्याबाई होलकर की 300वीं जयंती के उपलक्ष्य में त्रिशताब्दी सम्मान समारोह का भव्य शुभारंभ किया गया। नगर पालिका परिषद खतौली में आयोजित गोष्ठि के माध्यम से कार्यक्रम की शुरुआत की गई। शासन के निर्देश पर यह आयोजन आगामी एक माह तक नगर व देहात क्षेत्रों में विविध कार्यक्रमों के रूप में मनाया जाएगा। गोष्ठि में भाजपा जिलाध्यक्ष सुधीर सैनी, दिनेश सिंगल पूर्व जिलाध्यक्ष गाजियाबाद, पारुल मित्तल सभासद




मुजफ्फरनगर, मोहन पायल वरिष्ठ नेता, संचालन सविंदर बालियान, पंकज राजपूत, मंडल अध्यक्ष प्रवीण ठकराल, ऋषिपाल भाटी, श्याम रहेजा, अनुज सहरावत, कुशांक अरा.
ेरा, अमित त्यागी सभासद तथा अधिशासी अधिकारी राजीव कुमार, स्वास्थ्य अधिकारी नेपाल सिंह, जेई सुरेंद्र पाल सिंह, मौजूद रहे।

इस अवसर पर वक्ताओं ने अहिल्याबाई होलकर के त्याग, सेवा, न्यायप्रियता एवं जनकल्याणकारी कार्यों पर प्रकाश डालते हुए उन्हें नारी सशक्तिकरण का प्रतीक बताया। जिलाध्यक्ष सुधीर सैनी ने बताया कि आगामी एक माह तक चलने वाले इस कार्यक्रम के अंतर्गत नगर व ग्रामीण क्षेत्रों में संगोष्ठियां, स्वच्छता अभियान, सांस्कृतिक कार्यक्रम, निबंध व चित्रकला प्रतियोगिताएं, महिला जागरूकता रैलियां आदि आयोजित की जाएंगी। समारोह में बडघी संख्या में नगरवासी, जनप्रति.
निधि और पालिका कर्मचारी मौजूद रहे। कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए पालिका प्रशासन ने व्यापक तैयारियां की थी। आयोजकों ने लोगों से अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने की अपील की।

# गौ हत्यारों पर लगी गैंगस्टर

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**मुजफ्फरनगर।** गो-हत्यारों के एक बडे गिरोह पर पुलिस ने गैंग्सटर की मुकदमा दर्ज किया है। इसमें गैंग लीडर मंसाद भी शामिल है। एक गैंग्सटर को पुलिस ने गिरफ्तार किया है, जबकि एक फरार है। बाकी गैंग्सटर वर्तमान में जेल में है।

इनमें गैंग लीडर भी शामिल है। इस गिरोह ने शामली लेकर मुजफ्फरनगर जिले में गो-हत्या की कई वारदातें कर रखी है। पुलिस लगातार गिरोह बनाकर जरायम की दुनिया में अपराध करने वाले बदमाशों पर लगातार कार्रवाई कर रही है। इन्ही गिरोह में शामिल मंसाद उर्फ सोनू का गिरोह है, जो गो-हत्याओं की घटनाओं को लगातार अंजान देकर दो जिलों के सांप्रदायिक सौहार्द को लगातार बिगाडघ रहा है।

पिछले दिनों खालापार थाना पुलिस की इस गिरोह से मुठभेडघ हुई और गैंग लीडर मंसाद उर्फ सोनू समेत दस गो-हत्यारों को जेल भेज था। एसपी सिटी सत्यनारायण प्रजापत ने इस गिरोह में शामिल सभी 12 बदमाशों पर गैंग्सटर की कार्रवाई के आदेश खालापार थाना पुलिस को दिए थे। खालापार थाना प्रभारी महावीर सिंह चौहान ने बताया, गिरोह में शामिल सात बदमाशों पर पुलिस पूर्व में गैंग्स्टर की कार्रवाई कर चुकी है। अब गैंग लीडर मंसाद उर्फ सोनू, शादाब उर्फ चिडा, रिजवान उर्फ रिज्जू निवासीगण लीकडा पट्टी सुजडू थाना खालापार, विसार निवासी मोहल्ला सरवट सैफी कालोना थाना सिविल लाइंस व इकरार उर्फ कालिया कुरैशी उमर निवासी गहराबाग मोहल्ला खालापार के खिलाफ गैग्सटर को मुकदमा दर्ज किया गया है।

इनमें से रिजवान उर्फ रिज्जू को गुरुवार रात चेकिंग के दौरान एसआइ गनेश शर्मा, वहलना चौकी प्रभारी विकास सिंघल, हेड कांस्टेबल निखिल तेवतिया, विना.
ेद कुमार, अरविंद कुमार व कांस्टेबल सौरभ गौर ने लीकड पट्टी मोहल्ले से गिरफ्तार कर लिया, जबकि विसार अभी फरार है। बाकी सभी आरोपित जेल में बंद है। मुकदमा खुद खालापार थाना प्रभारी ने दर्ज कराया है। उन्होंने बताया, विसार को भी जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा।




मुजफ्फरनगर। भारत विकास परिषद 'मेन' के कार्यक्रम का दृश्य।

# छात्रा पर फायरिंग का आरोपी हुआ गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**मुजफ्फरनगर।** मारपीट के दौरान छात्र पर हत्या के इरादे से दो राउंड फायरिंग करने वाले मुख्य आरोपित युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। बाकी अन्य आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस दबिश दे रही है। बता दें कि 19 मई को सिविल लाइंस थानाक्षेत्र के रेशू विहार चौक पर छात्रों के दो गुटों में मारपीट की घटना हुई थी, जिस में छात्रों के एक गुट ने एक छात्र की घेर कर जमकर पिटाई की थी और हत्या के इरादे से उस पर दो राउंड फायरिंग भी थी। संयोग के पीडघ्ति छात्र बच गया था और उसनें रेशू विहार के मालिक के घर में भाग कर जान बचाई थी। इसका मुकदमा राम कालेज के घायल छात्र हिमांशु बालियान निवासी मुकंदरपुर गांव थाना तितावी ने सिविल लाइंस थाने में लच्छेडघ गांव निवासी शैंकी, सिमली गांव निवासी नितिन, रक्षित व गौरव को नामजद करते हुए कई अज्ञात युवकों के खिलाफ दर्ज कराया था।

घटना के दौरान शैंकी ने फायरिंग की थी। सिविल लाइंस थाना प्रभारी आशुतोष कुमार सिंह ने बताया, छात्र पर फायरिंग करने के मुख्या आरोपित शैंकी को गिरफ्तार कर लिया गया है। इस मामले में दो आरोपित युवकों को पूर्व में जेल भेजा जा चुका है। अभी कई आरोपित फरार है, जिनकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस की टीम दबिश दे रही है। जल्द बाकी आरोपित भी पुलिस की गिरफ्त में होंगे।

# 4 दिनों में 5 गांवों में हुई 50 ट्यूबवैलों पर चोरी

**■ ग्रामीणों ने सीओ को सौंपा ज्ञापन, खुलासे की मांग**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** अज्ञात चोरों ने मात्र 04 दिनों के भीतर ही 05 गांवों के जंगलों में स्थित लगभग 50 टड्ूबवैलों पर नकब लगाकर चोरी की घटनाओं को अंजाम देते हुए अन्य किसानों में भय पैदा करके रख दिया है।

इन सभी जगहों पर लाखों रुपये की संपत्ति का नुक्सान बताया गया है लेकिन पुलिस सिर्फ खानापूर्ति कर रही है तभी तो चोरों के हौंसले बुलंद हैं और वे बैखोफ होकर एक एक करके चोरी की घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं। यहां पर बुढाना पुलिस की गश्त पर भी सवालिया निशान लग गया है। मिली जानकारी के अनुसार आज शुक्रवार की अल सुबह बुढ़ाना कोतवाली की परासौली पुलिस चौकी क्षेत्र के गांव राजपुर, छाजपुर, बिराल, हरियाखेड़ा और दुर्गनपुर के काफी किसान बुढ़ाना सीओ गजेंद्र पाल सिंह से मिले और एक तहरीर देते हुए बताया कि हम सभी की ख्रषि भूमि मे टड्ूबवैलें लगी हुई हैं। अज्ञात चोरो ने उनकी टड्ूबवैलों को फाडकर सामान चोरी कर लिया है तथा पिछले चार दिनों मे अज्ञात चोरो ने ग्राम राजपुर-छाजपुर, बिराल, हरियाखेडा व दुर्गनपुर मे लगभग 50 टड्ूबवैलों का सामान चोरी कर लिया है। जिस कारण उक्त ग्रामों के किसान तंग व परेशान हैं। जिससे उनको भारी नुकसान उठाना पड रहा है। अब से करीब दो माह पूर्व भी ग्राम राजपुर-छाजपुर में इसी तरह टड्ूबवैलों को फाडकर उनका सामान चोरी कर लिया था। जिसकी तहरीर उन्होंने परासौली चौकी मे दी थी लेकिन उस पर कोई भी कार्यवाही नही की गयी थी। जिस कारण चोरों के हौसले बुलंद हैं। अज्ञात चोर चोरी करने से नही डर रहे हैं क्योकि पुलिस अज्ञात चोरो के खिलाफ कोई कानूनी कार्यवाही नही कर रही है। ग्रामीणों ने सीओ से सभी घटनाओं की रिपोर्ट दर्ज कर अज्ञात चोरों की धरपकड़ की मांग की है। जिन किसानों की टड्ूबवेलों पर चोरी हुई है उनमें मुख्य रुप से लेखराज पुत्र कबूल, बीर सिंह पुत्र मैनपाल, अमित सिह पुत्र मदन सिंह, विजयपाल पुत्र प्रकाशचंद, मांगा पुत्र आत्माराम, अनिल पुत्र राजपाल, सोना पत्नी ब्रजपाल, शीशपाल सिंह पुत्र पूरण सिंह, राकेश शर्मा पुत्र लक्ष्मण स्वरूप, कंवरपाल पुत्र महावीर और राजकुमार पुत्र वान सिंह आदि किसान हैं। सीओ ने सभी ग्रामीणों को चोरों को पकडने का आश्वासन दिया है।

# महापुरुष वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की मूर्ति लगाने को लेकर कपिल देव को दिया ज्ञापन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** महाराणा प्रताप संघर्ष समिति के साथ अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा एवं युवा क्षत्रिय राजपूत महासभा के तत्वाधान में आज राजपूत समाज के प्रमुख लोगों ने उत्तर प्रदेश सरकार के स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री कपिल देव अग्रवाल जी से उनके आवास पर मुलाकात की स वरिष्ठ भाजपा नेता ठाकुर सुभाष चौहान ने कहा की।

वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप ने अपना संपूर्ण जीवन भारत माता की रक्षा के लिए विदेशी आक्रांताओं से लड़ते हुए मातृभूमि के लिए न्योछावर कर दिया स मुजफ्फरनगर जनपद के द्वारा एक प्रमुख चौराहे का नामकरण महापुरुष वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप के नाम पर करके उनकी मूर्ति स्थापित की जाए, ऐसा करके उनके लिए एक सच्चा सम्मान होगा इस अवसर पर सुभाष चौहान प्रमोद पुंडीर अमित पुंडीर महेश चौहान अशोक एडवोकेट शैलेंद्र एडवोकेट अमरीश एडवोकेट डॉ राजेश सिंह सोंम विनोद फौजी प्रधान रोहिणी राम अवतार सिंह प्रधान नगला पिथौरा बृजपाल सिंह प्रधान दूधली दिवाकर सोलंकी दिव्या प्रताप सोलंकी अरुण प्रताप सिंह नीरज सोलंकी नीरज एडवोकेट दीपक सोलंकी शिवकुमार सोलंकी पंकज राणा अनिरु) सिंह पुंडीर संजय पुंडीर विशाल पुंडीर सुमित पुंडीर टॉप सिंह राणा हर्षित पुंडीर संदीप चौहान राजकुमार सोलंकी चौहान मैनपाल चौहान बलराम पूर्व प्रधान लखन विजय प्रताप सिंह दिलबाग सिंह मनोज पुंडीर कुलदीप एडवोकेट सिद्धार्थ पुंडीर आदि राजपूत समाज के लोग उपस्थित रहे।।

# मास्टर योग प्रशिक्षण कार्यक्रम का किया आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** 11 वें अंतराष्ट्रीय योग दिवस के लिए प्रमुख सचिव आयुष महोदय के निर्देशों के अनुपालन मे योग दिवस के सफल आयोजन के लिए क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी जनपद मुजफ्फरनगर डॉक्टर इसमपाल जी के निर्देशानुसार नोडल अधिकारी डॉक्टर रिम्पल चौधरी व सह नोडल अनुज कुमार त्यागी व योगेश कुमार के द्वारा जनपद मुजफ्फरनगर के सभी योग प्रशिक्षको व योग सहायकों के लिए मास्टर योग प्रशिक्षण कार्यक्रम 2025 का आयोजन रामलीला ग्राउंड पटेल नगर मुजफ्फरनगर में कराया गया। मास्टर योग प्रशिक्षण योगेश कुमार योग प्रशिक्षक योग वैलनेस सेंटर माखियली के द्वारा संपन्न कराया गया। मास्टर योग प्रशिक्षण कार्यक्रम मे कुल 27 योगप्रशिक्षको व योग सहायको ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम में जिला कार्यक्रम प्रबंधक महोदय अयूब उपस्थित रहे।

# खतौली में तिरंगे का अपमान, घर-घर तिरंगा अभियान के बाद उपेक्षित राष्ट्रीय ध्वज

**■ स्थानीय प्रशासन मौन, नागरिकों में आक्रोश**

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** जहां एक ओर 'हर घर तिरंगा' जैसे राष्ट्रभक्ति से ओतप्रोत अभियानों के माध्यम से देशवासियों को राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान और जागरूकता का संदेश दिया गया, वहीं खतौली नगर में इस अभियान के बाद तिरंगे का अपमान देखने को मिल रहा है।

नगर के कई जगहों पर घरों की छतों पर राष्ट्रीय ध्वज फटे, धूल-धूसरित और उपेक्षित अवस्था में लहराते देखे जा रहे हैं। कुछ ध्वज तो इस कदर खराब स्थिति में हैं कि उन्हें पहचान पाना भी मुश्किल हो रहा है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि अभियान के दौरान लोगों ने उत्साह में झंडे तो लगाए, लेकिन अब उन्हें संभालने और सम्मानपूर्वक हटाने की जिम्मेदारी किसी ने नहीं ली। इससे न सिर्फ राष्ट्रध्वज का अपमान हो रहा है, बल्कि देशभक्ति की भावना को भी ठेस पहुंच रही है। इस पूरे मामले में स्थानीय प्रशासन की चुप्पी और निष्क्रियता भी सवालों के घेरे में है। प्रशासन की ओर से अब तक न कोई निर्देश जारी किए गए हैं, न ही किसी प्रकार की कार्रवाई हुई है। नगर के सामाजिक कार्यकर्ताओं और जागरूक नागरिकों ने मांग की है कि प्रशासन तुरंत संज्ञान ले, फटे हुए झंडों को सम्मानपूर्वक हटाया जाए और नागरिकों को राष्ट्रध्वज संहिता के तहत उचित जानकारी देकर जागरूक किया जाए। यदि समय रहते कार्रवाई नहीं की गई, तो यह राष्ट्रीय गौरव के प्रतीक तिरंगे का लगातार होता अपमान बनकर रह जाएगा, जिससे नागरिकों की भावना आहत होती रहेगी।



## एक नजर

### व्यक्ति ने भाजपा नेता को थप्पड़ जड़ा

**मुजफ्फरनगर।** सिविल लाइन थाने में एक सिविल ड्रेसधारी व्यक्ति द्वारा एक भाजपा नेता को थप्पड़ मारे जाने का मामला सामने आया है। पीड़ित सभासद आनंदपुरी निवासी अमित पाल है जिनके साथ हुई इस अभद्रता को लेकर शुक्रवार को कई सभासदों ने राज्य मंत्री कपिल देव अग्रवाल से मुलाकात की और आरोपी पर कार्रवाई की मांग की। जानकारी के अनुसार, मोहल्ला आनंदपुरी निवासी सभासद अमित पाल गुरुवार की रात किसी आपसी समझौते के सिलसिले में सिविल लाइन थाने पहुंचे थे। थाने में मौजूद सिविल ड्रेसधारी व्यक्ति ने उनसे पूछा, 'तू नेता है क्या?' जब अमित पाल ने खुद को भाजपा से चुना गया सभासद बताया, तो उक्त व्यक्ति ने सार्वजनिक रूप से उन्हें थप्पड़ मार दिया और कहा, हतेरी नेतागिरी दो मिनट में निकाल दूंगा। इसके बाद उन्हें थाने से बाहर निकाल दिया गया। इस घटना से आहत अमित पाल ने कहा कि हमला करने वाला व्यक्ति सिविल ड्रेस में था।

### अविद्युतीकृत कालोनियों में विद्युत तंत्र स्थापित करने से संबंधित योजना शुरू

**बुढ़ाना।** नगरों के बाहरी इलाकों में स्थित अविकसितध अविध्युतीकृत कालोनियों में विद्युत तंत्र स्थापित कर उपभोक्ताओं को विद्युत संयोजन निर्गत करने हेतु पूर्व में विभाग द्वारा रुपये 35 प्रति वर्ग फुट प्लॉट क्षेत्रफल के आधार पर धनराशि जमा कराकर विद्युत तंत्र निर्माण कर संयोजन निर्गत करने की योजना यूपी पावर कारपोरेशन ने बीते 29 जून के माध्यम से लागू की थी। इस योजना में उपभोक्ताओं को आ रही समस्याओं के ख्रष्टिगत यूपी पावर द्वारा प्रेषित योजना के सरलीकरण के प्रस्ताव के क्रम में बीती 27 फरवरी को विद्युत नियामक आयोग यूपी द्वारा सरलीकृत योजना का अनुमोदन प्रदान किया गया। इस सरलीख्रत योजना के आधार पर नगर के बाहरी इलाकों में उपभोक्ताओं को अविकसित अविद्युतीकृत कालोनियों में संयोजन निर्गत करने हेतु निम्नलिखित व्यवस्था अपनाई जाए। ऐसी चिन्हित कालोनियों के निवासियों प्लॉट मालिकों द्वारा कनेक्शन के आवेदन करने पर निम्नानुसार धनराशि जमा की जाए। कासट डाटा बुक के अनुसार संयोजन राशि प्रोसेसिंग फीस, सिक्योरिटी, विद्युत मीटर, 40 मीटर आरमर्ड सर्विस केबिल के सापेक्ष धनराशि एवं लेबर ओवरहेड चार्जेज जिस प्लॉट मकान सम्पत्ति पर कनेक्शन के लिए आवेदन किया गया है उसकी रजिस्ट्री के अनुसार प्लॉट के क्षेत्रफल के आधार पर रुपये 70 प्रति वर्ग फीट की दर या नयी लागू दर बिन्दु संख्या 21 के अनुसार ये राशि विद्युत तंत्र निर्माण की धनराशि के सापेक्ष होगी। तंत्र निर्माण की धनराशि कालोनी के किसी भी प्लॉट भवन सम्पत्ति में दिए जाने वाले पहले संयोजन के लिए व एक बार जमा कराई जाएगी। उसी प्लॉट भवन सम्पत्ति पर एक से अधिक संयोजन लेने या लोड बढ़वाने के लिए तंत्र निर्माण की धनराशि पुनः जमा नहीं कराई जाएगी किन्तु कास्ट डाटा बुक के अनुसार अन्य आवश्यक धनराशि जमा करायी जायेगी। तंत्र निर्माण की राशि उक्त चिन्हित कालौनी के प्रत्येक प्लॉट मकान सम्पत्ति मालिक आवेदनकर्ता से जमा करायी जायेगी भले ही वहां पर पूर्व आवेदनों के क्रम में विभागीय व्यय पर विद्युतीकरण हो गया हो।

### हिन्दी पत्रकारिता दिवस पर जुटे कलमकार, निष्पक्ष व सत्यनिष्ठा का लिया प्रण

**मुजफ्फरनगर।** जर्नलिस्ट्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया के द्वारा शुक्रवार को जानसठ रोड स्थित एक बैंकट हॉल में राष्ट्रीय हिंदी पत्रकारिता दिवस पर एक गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें वरिष्ठ और युवा पत्रकारों को उनके संघर्ष और अभूतपूर्व एवं सराहनीय कार्य के लिए सम्मानित किया गया। पत्रकारिता दिवस पर आयोजित गोष्ठी में मुख्य अतिथि पैरा वॉलीबाल एसोसिएशन ऑफ इंडिया के चेयरमैन राघव अग्रवाल, विशिष्ट अतिथि डिस्कवरी चौनल के निदेशक फोटोग्राफी जीशान हैदर, अपर जिलाधिकारी प्रशासन संजय कुमार सिंह, मंडलीय सूचना अधिकारी, समाजसेवी देवरांज पंवार, संजय मिश्रा संरक्षक, विजय प्रताप सिंह ने मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इकार्यक्रम में मैजिक डांस एकेडमी गांधी कालोनी के बच्चों ने सांस्कृतिक प्रस्तुति देकर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस दौरान एसोसिएशन की ओर से अतिथियों और पत्रकारों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। वरिष्ठ पत्रकार गोविंद वर्मा, देवराज पवार, संरक्षक संजय मिश्रा, एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजीव मोहन गोयल, राष्ट्रीय महासचिव काजी अमजद अली, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अनुज अग्रवाल, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष शरद शर्मा, प्रदेश अध्यक्ष शिवम जैन, प्रदेश प्रधान महासचिव अमित सैनी, प्रदेश उपाध्यक्ष आलोक गुप्ता, प्रदेश संगठन मंत्री राकेश गुप्ता, प्रदेश महासचिव अमजद रजा, जिलाध्यक्ष डॉ. धर्मेंद्र सिंह, जिला महासचिव नैय्यर अब्बास, कार्यालय प्रभारी रचित गोयल, नीतीश मलिक, नीरज कुमार, शक्ति सिंह, जिलाध्यक्ष बिजनौर वी.पी सिंह, संरक्षक संजय मिश्रा, विजय प्रताप सिंह समाज सेवी, सचिन गुप्ता, जुगनू शर्मा, दिलशाद मलिक, धर्मेंद्र सिंह, धर्मेंद्र कुमार, मेहराब खान, सुरेश धीमन, अरविंद कुमार, खुशबू सहित सैंकड़ों पत्रकार मौजूद रहे।

# जैन धर्म के 15वें तीर्थकर का मोक्ष कल्याणक मनाया



**शाहटाइम्स सवांददाता,**

**खतौली।** चन्द्रप्रभ दिगम्बर जैन मंदिर पीसनोपाडा खतौली में श्रुतपंचमी के उत्सव के फलस्वरूप त्रिदिवसीय विधान दूसरे दिन षट्खंडागम पूजन की गई जिसमें सभी ने जिनवाणी के रहस्य को समझा और शास्त्रों की कथन पद्धति चार भागों में विभाजित है इसका ज्ञान किया आज जैन धर्म के 15वें तीर्थकर का मोक्ष कल्याणक भी मनाया गया विधान के पश्चात सभी के लिए शुद्ध भोजन की व्यवस्था राहुल जैन पैकर्स नागर कालोनी परिवार द्वारा की गई।

जैन संस्कृति एवम नैतिक संस्कार के षष्टम दिन अखिल भारतीय जैन युवा फेडरेशन खतौली व संयुक्त तत्वावधान उत्तर प्रदेश जैन विद्या शोध संस्थान उत्तर प्रदेश सरकार के सान्निध्य में आयोजित शिविर में आज 150 प्रौढ़ वर्ग के शिविरार्थियों एवम 250 बाल शिविर के शिविरार्थियों ने परीक्षा दी हैं।

शाम को फेडरेशन का स्वर्ण जयंती महोत्सव मनाया गया जिसमें सभी जैन ध्वज के साथ शोभायात्रा के रूप में अम्बर पैलेस पहुंचे जहां टीकमगढ़ इंदौर ,सहारनपुर,दिल्ली,सरधना मेरठ से पधारे साधर्मियों का स्वागत किया गया तथा फेडरेशन के संस्थापक सदस्य हितेश चंद जैन सराफ का सम्मान किया गया।इसके बाद जयपुर से पधारे डॉ एस पी भरिल्ल का इन भावों का फल क्या होगा पर प्रभावी मोटिवेशनल कार्यक्रम हुआ कार्यक्रम में अजित प्रसाद दिल्ली, नीरज, अरविंद, सुनील, मनीष जैन दिल्ली सुशील जैन जैन मंडी, राहुल जैन, सुशील जैन सिल्लो, हितेश जैन मनोज आढ़ती मदन जैन निशांत जैन, विनय जैन, नित्यम जैन सार्थक जैन शुभम जैन आगम जैन सम्यक जैन, अंकित अशोक संजय जय भगवान ,सुनील ठेकेदार, हरिश्चंद्र जैन कुलदीप, रजनी, शैलबाला, रीतू सोनम विदुषी शिल्पी, संगीता,अंजू,अंजलि मृदुला जैन अलका जैन रेखा जैन आदि सैंकड़ो की संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# अहिल्याबाई दबे-कुचलों के लिए आदर्श शासक थी: चौधरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** शुक्रवार को बुढाना नगर पंचायत के सभागार में पुण्यश्लोक राजमाता अहिल्याबाई होल्कर की 300 वीं जयंती पर त्रि-शताब्दी स्मृति अभियान के तहत नगर पंचायत सम्मेलन का सफल आयोजन किया गया। जिसमें चीफ गेस्ट भाजपा की वरिष्ठ नेत्री अंजलि चौधरी ने कहा कि अहिल्याबाई समाज के दबे-कुचले लोगों के लिए एक आदर्श शासक थी।

अति विशिष्ट अतिथि पूर्व विधायक उमेश मलिक ने यहां पर केंद्र व राज्य सरकार के विकास कार्यो की विस्तारपूर्वक चर्चा की। विशिष्ट अतिथिगण सहकारी बैंकों के सभापति ठाकुर रामनाथ सिंह और कश्यप समाज की खाप के चौधरी डाक्टर सोनू कश्यप ने कहा कि अहिल्याबाई होल्कर महान शासक और मराठा साम्राज्य की एक प्रमुख शासक महिला थी। समाज व ख्रषि सुधार, जल प्रबंधन, पर्यावरण रक्षा, जन कल्याण व शिक्षा के प्रति समर्पित होने के साथ अहिल्याबाई होल्कर का शासन न्याय प्रेमी था। कार्यक्रम संयोजक पूर्व सभासद मुकेश शर्मा और भाजपा मंडल अध्यक्ष मोनू कुरथल संयुक्त रूप से रहे। यहां नगर पंचायत बुढाना के ईओ आलोक रंजन, डाक्टर विशाल कुमार, सभासद अजय संगल, पूर्व सभासद इकबाल कुरैशी, रामनरेश, कुलदीप बागड़ी समेत आदि गणमान्य लोग मौजूद थे। यहां पर डाक्टर सोनू कश्यप ने पूर्व विधायक उमेश मलिक को बुके भेंट की।

# एम.जी. पब्लिक स्कूल में भारतीय भाषा समर कैंप का समापन



**शाह टाइम्स संवददताा**

**मुजफ्फरनगर।** एम।जी। पब्लिक स्कूल में सीबीएसई के मार्गदर्शन में आयोजित किए जा रहे भारतीय भाषा समर कैंप-2025 का शुक्रवार को देश की विविध भाषाई संस्कृति के ज्ञान, उत्साह से परिपूर्ण सांस्कृतिक कार्यक्रम और गुरू गोविंद सिंह के चार साहिबजादों की शहीदी के भावपूर्ण प्रस्तुति के साथ समापन हो गया। एम। जी।

पब्लिक स्कूल की प्रधानाचार्या मती मोनिका गर्ग ने बताया कि सीबीएसई के द्वारा इस साल ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान बच्चों को भारत की विविध भाषा ज्ञान और देश की अनेकता में एकता को प्रदर्शित करती क्षेत्रीय संस्कृतियों, इतिहास और परम्पराओं के साथ ही विभिन्न लोककलाओं के प्रति जागरुक करने के लिए भारतीय भाषा समर कैंप कार्यक्रम का आयोजन कराया गया है। इसी कड़ी में विद्यालय में आयोजित यह विशेष समर कैंप आयोजित किया गया। इसमें 120 बच्चों ने प्रतिभाग करते हुए देश की विभिन्न सांस्कृतिक, ऐतिहासिक, भौगोलिक और भाषाई सभ्यता तथा परम्पराओं का ज्ञानार्जन किया। प्रधानाचार्या मती मोनिका गर्ग ने बताया कि शुक्रवार को विद्यालय प्रांगण में चल रहे भारतीय भाषा समर कैंप-2025 को विधिवत समापन हुआ। इस दौरान बच्चों ने मंचीय प्रस्तुतियों से इसे एक जीवंतता प्रदान की। यहां बच्चों ने पंजाबी भंगड़ा सहित देश के विभिन्न नृत्य संस्कृति का उत्साहपूर्वक प्रदर्शन करने के साथ ही भारतीय भाषाओं में भावपूर्ण अभिव्यक्तियों को प्रदर्शित कर अपनी सीखने की कला को साबित किया। भारतीय सांस्कृतिक विविधताओं को प्रदर्शित करती रंगारंग प्रस्तुतियों के साथ इस समर कैंप का समापन हुआ। इसमें सरबंसदानी गुरू गोविंद सिंह के चार साहिबजादों की शहीदी का भावपूर्ण प्रस्तुति यादगार रही।

# प्राइमरी विंग शिशु वाटिका में आयोजित दस दिवसीय समर कैंप का हुआ समापन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** लाला जगदीश प्रसाद सरस्वती विद्या मंदिर की प्राइमरी विंग शिशु वाटिका में दस दिवसीय समर कैंप में बच्चों ने खेल-खेल में ज्ञान अर्जित करने के साथ-साथ विभिन्न शरीरिक व मानसिक क्रियाकलापों से सम्बन्धित प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

प्रधानाचार्य डॉ अखिलेश कुमार शर्मा ने बताया कि प्राइमरी विंग शिशु वाटिका में बच्चों के सर्वांगीण विकास एवं रचनात्मक कौशल को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 20 मई से 30 मई तक समर कैंप का आयोजन किया गया। शुक्रवार को समर कैंप का समापन हुआ। प्रधानाचार्य डॉ अखिलेश कुमार शर्मा ने बताया कि समर कैंप में बच्चों को अबेकस, जुम्बा नृत्य एवं संगीत, योगा, आर्ट एंड क्राफ्ट, कैलीग्राफी, वैदिक मंत्र, अंग्रेजी संचार कौशल, थंब पेंटिंग, गेम्स एक्टिविटी आदि की बारीकीयां को सीखने का अवसर मिला।

बच्चों ने सभी एक्टिविटी में बड़े जोश के साथ प्रतिभाग कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। विद्यालय की ओर से प्रतिदिन बच्चों के लिए अलग-अलग स्नेक्स की भी व्यवस्था की गई। समर कैंप के समापन के अवसर पर प्रबंध समिति अध्यक्ष ललित महेश्वरी, प्रबंधक देवेंद्र कुमार गर्ग, विद्यालय प्रधानाचार्य डॉ अखिलेश कुमार शर्मा के अतिरिक्त प्राइमरी विंग शिशु वाटिका की पूनम शर्मा, मानसी, शोभना, गोदावरी, कविता, तनु, मुस्कान तथा एकांश आदि शिक्षकगण उपस्थित रहे।

# प्रधान को साफ-सफाई के संबंध में भेजा पत्र

**शहा टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** इंजिनियर मौहम्मद अरशद ने बुढ़ाना ब्लाक की ग्राम पंचायत खिजरपुर मदीनपुर के ग्राम प्रधान को ग्राम में सफाई, पानी निकासी एवं पेयजल व्यवस्था को दुरुस्त कराने के संबंध में एक पत्र सौंपा है। जिसमें कहा गया है कि मैं खिजरपुर मदीनपुर का निवासी हूं।

हमारे ग्राम में पिछले कुछ समय से सफाई व्यवस्था, पानी निकासी तथा पेयजल की व्यवस्था अत्यंत दयनीय स्थिति में है। नालियों की सफाई समय पर नहीं हो रही है। जिससे जल भराव की समस्या उत्पन्न हो रही है और साथ ही कई जगहों पर पीने के पानी की व्यवस्था नहीं है अथवा नल खराब पड़े हैं।

जिससे सभी ग्रामीणों को शुद्ध पेयजल प्राप्त करने में कठिनाई हो रही है। इस समस्या के कारण ग्रामीणों को कई प्रकार की परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है और गंदगी के कारण बीमारियां फैलने की भी आशंका बनी रहती है।

इसलिए आप ग्राम में शीघ्र ही सफाई व्यवस्था को सुधारने, नालियों की नियमित सफाई करवाने एवं पीने के पानी की व्यवस्था को दुरुस्त करवा दें ताकि ग्रामीण स्वच्छ और स्वस्थ वातावरण में जीवन व्यतीत कर सकें।

# एआई का शिक्षा के क्षेत्र में उपयोग पर व्याख्यान

**■ कई प्रोफेसरों ने रखे अपने विचार**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** राम कॉलेज मुजफ्फरनगर मे शिक्षक शिक्षा विभाग द्वारा एक अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया जिसका विषय '' एआई के युग में शिक्षण के अवसर और चुनौतियां'' था।

कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य वक्ता प्रोफेसर भावना सिंह, प्रोफेसर, फैकल्टी आफ एजूकेशन, शाहिद मंगल सिंह पांडेय गर्ल्स कॉलेज मेरठ तथा विशिष्ट अतिथियों में डा सुविता कुमारी, डीएववी द्धपीजीत्र कॉलेज, मुजफ्फरनगर, अमरीश कुमार, राधा कृष्ट इंस्टीटयूट आफ टैक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट, सहारनपुर डा प्रेरणा मित्तल, प्राचार्या राम कॉलेज, डा अशोक कुमार, निदेशक राम कॉलेज, डा विनीत कुमार शर्मा, डीन एकेडमिक्स राम कॉलेज ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रजव्वलित करके किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य वक्ता प्रोफेसर भावना सिंह, प्रोफेसर, फैकल्टी आफ एजूकेशन, शाहिद मंगल सिंह पांडेय गर्ल्स कॉलेज मेरठ ने विषय पर बोलते हुए कहा कि एआई कोई जादुई समाधान नहीं है, न ही यह शिक्षक की भूमिका के लिए कोई खतरा है। यह एक शक्तिशाली उपकरण है, जिसका सोच-समझकर उपयोग करने पर बेहतर शिक्षण परिणाम मिल सकते हैं, शिक्षण समय बच सकता है और शिक्षा को अधिक समावेशी बनाया जा सकता है। हालांकि, सफल कार्यान्वयन के लिए नवाचार के प्रति उत्साह से कहीं अधिक की आवश्यकता होती है। शिक्षा सबसे महत्वपूर्ण क्षेत्र है जो बाकी उद्योगों को शक्ति प्रदान करता है। बढ़ती तकनीकी गतिशीलता के साथ, शैक्षिक क्षेत्रों में भी बदलाव हुए हैं, जिसमें ब्लैकबोर्ड की जगह प्रोजेक्टर ने ले ली है, ऑनलाइन कक्षाओं को समायोजित किया है, ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से छात्रों के प्रदर्शन की निगरानी की है, आदि। एआई के उदय ने शैक्षिक क्षेत्र को भी महत्वपूर्ण रूप से प्रभावित किया है, जिससे सीखने के संसाधनों की अधिक अनुकूलता के लिए दरवाजे खुल गए हैं। इस अवसर पर डा प्रेरणा मित्तल, प्राचार्या राम कॉलेज ने कहा कि शिक्षा के लिए कई एआई अवसर हैं जिनका उपयोग शिक्षण और सीखने के क्षेत्र को बेहतर बनाने के लिए किया जा सकता है। एआई शिक्षकों और छात्रों दोनों के लिए काफी उपयोगी रहा है, छात्रों के प्रदर्शन का आकलन करने, व्याकरण को सही करने, निबंध लिखने और तुरंत संसाधनपूर्ण जानकारी प्रदान करने के लिए एक उपकरण के रूप में लोकप्रिय रूप से उपयोग किया जाता है। एआई के उन्नत स्तर के अनुप्रयोग जैसे कि विकलांग छात्रों के लिए उपलब्ध सहायता को बढ़ाने के लिए वाक् पहचान, बहुभाषी शिक्षण विकल्प आदि शिक्षा में एआई अवसरों के उत्कृष्ट उदाहरण हैं। इस अवसर पर शिक्षक शिक्षा विभाग के प्रवक्ता डा मंदीप कुमार द्वारा मुख्य वक्ता प्रोफेसर भावना सिंह, प्रोफेसर, फैकल्टी आफ एजूकेशन, शाहिद मंगल सिंह पांडेय गर्ल्स कॉलेज मेरठ को प्रशस्ति पत्र एंव बुकें भेंट किया वहीं डा जगमेहर गौतम द्वारा उनको पटका ओढघकर सम्मानित किया गया। वही कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि डा सुविता कुमारी, डीएववी द्धपीजीत्र कॉलेज, मुजफ्फरनगर को शिक्षक शिक्षा विभाग के प्रवक्ता भानु प्रताप वर्मा द्वारा तथा अमरीश कुमार, राधा कृष्ट इंस्टीटयूट आफ टैक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट, सहारनपुर को संदीप राठी द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर उनका सम्मान किया गया।

**सम्बन्ध-विच्छेद सूचना**

मैंने अपने भाई **मरगूब** के गलत संगत में पड़ने के कारण उससे तमाम पारिवारिक रिश्ते समाप्त कर लिए हैं। यदि भविष्य में मेरा भाई मरगबू या उसके परिवार का कोई भी सदस्य किसी भी व्यक्ति से रूपयों की लेन-देन या लड़ाई झगड़ा करते हैं या किसी गलत गतिविधि में सम्मिलित होते हैं तो उसके वह स्वयं जिम्मेदार होंगे। मेरी व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य की कोई जिम्मेदारी किसी भी प्रकार से नहीं होगी।

**सय्यद हसन पुत्र तुफैल अहमद**
निवासी-ग्राम निराना, थाना सिखेडा, तहसील सदर, जिला मुजफ्फरनगर।

**एम. एस. एस. के. डी. डिग्री कॉलेज (स्ववित्त पोषित) मोरना मु0 नगर।**

**आवश्यकता है**

यू0 जी0 सी0/शासन विश्वविद्यालय द्वारा अर्ह अभ्यर्थियों से नियुक्ति हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं।
1. बी.ए. राजनीतिशास्त्र: 1 पद
2. उपरोक्त पद के लिए इच्छुक अभ्यर्थी अपने आवेदन पत्र समस्त प्रमाण पत्रों की प्रमाणित छायाप्रति एवं नवीनतम फोटो सहित दिनांक 01.06.2025 तक आवेदन करें।
ई-मेल: msskd102@gmail.com
**मदनपाल सिंह,** सचिव
सचिव मो0- 9719685617
प्राचार्य मो0- 9319244992

**सम्बन्ध-विच्छेद सूचना**

मैंने व मेरे पति अंकित कुमार ने अपने सुसर बिजेन्द्र सिंह व जेठ सन्नी से पूर्ण रूप से सम्बन्ध विच्छेद कर लिये हैं। मैं अपने पति अंकित व बच्चों के साथ इनसे अलग मकान में रहती हूं। बिजेन्द्र व सन्नी से मेरा व मेरे पति और बच्चों का कोई किसी प्रकार का मतलब वास्ता नहीं रहा है। भविष्य में इनके द्वारा किए गए किसी भी कृत्य व लेनदेन के लिए ये स्वयं जिम्मेदार होंगे। मेरी या मेरे पति व अन्य परिवार के सदस्यों की कोई जिम्मेदारी किसी प्रकार की नहीं होगी।

श्रीमती राखी पत्नी श्री अंकित कुमार, निवासी- ग्राम रामराज उर्फ समाना थाना रामराज, जिला मुजफ्फरनगर।

# पर्ची को लेकर बाइक सवारों और कर्मियों में हुआ विवाद, जांच में जुटी पुलिस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़ीपुख्ता।** थाना गढ़ीपुख्ता क्षेत्र के अंतर्गत गन्देवड़ा संगम पर गुरुवार रात करीब 11:30 बजे जिला पंचायत शामली द्वारा लकड़ी की निगरानी हेतु लगाए गए चेक पोस्ट पर उस समय हल्का तनाव पैदा हो गया, जब पर्ची को लेकर वहां तैनात कर्मचारियों और कुछ युवकों के बीच कहासुनी हो गई।

मौके पर ड्यूटी कर रहे कर्मचारी अमित सैनी, विशाल सैनी और शिवम सैनी ट्रकों की पर्ची काटने का कार्य कर रहे थे। इसी दौरान एक ट्रक चालक गन्देवड़ा संगम के पास पहुंचा। जब उससे पर्ची बनाने को कहा गया, तो उसने बताया कि उसकी पर्ची पहले ही कट चुकी है। उसी समय दो मोटरसाइकिलों पर




सवार छह युवक वहां पहुंचे, जो नशे की हालत में थे। कर्मचारियों के अनुसार, युवकों ने आते ही पर्ची कटवाने को लेकर आपत्ति जताई और बहस शुरू कर दी। कर्मचारी अमित सैनी का कहना है कि ट्रक चालक ने मामले से खुद को अलग करते हुए वहां से चले जाने की बात कही। लेकिन युवकों और कर्मचारियों के बीच कहासुनी का सिलसिला जारी रहा। इसी दौरान कर्मचारियों में से एक का मोबाइल फोन नीचे गिर गया, जो बाद में काफी तलाशने पर भी नहीं मिला। घटना की सूचना के बाद कर्मचारी थाना गढ़ीपुख्ता पहुंचे और मोबाइल मिसिंग होने की जानकारी देते हुए मामले की शिकायत दी।

थाना गढ़ीपुख्ता प्रभारी देशराज सिंह ने बताया कि बाइक सवार युवकों और जिला पंचायत टोल कर्मियों के बीच कहासुनी हुई है। एक मोबाइल फोन मिसिंग होने की शिकायत मिली है। मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

## घर में घुसकर मारपीट करने का लगाया आरोप, तहरीर पर मामला दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़ीपुख्ता।** गांव बूंटा निवासी देशराज पुत्र बिरमा ने थाना गढ़ीपुख्ता में तहरीर देते हुए आरोप लगाते हुए बताया कि गुरुवार को लगभग सुबह 11 बजे जब वह मजदूरी के लिए बाहर गए हुए थे, उसी दौरान गांव के ही दीपक पुत्र बाबू, रूपक पुत्र बाबू एवं गांव भाटू निवासी कवित उनके घर पहुंचे। आरोप है कि इन तीनों ने घर पर मौजूद देशराज की मां, बहन और ताऊ के साथ गाली-गलौज करते हुए लाठी-डंडों से हमला कर दिया। इस हमले में परिवार के सदस्यों को चोटें आईं। पीड़ित के अनुसार, शोरगुल सुनकर आसपास के लोग इकठा होने लगे तो आरोपी उन्हें जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। पीड़ित परिवार की तहरीर के आधार पर मामला दर्ज कर लिया गया है।

# वृद्धों को सहायक उपकरण किए वितरित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** विकास खण्ड परिसर कांधला में आयोजित शिविर में आज एमएलसी वीरेन्द्र सिंह ने राष्ट्रीय वयो योजना के अन्तर्गत 28 वृद्धजनों को सहायक उपकरण जैसे की व्हील चेयर, कान की मशीन, बेंत, सिलिकॉन तकिया, वॉकर, कमोड चेयर, सर्वाइकल कॉलर, नी ब्रेस, स्पाइनल सपोर्ट इत्यादि वितरित किए।


इस अवसर पर एमएलसी वीरेंद्र सिंह ने सभी वृद्धजनों से कुशल क्षेम पूछा और वृद्धजनों हेतु सरकार द्वारा संचालित राष्ट्रीय वयो योजना के विषय में बताया और कहा कि अगर कोई भी शेष लाभार्थी है तो वह संबंधित विभाग में अपना नाम नोट करा ले ताकि आगामी शिविर में उनका भी पंजीकरण करके उन्हें लाभान्वित किया जा सके,इसके अलावा वृद्धजनों की अन्य योजनाओं



के विषय में भी विधायक ने विस्तार से अवगत कराते हुए उन्हें सहायक उपकरणों के साथ रवाना किया। जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी अंशुल चौहान ने इस अवसर पर बताया कि भारत सरकार की राष्ट्रीय वयो योजना के अंतर्गत विगत 13 मई से लेकर 16 मई तक ब्लॉकवार शिविर आयोजित कर 255 लाभार्थियों को चिन्हित कर उनका पंजीकरण किया गया था जिसमे दिनांक 29.5.25 को विकास भवन और आज दिनांक को ब्लॉक परिसर कांधला में इन लाभार्थियों को सहायक उपकरण प्रदान करने हेतु वितरण शिविर आयोजित किया गया।

इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख डॉ विनोद मलिक, जिला पंचायत सदस्य मती नीरज सैनीं व एलिम्को प्रति. निधि डॉ योगेश जी और डॉ विक्रम जी मौजूद रहे।

# गणेश शंकर विद्यार्थी को अर्पित किए श्रद्धासुमन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** शुक्रवार को कैराना लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के पूर्व सांसद प्रदीप चौधरी कस्बे के मुख्य मार्ग पर चौधरी सिताब सिंह मार्किट में स्थित पत्रकार संगठन कैराना के कार्यालय पर पहुंचे। जहां पर उन्होंने हिंदी पत्रकारिता के जनक गणेश शंकर विद्यार्थी की तस्वीर के सम्मुख पुष्प अर्पित करते हुए नमन किया। उन्होंने पत्रकारिता जगत से जुड़े कलमवीरों को हिंदी पत्रकारिता दिवस की शुभकामनाएं भी ज्ञापित की। इस दौरान वरिष्ठ भाजपा नेता अनिल चौहान, ब्लॉक प्रमुख हर्षल चौधरी, भाकियू जिला सचिव गुरदीप प्रमुख, भूपेंद्र शर्मा, नरेंद्र चौहान एडवोकेट, अनुज रावल एडवोकेट, जगदीश चेयरमैन, नरेंद्र खन्द्रावली, संजय कश्यप, हरपाल भूरा, नीरज उपाध्याय, रविन्द्र प्रधान, प्रताप जगनपुर आदि मौजूद रहे।

# वरिष्ठ नेताओं ने किया महिलाओं का सम्मान





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** प्रेम चन्द, परियोजना निदेशक जिला ग्राम्य विकास अभिकरण शामली ने बताया कि लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर की स्मृति में महिला सशक्तिकरण हेतु, उनका त्रिशताब्दी जन्म दिवस कार्यक्रम जनपद के सभी विकास खण्डों में आयोजित किया गया। विकास खण्ड कैराना में मुख्य अतिथि माननीय प्रदीप चौधरी पूर्व सांसद कैराना लोकसभा, विकास खण्ड कांधला में एमएलसी वीरेन्द्र सिंह, विकास खण्ड शामली व विकास खण्ड ऊन में तेजेन्द्र निवार्ल जी जिला अध्यक्ष भाजपा तथा दिनांक 29.5.2025 को विकास खण्ड थानाभवन में सुरेश राणा पूर्व कैबिनेट मंत्री उ.प्र सरकार द्वारा कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। कार्यक्रम का संचालन संबंधित विकास खण्ड के खण्ड विकास अधिकारियों द्वारा किया गया। सभी विकास खण्डों के कार्यक्रम में ग्राम्य विकास विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की 2500 से अधिक महिला लाभाथियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। कार्यक्रम में महिलाओं के सशक्तिकरण हेतु माता अहिल्याबाई होल्कर के जीवन पर प्रकाश डाला गया तथा विभिन्न योजनाओं में उत्कृष्ठ कार्य करने वाली महिलाओं को प्रमाण-पत्र वितरित कर, सम्मानित भी किया गया।

## एक नजर

### घर से बाइक व मोबाइल चोरी, जांच को पहुंची पुलिस पर धमकाने का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चौसाना।** पठानपुरा में घर में खडी बाइक व मोबाईल को बदमाशो ने चोरी कर लिया। आरोप है कि घटना के दौरान पीडित सो रहा था। पीडित की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुॅचीं। पीडित का आरोप है कि मैंने देरी से कार्यवाही करने का कारण पूछा तो पुलिस ने पीडित को धमकाया। चौसाना चौकी क्षेत्र के गांव पठानपुरा में विकास पुत्र लाल सिंह शुक्रवार को अपने घर पर सो रहा था।

आरोप है कि उसी दौरान वहॉ खडी स्पलेंडर बाइक व मोबाईल फोन को बदमाश चोरी करके ले गए। जब आंख खुली तो बाइक की तलाश की लेकिन कोई सुराग नही लगा। पीडित ने पुलिस को शिकायत की। जिस पर पुलिस कुछ देरी से पहुंची। पीडित का आरोप है कि मैंने आपत्ति करते हुए देरी से कार्यवाही का कारण पूछा तो पुलिसकर्मी भडक गए और धमकाया। बाइक चोरी के मामले मे खबर लिखे जाने तक मुकदमा दर्ज नही हो सका। वही कार्यवाहक चौकी प्रभारी प्रमोद कुमार ने बताया तहरीर मिली है मामले की जॉच कर रही है।

### जुमे की नमाज को लेकर रही सुरक्षा कप्तान ने किया फ्लैग मार्च

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** जुमे की नमाज को लेकर पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। एसएसपी विपिन ताडा ने गुरुवार शाम को भूमिया के पुल से नूर नगर की पुलिया तक फ्लैग मार्च किया।

एसपी सिटी आयुष विक्रम सिंह और एएसपी अंतरिक्ष जैन समेत भारी पुलिस बल इस मार्च में शामिल रहा। फ्लैग मार्च के दौरान पुलिस ने संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों की जांच की। एसएसपी ने शहरवासियों से शांतिपूर्वक नमाज अदा करने की अपील की है। ब्रह्मपुरी और लिसाड़ी गेट थाना पुलिस को बदमाशों पर कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। दोनों थानों की पुलिस ने कुछ बदमाशों को चिह्नित भी किया है।

# स्कॉटिश में डीएम ने किया प्रतिभाओं का सम्मान







**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शहर के स्कॉटिश इंटरनेशनल स्कूल में प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे जिलाधिकारी अरविन्द कुमार चौहान ने यूपी बोर्ड परीक्षा में परचम लहराने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया।

शुक्रवार को स्कॉटिश प्रधानाचार्या आशु त्यागी ने बताया कि हाल ही में घोषित बोर्ड परीक्षा में अद्भुत परिणाम प्राप्त कर देश में अपना परचम लहराने वाले सभी बच्चों को जिलाधिकारी अरविन्द कुमार सिंह द्वारा सम्मानित किया गया। बताया कि सावी जैन ने 500 में से 499 अंक प्राप्त कर शहर का नाम एक बार फिर से राष्ट्रीय फलक पर चमकाकर रोशन करने का कार्य किया है।

इससे पूर्व भी विद्यालय के तीन छात्र नंदिनी गर्ग ऑल इण्डिया रैंक 1, आस्था जैन ऑल इण्डिया रैंक 4, दिया नामदेव ऑल इण्डिया रैंक 1 हासिल कर चुकी है, और इसी क्रम में इस बार सावी जैन ने शामली शहर व स्कॉटिश इंटरनेशनल स्कूल का नाम रोशन किया है।

हिमाचल बेनीवाल ने कक्षा 12 में जिले में द्वितीय रैंक हासिल की है। इसी क्रम में जयंत चौधरी ने पांचवी, लक्की सिंह ने सातवी, रूहानी लायल ने आठवी, सामिया चौधरी ने नौवी, रिषभ जैन और शगुन चौधरी ने दसवी रैंक हासिल की है। जिले की टॉप 10 लिस्ट में स्कॉटिश के कुल 8 बच्चें रहे। इसी प्रकार कक्षा 10 में धैर्य गर्ग ने जिले में दूसरी, अक्षत चावला ने चौथी, ध्रुव अग्रवाल ने पांचवी, भविका जैन और सिमरन राणा ने दसवी रैंक हासिल की है। जिले की टॉप 10 लिस्ट में स्कॉटिश के कुल 5 बच्चें रहे।

चेयरमैन राजकुमार गर्ग ने बच्चों को अपने आशीष वचनो से जीवन में आगे बढने तथा अपने परिवार व विद्यालय का नाम रोशन करने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान छात्र-छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गए। निर्देशक राजीव कुमार गर्ग मौजूद रहे।

# सात दिवसीय कैंप समापन समारोह का आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शहर के सेंट आरसी कान्वेंट स्कूल में बच्चों के शारीरिक, मानसिक, सामाजिक क्षमताओं का विकास करने के लिए चल रहे सात दिवसीय समर कैंप के समापन समारोह का आयोजन किया गया। सम्मान समारोह में अभिभावकों को बच्चों द्वारा सीखे गए सभी कार्यों को प्रेजेंटेशन दिखाया गया। जिसमें फेंच भाषा में नाट्य प्रस्तुत किया व पंजाबी और मराठी भाषा में भी छात्रों द्वारा झलकिया प्रस्तुत की गई। इस निशुल्क समर कैंप में बच्चों द्वारा बनाए गए मिट्टी के बर्तन, क्ले द्वारा बनाई गई छोटे-छोटे खिलौने, पेंटिंग, पीओपी पेंटिंग, वाटर पेंटिंग, कैलीग्राफी, फूलों से बने गुलदस्ते, फायर लैस कुकिंग द्वारा बनाई गई व्यंजन आदि का प्रदर्शन कराया गया।

जिसे देखकर अभिभावकों के चेहरे खिल उठे गए कि हर माता-पिता चाहते हैं कि उनका बच्चे पढ़ाई के अलावा अन्य कलाओं में भी पारंगत हो किड्स शॉपर्स जो कि दिल्ली की स्पोर्ट्स कंपनी है। उन्होंने सभी बच्चों को आकर्षक गेम खिलाएं व उनके माता-पिता को भी कंपीटिशन कराया जिसमें प्रथम स्थान मीनाक्षी सिंह और द्वितीय स्थान पर नीतू सिंह रहे। मैनेजर मीनू संगल मुख्य अतिथि लेफ्टिनेंट कर्नल चंद्र प्रकाश भदौला एवं प्रधानाचार्या उजमा जैदी ने संयुक्त रूप से सराहनीय कार्य करने वाले बच्चों को सम्मानित किया। बताया कि इन सात दिनों में बच्चों द्वारा वेस्ट मटेरियल से बनाई गई वस्तु, मिट्टी के बर्तन, फैब्रिक पेंटिग, रॉक पेंटिंग, फ्लेम लेस कुकिंग आदि का शानदार प्रदर्शन कर अपने अंदर छिपी कलात्मक, रचनात्मक, सज्जात्मक प्रतिभा का परिचय दिया। बच्चों द्वारा बनाई गई वस्तुओं को देखकर अभिभावक खुशी से झूम उठे। स्कूल में आयोजित पीटीएम में कक्षा 12वीं के मेधावी छात्रों अर्जव जैन 97 प्रतिशत, वरुण तोमर 96.6 प्रतिशत , अक्षित मलिक 94.6 प्रतिशत, प्रियांशी गर्ग 94.4 प्रतिशत, अर्णव शर्मा 93.2 प्रतिशत, लविश 93 प्रतिशत, ओजस्वी 91.8 प्रतिशत, हर्ष चौधरी 90.6 प्रतिशत, सनिका 90.2 प्रतिशत, अंश मित्तल 87 प्रतिशत, आर्यवीर 86.8 प्रतिशत, अखिल 86.8 प्रतिशत, आयुष 86.4 प्रतिशत व कक्षा दसवीं में अंशिका 96.6 प्रतिशत, अर्पित 92.2 प्रतिशत, प्रियांशु 91.8 प्रतिशत, प्रियांशी 90.2 प्रतिशत, सृष्टि 87.2 प्रतिशत, अंश 87 प्रतिशत, ग्रंथ 87 प्रतिशत आदि मेधावी विद्यार्थियों एवं उनके अभिभावकों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

### भोलाझाल पर नहाने आए युवक की कार से उड़ाया सामान

**जानी खुर्द।** आजकल गर्मी मिटाने के लिए लोग नहर और ट्यूबवेल का सहारा ले रहे हैं। लोग अपने सामान की परवाह किये बगैर नहर में कूद जाते हैं जिनका सामान बड़ी आसानी से चोरी हो जाता है।

**Ch. Atar Singh Degree College**
Thanabhawan, District Shamli-247777
**"REQUIREMENT"**
Post- Principal (1), Assistant Professor (1 for each subject: Hindi, English, Political Science, Home Science, Education, Economics, History, Sociology). Eligibility & Pay as per norms and experience. Send C.V. and necessary documents by hand or email ch.atarsinghtbn@gmail.com last date 10 June 2025.
**Secretary**
+91 9720469096.

**नाम परिवर्तन सूचना**
मैंने अपना नाम Jai Prakash Saini से बदलकर Jay Prakash Saini रख लिया है। भविष्य में इसी नाम से जाना जाए।
**जय प्रकाश सैनी पुत्र अंतराम सैनी**
निवासी ग्राम झाड़खेड़ी थाना कैराना, शामली

# शौर्य तिरंगा यात्रा के आयोजन में सैकड़ों ने लिया हिस्सा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झिंझाना।** भाजपा एवं व्यापार मंडल द्वारा भारतीय सेना के सम्मान में राष्ट्रीय शिक्षा सदन इंटर कालेज के मैदान में शोर्य तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया, जिसमें क्षेत्र एवं कस्बे के नागरिकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। शोर्य तिरंगा यात्रा का शुभारंभ भाजपा जिलाध्यक्ष तेजेन्द्र निर्वाल एवं भाजपा नेता अनिल चौहान, शिवेंद्र सिंह द्वारा संयुक्त रूप से फीता काटकर किया।

शुक्रवार को शोर्य तिरंगा यात्रा का आयोजन बस स्टैंड पर राष्ट्रीय शिक्षा सदन इंटर कालेज के मैदान में किया गया। डीजे की धुन पर देश



भक्ति गीतों एवं भारत माता की जय के नारे से जोश के साथ कस्बे के मेन बाजार, डेरी चौक, गाड़ी वाला, मेरठ करनाल हाईवे, चंदनपुरी होते हुए वापिस राष्ट्रीय शिक्षा सदन इंटर कालेज के मैदान में समापन किया। यात्रा के दौरान सुरक्षा के चलते कोतवाली प्रभारी जितेन्द्र कुमार शर्मा पुलिस फोर्स के साथ मौजूद रहे। इस मौके पर व्यापार मंडल के अध्यक्ष विनोद संगल, बंटी चौधरी, तिरंगा यात्रा संयोजक डाक्टर पवन खटीक, मंडल अध्यक्ष छोटू सैनी, अक्षय चौहान, सतीश, अंकुल प्रजापति, जितेन्द्र चौहान, डाक्टर गजराज सिंह,मासूम चौधरी, मुंशाद अली सहित सैकड़ों कार्यकर्ता एवं व्यापारी मौजूद रहे।

## शामली, झिंझाना और कैराना



शामली



झिंझाना



कैराना

# जिलेभर में धूमधाम से मनाया गया पत्रकारिता दिवस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** गुरूवार देर रात्रि शहर के दिल्ली रोड स्थित एक बैंकट हॉल में हर साल की तरह इस बार भी जनपद के पत्रकारों द्वारा बड़ी धूमधाम से मनाया गया हिन्दी पत्रकारिता दिवस। इस दौरान हिन्दी पाठयक्रम की कविताओं पर पाठ किया गया। साथ ही फेंक खबरो से बचने पर विचार विमर्श किया गया खबरों को संबंधित अधिका. रियों से पुष्टि करने के बाद ही प्रकाशित की जाए।

गुरूवार देर रात्रि कार्यक्रम का शुभारंभ वरिष्ठ पत्रकार ओमपाल सिंह, दिनेश भारद्वाज, नीरज भार्गव, महबूब अली, अभिषेक कौशिक द्वारा प्रथम पत्रकार गणेश शंकर विद्यार्थी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया गया। इस दौरान कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पत्रकारों ने सामुहिक रूप से निर्णय लिया कि सोशल मीडिया की बढती दुनिया में फेंक खबरों से बचना चाहिए। खबरों की पुष्टि होने पर की खबरे प्रकाशित की जाए। उन्होने कहा कि कई बार ऐसे सच को भी छिपाना पडता है कि जिससे समाज का नुकसान होता हो।

उन्होने कहा कि सामाजिक ताना बाना बनाए रखने के लिए पत्रकारों की अहम जिम्मेदारी है कि वह खबरों को निष्पक्षता के साथ प्रकाशित करे। इस दौरान कार्यक्रम में लक्की ड्रा कूपन के माध्यम से उपहार भी निकाले गए। तत्पश्चात कार्यक्रम में पिछले एक वर्ष में पत्रकारजनों के परिजनों व पत्रकारों की हुई आकस्मिक मौत पर दो मिनट का मौन धारण कर श्रद्धांजलि दी। राष्ट्रगान से समापन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता डा. ओमपाल सिंह व संचालन नदीम अहमद व आकाश शर्मा ने संयुक्त रूप से किया। जितेंद्र भारद्वाज संपादक दैनिक पूरब पश्चिम ज्योति, मास्टर कंवरपाल सिंह, रामबीर राठी, ओमपाल सिंह इन्द्रपाल सिंह पांचाल, संजीव शर्मा, अनवर अंसारी जिला प्रभारी दैनिक जनवाणी, नसीम सैफी शाह टाइम्स जिला प्रभारी, दीपक वर्मा जिला प्रभारी दैनिक भास्कर, वरूण पंवार, अमित शर्मा न्यूज 24, दीपक शर्मा, शाहनवाज राणा न्यूज 18, आसमौहम्मद , दीपक पंडित, दीपक राठी, पंकज जैन जिला प्रभारी दैनिक प्रभात, शौकीन सिददीकी, विकास कौशिक, निखिल जोशिया, नवनीत गर्ग जिला प्रभारी सत्य साक्षी उमंग अग्रवाल, नवाज बेग, पुष्पेन्द्र भारद्वाज, अजय बावरा जिला प्रभारी सच कहूं, सालिम, सूरज चौधरी, राधेश्याम, राजेश राठौर, प्रताप राठौर, राव सालिम जिला प्रभारी पंजाब केसरी, पंकज प्रजापति जिला प्रभारी एबीपी न्यूज, हिमांशु शर्मा, रोहित बालियान, क्रांति, मोहित, अमित तरार, अनुराग शर्मा, बिल्लू मलिक, अनुज सैनी, सचिन चौधरी, प्रवीण वशिष्ठ जिला प्रभारी राष्ट्रीय सहारा मौजूद रहे।

**झिंझाना।** हिंदी पत्रकारिता दिवस पर सभा का आयोजन फैज पब्लिक स्कूल में किया गया, जिसकी अध्यक्षता पत्रकार संघ के अध्यक्ष हरेंद्र मलिक द्वारा की गई तथा संचालन मेहरबान कुरैशी, मुबारक अली ने संयुक्त रूप से किया। संगठन के महासचिव हारून सैफी ने हिंदी पत्रकारिता को समाजहित का मिशन बताया। सत्ता से सवाल पूछना और सामाजिक समस्याओं का समाधान खोजना भी जरूरी है। अध्यक्षता कर रहे हरेंद्र मलिक ने कहा कि ईमानदार और निष्ठावान पत्रकार कभी नहीं हारते। नई पीढ़ी के पत्रकारों को सजग और साहसी बनने की सलाह दी। कार्यक्रम में सादिक चौधरी, डा जितेंद्र, एडवोकेट मुबारिक अली, शाहरुख खान, विनोद जैन, तस्लीम आलम, रमन गहलोत सहित कई पत्रकार शामिल हुए। सभी ने निष्पक्ष और जनपक्षधर पत्रकारिता को बढ़ावा देने का संकल्प लिया। हिंदी पत्रकारिता दिवस पर सभा पत्रकारों के बीच संवाद का माध्यम बनी साथ ही पत्रकारिता की भूमिका को नए नजरिए से समझने के बारे में विचार व्यक्त किए गए। संगठन की ओर से सभी पत्रकार साथियों को उपहार स्वरूप डायरी पेंसिल देकर पत्रकारिता दिवस की शुभकामनाएं दी।

**कैराना।** हिंदी पत्रकारिता दिवस के अवसर पर पत्रकार संगठन कैराना की ओर से विचार गोष्ठी एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान संगठन के कलमवीरों को पुष्प-मालाएं पहनाकर तथा उपहार भेंट करके सम्मानित किया गया। शुक्रवार को कस्बे के मुख्य पानीपत-शामली मार्ग पर चौधरी सिताब सिंह मार्किट में स्थित पत्रकार संगठन कैराना के कार्यालय पर हिंदी पत्रकारिता दिवस के अवसर पर विचार गोष्ठी एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता वरिष्ठ पत्रकार सुनील धीमान ने की। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ पत्रकार अंसार सिद्दीकी ने किया, जबकि कार्यक्रम के संरक्षक वरिष्ठ पत्रकार ताराचंद सैनी एवं रियासत अली ताबिश रहे। इस दौरान हिंदी पत्रकारिता के उद्देश्य, संघर्ष एवं चुनौतियों पर विस्तृत चर्चा की गई। कार्यक्रम में पत्रकारिता के गिरते स्तर पर भी गहन चिंतन-मनन किया गया। वहीं, संगठन के कलमवीरों ने अपने उद्बोधन के दौरान राष्ट्र व समाज हित को प्राथमिकता में रखकर पत्रकारिता करने के संकल्प को दोहराया। कार्यक्रम में संगठन के पत्रकार बन्धुओं को पुष्पमाला पहनाकर तथा उपहार भेंट करके सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर संगठन के संरक्षक सुधीर चौधरी व महराब चौधरी, अध्यक्ष संदीप इन्सां तथा वरिष्ठ पत्रकार युसूफ त्यागी, मेहरबान अली कैरानवी, सालिम अंसारी, सलीम चौधरी, अहसान सैफी, सलीम फारुकी, सन्नी गर्ग, आशीष सैनी, अरशद चौधरी, वाजिद अली, फारूख फरीदी,सलमान चौधरी, फिरोज खान समेत विभिन्न पत्रकार गण मौजूद रहे।

# गैंगरेप घटना का खुलासा, मुख्य आरोपी भी दबोचा

**पुलिस टीम को 25 हजार रुपए के इनाम की घोषणा**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झिंझाना।** कस्बे के ऊन रोड पर चैकिंग के दौरान दो बाइकों पर सवार बदमाशों की पुलिस के साथ मुठभेड़ हो गई। मुठभेड़ के दौरान तीन बदमाश गोली लगने से घायल हो गए। जबकि एक बदमाश को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। घायल बदमाशों को उपचार हेतु अस्पताल ले जाया गया। वहीं शुक्रवार देर शाम मुठभेड़ के बाद मुख्य आरोपी अहसान को भी पुलिस ने गिरफ्तार कर तमंचा व कारतूस बरामद किए हैं।

बृहस्पतिवार की देर शाम को कोतवाली प्रभारी जितेन्द्र कुमार शर्मा टीम के साथ बलवंती देवी कन्या इंटर कालेज के पास चैकिंग कर रहे थे। चैकिंग के दौरान दो बाइकों पर सवार पांच लोगों को पुलिस ने रुकने का इशारा किया तो बाइक सवारों ने पुलिस पर फायरिंग कर दी। पुलिस द्वारा आत्मरक्षा में की गई फायरिंग में तीन बदमाश गोली लगने से घायल हो गए। जबकि एक बदमाश को भागते समय गिरफ्तार कर लिया। घायल बदमाशों ने अपने नाम खलील पुत्र नवाब निवासी श्यामुदीनपुर हापुड़, विपिन पुत्र राकेश बिछपट्टी खरखोदा, इजरायल पुत्र मुस्तफा निवासी गांव आलमपुर गंगोह सहारनपुर व गिरफ्तार रवि पुत्र ओमवीर निवासी गांव रजाकनगर झिंझाना बताया जबकि एक बदमाश अंधेरे का लाभ लेकर फरार बताया जा रहा है। घायलों को अस्पताल भिजवाया गया। पकड़े गए बदमाशों के कब्जे से पुलिस ने अवैध असलहा व दो बाइक बरामद की है। बदमाश महिला से गैंगरेप के मामले में फरार चल रहे थे। जिनका अपराधिक इतिहास खंगाला जा रहा है। घटना की सूचना मिलते ही एडिशनल एसपी संतोष कुमार सिंह व सी ओ कैराना श्याम सिंह घटनास्पथ पर पहुंचे। शुक्रवार को देर शाम मुखबिर की सूचना पर महिला से गैंगरेप के मुख्य आरोपी अहसान उर्फ आमिर पुत्र नसीर मौहल्ला खाताखेडी सहारनपुर की कैराना रोड पर घेराबंदी की जा रही थी, जिसने पुलिस पर फायरिंग कर दी। पुलिस द्वारा की गई आत्मरक्षार्थ फायरिंग में बदमाश गोली लगने से घायल हो गया। जिसको उपचार हेतु अस्पताल भेजा गया है। बदमाश के कब्जे से पुलिस ने एक अवैध तमंचा कारतूस व खोखा बरामद किया है। कोतवाली प्रभारी जितेन्द्र कुमार शर्मा ने बताया महिला से गैंगरेप के मामले में फरार चल रहे मुख्य आरोपी अहसान उर्फ आमिर निवासी सहारनपुर को मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार किया है। जो गोली लगने से घायल हो गया था, जिसको उपचार हेतु अस्पताल भिजवाया गया है। शुक्रवार को एस पी शामली रामसेवक गौतम ने थाने पहुंच कर गैंगरेप के आरोपियों से पूछताछ की वही पीड़िता के भी बयान लिए पुलिस अधीक्षक शामली रामसेवक गौतम द्वारा मुठभेड़ में शामिल टीम को 25 हजार रूपए से पुरस्कृत करने की बात कही है। टीम ने 24 घंटे के अंदर गैंगरेप की घटना का खुलासा किया है।



शुक्रवार देर शाम पुलिस मुठभेड़ के बाद पकड़ा गया मुख्य आरोपी



मौके पर पहुंचे एडिशनल एसपी व सीओ।

# विद्युत विभाग की टीम पर अवैध उगाही व महिलाओं से अभद्रता करने का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ऊन।** गत 4 अप्रैल को कस्बे में विद्युत विभाग की टीम कस्बा वासियों के बीच झड़प हो गई थी, जिसमें कस्बा वासियों ने विद्युत विभाग की टीम पर अवैध उगाही करने तथा महिलाओं के साथ अभद्र व्यवहार करने का आरोप लगाते हुए तहरीर दी थी वहीं विद्युत विभाग की टीम ने भी पांच लोगों के खिलाफ तहरीर दी थी जिसमें समझौता भी हो गया था लेकिन बाद में विद्युत विभाग की टीम द्वारा कस्बे के पांच लोगों पर मुकदमा दर्ज कर दिया था इसके विरोध में 13 मई को पुलिस चौकी चौराहे पर पंचायत आयोजित की गई थी जिसमें विद्युत विभाग से वार्ता कर समाधान निकालना के लिए एक टीम का गठन किया गया था लेकिन विद्युत विभाग द्वारा अब कस्बे के करीब 45 लोगों क मुकदमे दर्ज कर एक से डेढ़ लाख रूपए तक के जुर्माने के नोटिस भेज दिए गए।



इसके बाद एक बार फिर कस्बा वासियों मे उबाल आ गया शुक्रवार को कस्बे में भारतीय किसान यूनियन के नगर अध्यक्ष सुमित चौ के आवास पर कस्बा वासियों की बैठक हुई जिसमें विद्युत विभाग की तानाशाही के खिलाफ रोष व्यक्त किया गया तथा समझौते के बावजूद गरीब लोगों पर लाखों रूपए का जुर्माना करने की आलोचना की गई तथा जुर्माने व मुकदमे की कार्रवाई वापस न लेने पर 2 जून को कस्बे की मेन बाजार स्थित धर्मशाला में पंचायत करने का निर्णय लिया गया अगर समस्या का समाधान नहीं निकला तो ऊन बिजली घर पर अनिश्चितकालीन धरना दिया जाएगा जिसकी जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी बैठक की अध्यक्षता बत्तीसा खाप के मंत्री चौधरी देवेंद्र सिंह ने की। बैठक में नगर पंचायत अध्यक्ष प्रदीप चौधरी पूर्व अध्यक्ष अशोक कुमार, भास्कर चौधरी, सुखपाल शर्मा राजेंद्र सिंह, व्यापार मंडल के अध्यक्ष शांतनु मित्तल राजेश मित्तल सभासद सुरेंद्र सिंह दीपक कुमार नरेंद्र शर्मा बिट्टू आदि शामिल रहे।



झिंझाना। नगर पंचायत परिसर में कार्यक्रम का दृश्य।



कैराना। महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम में मौजूद अतिथि।



कैराना। महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम में मौजूद महिलाएं।

# अहिल्याबाई होल्कर जयंती महिला सशक्तिकरण के रूप में मनाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन/शामली।** रानी अहिल्या देवी होल्कर जी की 300वीं जयंती के अवसर पर महिला सशक्तिकरण सम्मेलन के अंतर्गत महिला सम्मान समरोह का आयोजन निदेशक के द्वारा निर्गत आदेश के अनुपालन में नगर पंचायत थानाभवन अधिशासी अधिकारी जितेंद्र राणा जी एवं माव अध्यक्ष मुशयदा पत्नी हाजी राव जमशेद द्वारा दिए गए निर्देशानुसार एवं एस बी एम मण्डल प्रबंधक जसलीन कौर जुनेजा के मार्गदर्शन से 30 मई 2025 को रानी अहिल्याबाई देवी होल्कर की 300वीं जयंती के अवसर पर नगर पंचायत सभागार हॉल मे महिला सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसका संचालक सभासद महोदय देवेंद्र पंडित द्वारा किया गया। उपरोक्त कार्यक्रम में माव अध्यक्ष महोदया द्वारा स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत उत्कृष्ट कार्य करने वाली सफाई मित्रों के कार्य की प्रशंसा की गई व उत्कृष्ट कार्य करने वाली सफाई मित्र मती बबीता, मती रीना, श्रीमती सुमन, मनीषा, राखी, कमला, सुनीता, सीमा, सुशीला, शीला, रीना, सीमा, गुड़िया को माव अध्यक्ष द्वारा प्रशस्ति पत्र के साथ पी पी किट एवं आकृषक पुरुष्कार के साथ सम्मनित किया गया। इसके साथ ही रानी आहिल्याबाई देवी होल्कर की 300वीं जयंती के अवसर पर नगर के मदिरों, सड़कों, सार्वजनिक स्थानों, तालाब एवं पार्को आदि पर विशेष महा सफाई अभियान चलाया गया। उक्त कार्यक्रम में अध्यक्ष मुशयदा पत्नी हाजी राव जमशेद, सभासद-देवेंद्र पंडित, सभासद पति विनोद सैनी, सुरेश सैनी, जय भगवान आदि, SBM मण्डल प्रबंधक जसलीन कौर जुनेजा, DPM रमेश कुमार और नगर पंचायत कर्मचारी संजय कुमार (लिपिक), मनीष कुमार शर्मा, फैजान उमर पाशा, विनित शर्मा, अंशुल, शुभम एवं सफाई मित्रों द्वारा प्रतिभाग किया गया।



थानाभवन। प्रोग्राम में महिलाओं का सम्मान करते अतिथि।

**ऊन।** महारानी अहिल्याबाई होल्कर की 300 वी जयंती पर ब्लॉक प्रांगण में महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि भाजपा जिला अध्यक्ष तेजेंद्र निर्वाल ने महिला सशक्तिकरण पर बल दिया। महारानी अहिल्याबाई होल्कर की 300वी जयंती पर ब्लॉक प्रांगण में महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि तेज. ेंद्र निर्वाल ने महारानी अहिल्याबाई होल्कर की जीवन चरित्र पर प्रकाश डाला उन्होंने महिलाओं को उनके जीवन चरित्र से शिक्षा लेकर महिलाओं को सशक्त बनाने में अपनी भूमिका निभाने का आह्वान किया उन्होंने भारत के इतिहास में महिलाओं के योगदान से भी शिक्षा लेने की अपील की ।कार्यक्रम में अपने-अपने क्षेत्र में कार्य करने वाली महिलाओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया बाद में रैली भी निकाली गई ।कार्यक्रम का संचालन सहायक विकास अधिकारी इसरार खान ,अध्यक्षता ब्लाक प्रमुख रामपाल सिंह ने की। बैठक में बीडीओ उमाक. ांत मुद्गल, नगर पंचायत अध्यक्ष प्रदीप चौधरी ,सुशील गर्ग, रीनू सरो. हा, नरेंद्र कश्यप, राजकुमार तायल, सतीश कुमार समेत सभी ग्राम पंचायत सचिव व कर्मचारी मौजूद रहे।

**झिंझाना।** नगर पंचायत कार्यालय परिसर में महान समाज सुधारिका अहिल्याबाई होल्कर की 300 वी जयंती के पावन अवसर पर एक गरिमामई एवं भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि भाजपा क्षेत्रीय उपाध्यक्ष ने महान नायिका की जीवनी एवं उनके द्वारा किए गए कार्य पर प्रकाश डाला।

शुक्रवार को नगर पंचायत कार्यालय पर मुख्य अतिथि सदस्य पिछड़ा वर्ग आयोग उत्तर सरकार एवं क्षेत्रीय उपाध्यक्ष भाजपा रमेश गौड़ कश्यप ने अहिल्याबाई होल्कर के जीवन मूल्यों, उनके आदर्श शासनक. ाल, न्यायप्रियता, महिला सशक्तिकरण तथा समाज सेवा में उनके अमूल्य योगदान पर प्रकाश डाला। उपस्थित जनसमूह ने उनके आदर्शों से प्रेरणा लेते हुए समाज कल्याण एवं नैतिक मूल्यों के मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। आयोजन अहिल्याबाई होल्कर के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने की दिशा में एक सार्थक प्रयास सिद्ध हुआ। कार्यक्रम के समापन से पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष सुरेशपाल कश्यप एवं रमेश गौड़ कश्यप द्वारा विभिन्न क्षेत्रों मे वरिष्ठ कार्य करने वाली महिलाओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर पंचायत अध्यक्ष सुरेशपाल कश्यप एवं संचालन राहुल देव गुप्ता द्वारा किया गया। कार्यक्रम में नगर पंचायत की महिला वार्ड सभासद पिंकी, सरफूनिशा, डॉक्टर सतीश कश्यप, सभासदपति एवं इकराम एवं समाजसेवी महिलाओं तथा बड़ी संख्या में नगर की महिलाओ की उपस्थिति रही।

**कैराना।** पूर्व सांसद ने नारी को समाज की आदर्श शिल्पकार बताया। उन्होंने कहा कि नारी शक्ति का सम्मान हमारे समाज की संस्कृति का अभिन्न हिस्सा है। उन्होंने उत्कृष्ट कार्य करने वाली नारियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। गुरुवार को ब्लाक परिसर में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में निवर्तमान सांसद प्रदीप चौधरी अहिल्याबाई होल्कर के चित्र के सामने दीप प्रज्वलित कर महिला सशक्तीकरण कार्यक्रम का शुभारंभ किया। वशिष्ट अतिथि के रूप में वरिष्ठ भाजपा नेता अनिल चौहान व ब्लाक प्रमुख हर्षल चौधरी शामिल हुए। पूर्व सांसद प्रदीप चौधरी ने आहिल्या बाई के जीवन पर प्रकाश डाला डालते हुए कहा कि उनके जीवन में किए गए संघर्ष व श्रेष्ठ शासन इतिहास की विरासत में जिवित है। उन्हें महान शासिका और एक आदर्श महिला के रूप में याद किया जाता है। उन्होंने कहा कि हमारे देश में नारी का सदैव श्रेष्ठ स्थान रहा है। हमारा समाज नारी शक्ति को दुर्गा के रूप में पूजने का काम करता है। मातृशक्ति को आदि शक्ति माना जाता है। हमारी परंपरा, संस्कृति और चिंतन में नारी का सम्मान रहा है। यह हमारे लिए गौरव की बात है। महिला सशक्तिकरण विकसित राष्ट्र के विकास का आधार है। उन्होंने कहा कि देश में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के मार्गदर्शन में महिला सशक्तिकरण का संकल्प कार्य रूप में परिणित किया जा रहा है। इसके लिए अनेक योजनाओं को धरातल पर उतारा गया है। यदि सामाजिक वातावरण में मर्यादा होगी, नारी सम्मान होगा तो अपराध अपने-आप कम हो जाएंगे और नारी सुरक्षित हो जाएगी। कार्यक्रम में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिला, कार्यकत्री को स्वयं सहायता समूह, सामुदायिक शौचालय केयर टेकर , महिला ग्राम प्रधान, क्षेत्र पंचायत सदस्य व प्रधानमंत्री आवास योजना से लाभान्वित को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान भाजपा जिला महामंत्री दामोदर सैनी, भाजपा जिला उपाध्यक्ष भूपेंद्र शर्मा, कंडेला मंडल अध्यक्ष नेत्रपाल चौहान एडवोकेट,पूर्व चेयरमैन जगदीश चौहान,पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष जगदीश, जगदीश, किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष सतपाल प्रधान, रवींद्र प्रधान व प्रताप चौधरी मौजूद रहे।

## एक नजर

### मादक पदार्थ तस्कर गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** पुलिस अधीक्षक शामली राम सेवक गौतम के आदेशानुसार चलाए जा रहे मादक पदार्थों की तस्करी में लिप्त अपराधियों की गिरफ्तारीध्बरामदगी अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक शामली के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी कैराना के कुशल नेतृत्व में थाना कांधला पुलिस द्वारा 1 मादक पदार्थ तस्कर को अवैध 200 ग्राम चरस सहित गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की है । गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में थाना कांधला पर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। अभियुक्त मेहरान पुत्र अब्बास निवासी ग्राम गढी दौलत थाना कांधला जनपद शामली है।

### हादसे में घायल को किया मेरठ रेफर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झिंझाना।** मेरठ करनाल हाईवे स्थित इंसाफ पब्लिक स्कूल के सामने स्कूटी फिसल कर गिर गई। पीछे से आ रही कार सड़क पर पड़े स्कूटी सवार पर चढ़ गई, जिस कारण वह गंभीर घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को शामली हॉस्पिटल में भर्ती कराया, जहां से उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया। शुक्रवार की सुबह मिलन पुत्र नरेश कुमार 42 वर्षीय निवासी अगड़ीपुर अपने गांव से स्कूटी पर सवार होकर शामली निजी कार्य के लिए जा रहा था। घायल के चचेरे भाई विशाल ने बताया कि जिस समय वह इंसाफ पब्लिक स्कूल के सामने पहुंचा तो अचानक स्कूटी फिसल कर गिर गई, जिससे मिलन सड़क पर गिर गया, तभी अचानक पीछे से आ रही कार ने सड़क पर पड़े मिलन को कुचल दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल पड़े मिलन को शामली हॉस्पिटल में भर्ती कराया, जहां से उसे चिकित्सकों ने गंभीर हालत के चलते हायर सेंटर रेफर कर दिया। पुलिस फरार कार सवार को तलाश कर रही है। समाचार लिखे जाने तक परिजनों की ओर से कोई तहरीर नहीं दी गई है।

### तहसील से वादकारी की बाइक चोरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** न्यायालय में तारीख पर आए वादकारी की बाइक को अज्ञात चोर ने चोरी कर लिया। पीड़ित ने पुलिस को शिकायती-पत्र देकर कार्यवाही की मांग की है। आदर्शमण्डी थानाक्षेत्र के गांव गोहरनी निवासी सुनील कुमार ने कोतवाली पुलिस को शिकायती-पत्र दिया है। बताया कि शुक्रवार को वह स्पलेंडर बाइक पर सवार होकर न्यायालय में तारीख पर आया था। वह बाइक तहसील परिसर में स्थित मंदिर के पास खड़ी करके न्यायालय में तारीख पर चला गया। आरोप है कि जब वह वापिस आया तो उसे बाइक वहां नही मिली। किसी अज्ञात चोर ने उसकी बाइक को चोरी कर लिया। वहीं, पुलिस ने तहरीर लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### नाबालिग से छेड़छाड़ व मारपीट का आरोपी गिरफ्तार, जेल रवाना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** नाबालिग से छेड़छाड़ व मारपीट के मामले में वांछित चल रहे आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार करके जेल भेजा है। विगत गुरुवार को क्षेत्र के एक गांव निवासी नाबालिग लड़की ने कोतवाली पर छेड़छाड़ व मारपीट का अभियोग पंजीकृत कराया था। इसी क्रम में एसपी शामली रामसेवक गौतम के निर्देशानुसार महिला अपराधों में लिप्त वांछित आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के तहत शुक्रवार को पुलिस ने मामले में नामजद कराए गए आरोपी अमित निवासी ग्राम जंधेड़ी को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया।

### जुमे की नमाज के मद्देनजर अलर्ट रहा पुलिस फोर्स



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** पुलिस-प्रशासन की मुस्तैदी के चलते कैराना में जुमे की नमाज शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न हो गई। इस दौरान सुरक्षा के मद्देनजर मस्जिदों के बाहर पुलिस बल तैनात रहा। शुक्रवार को जुमे की नमाज के चलते पुलिस-प्रशासन अलर्ट नजर आया। नमाज से पूर्व कोतवाली प्रभारी निरीक्षक धर्मेंद्र सिंह ने पुलिस व पीएसी बल के साथ में कस्बे में पैदल मार्च किया। उन्होंने लोगो से किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न देकर आपसी सौहार्द बनाए रखने की अपील की। वहीं, नमाज के दौरान कस्बे में स्थित जामा मस्जिद समेत विभिन्न मस्जिदों के बाहर भारी पुलिसबल तैनात किया गया था। पुलिस-प्रशासन की सजगता के चलते जुमे की नमाज शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हो गई। इस दौरान पुलिस फोर्स के जवान बॉडी प्रॉटेक्शन जैकेट पहने हुए थे। उधर, कोतवाली प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि कस्बे व क्षेत्र में जुमे की नमाज शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हुई है।

### संदिग्ध परिस्थितियों में बीआरसी कार्यालय में लगी आग

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**कैराना।** ऊंचागांव में स्थित ब्लॉक संसाधन केंद्र कार्यालय में संदिग्ध परिस्थितियों में आग लग गई। आग की चपेट में आकर कीमती सामान जलकर राख हो गया। शुक्रवार को क्षेत्र के ऊंचागांव में स्थित ब्लॉक संसाधन केंद्र कार्यालय में संदिग्ध परिस्थितियों में आग लग गई, जिससे वहां रखा सीसीटीवी कैमरों का डीवीआर, मॉनिटर, फर्नीचर, इन्वर्टर, यूपीएस तथा कुछ दस्तावेज जलकर राख हो गए। ग्रामीणों की सहायता से बामुश्किल आग पर काबू पाया गया। मामले की सूचना डायल-112 पर दी गई, जिस पर क्षेत्र में कार्यरत पुलिस रिस्पॉन्स व्हीकल (पीआरवी) पर तैनात पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचे तथा घटना की जानकारी हासिल की। वहीं, खण्ड शिक्षा अधिकारी सुशील कुमार शर्मा ने मामले की लिखित सूचना कोतवाली पुलिस को दी है, जिसमें आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट बताया गया है।

# नगरपालिका दस्तावेजों में छेड़खानी करने का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शहर के धीमानपुरा निवासी एक व्यक्ति ने डीएम को शिकायती पत्र देकर न्यायालय की अवेहलना करते हुए नगर पालिका परिषद शामली द्वारा नाम परिवर्तन करने का आरोप लगाया है।

शुक्रवार को दिए शिकायती पत्र में प्रदीप कुमार जैन पुत्र अतर सैन जैन निवासी धीमानपुरा ने बताया कि उसके भवन के नाम नगर पालिका अभिलेखों में दर्ज है। बताया कि एक वाद वास्ते वसीयत को लेकर ही न्यायालय सिविल जज सीनियर डिवीजन शामली में विचाराधीन है। लेकिन नगर पालिका के कर्मचारी ने सांठ-गांठ करके नगर पालिका के दस्तावेजों में छेडखानी कर दी गई है। उक्त भवन में प्रदीप कुमार की जगह पवन कुमार जैन, प्रमोद कुमार पुत्रगण अतरसैन जैन, सीमा जैन पत्नी प्रमोद कुमार जैन, उर्मिला जैन पत्नी पवन कुमार जैन के नाम दर्ज कर दिया है जबकि नगर पालि. का परिषद शामली को लिखित में एतराज पत्र 17 अप्रैल 2024 व एक जुलाई 2024 में भी दिए थे कहा था कि जब तक हमारा वाद न्यायालय में चल रहा है जब तक न्यायालय का आदेश पारित न हो तब तक नगर पालिका अभिलेखों में कोई नाम परिवर्तन न किया जाए। किन्तु न्यायालय की अवेहलना करते हुए नगर पालिका ने विपक्षीगणों से साज करके भवन में नाम परिवर्तन कर दिए है। जो कानून का उल्लंघन है। पीडित ने मामले में जांच कर कार्यवाही की मांग की है।

# पेराई सत्र 2024-25 का सम्पूर्ण गन्ना मूल्य भुगतान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** अपर दोआब शुगर मिल के यूनिट हैड प्रदीप कुमार सालान ने कहा कि अपने वायदे के मुताबिक अपर दोआब चीनी मिल शामली त्रिवेणी समूह द्वारा पेराई सत्र 2024-25 में खरीदे गए समस्त गन्ने का गन्ना मूल्य भुगतान समिति व किसानों को भेज दिया गया है। इसमें जले गन्ने की सप्लाई करने वाले किसानों का भुगतान भी भेज दिया गया है। शुक्रवार को शामली शुगर मिल में पत्रकारों को जानकारी देते हुए यूनिट हैंड प्रदीप कुमार सालार ने बताया कि शामली चीनी मिल द्वारा पेराई सत्र 2024-25 में कुल 85।84 लाख कुंटल गन्ने की खरीद का 316।31 करोड़ का सम्पूर्ण भुगतान 30 मई को करके अपना वायदा भी पूरा कर दिया है। शामली चीनी मिल पेराई सत्र 2024-25 का सम्पूर्ण भुगतान करने वाली शामली जिले की पहली चीनी मिल बन गई है। यूनिट हैड द्वारा सभी किसानों द्वारा दिए सहयोग के लिए धन्यवाद देते हुए अपील की कि सभी किसान ज्यादा से ज्यादा क्षेत्रफल में उन्नतशील गन्ना प्रजातियों की बुवाई करे। गन्ने की प्रथम एवं द्वितीय पेडी में भी पैदावार बढ़ाए तथा चीनी मिल के गन्ना विभाग द्वारा चलाए जा रहे गन्ना विकास कार्यक्रम की गतिविधियों का अधिक से अधिक लाभ लेकर अपनी आमदनी बढाए। उन्होने किसानों से कहा कि वर्तमान में जारी गन्ना सर्वेक्षण के समय अपने खेतों पर उपस्थित रहकर सही-सही सर्वे-सट्टा करा ले, बेसिक कोटा बढ़ाए एवं समस्त गन्ना आगामी पेराई सत्र में अपनी चीनी मिल को ही सप्लाई करें। अपने खेतों का प्रतिदिन निरीक्षण करते रहे तथा कीट एवं विमारियों के प्रति सावधान रहें। रेड-रोट, स्मट प्रभावित गन्नो की छटनी करते रहे। पाइरिला, स्केल इन्सेक्ट एवं चोटी वेधक की रोकथाम के उपाय करें। इस अवसर पर महाप्र.

**शामली चीनी मिल**

बंधक गन्ना केपीएस सरोहा, महाप्र. बंधक सतीश बालियान, दीपक राणा आदि मौजूद रहे।

# पुलिस अधीक्षक ने किया पुलिस लाइन का निरीक्षण



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** पुलिस अधीक्षक द्वारा शुक्रवार की परेड के दौरान पुलिस लाईन शामली का निरीक्षण कर सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए है। शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक रामसेवक गौतम द्वारा परेड के दौरान पुलिस लाईन शामली का निरीक्षण किया गया। उनके द्वारा सर्वप्रथम पुलिस लाईन में परेड़ की सलामी ली गई। परेड में शामिल अधिकारी, कर्मचारियों के टर्नआउट व ड्रिल का मुआयना किया गया। पुलिस लाइन में कर्मचारियों के मैस में भोजन की गुणवत्ता, आवासीय बैरक, शौचालय आदि का भ्रमण कर साफ-सफाई की स्थिति का जायजा लिया गया। इस निरीक्षण में पुलिस लाईन की परिवहन शाखा व यूपी-112 शाखा के वाहनों की स्थिति की जानकारी भी की गई। इसके बाद एसपी द्वारा अर्दली रूम में रजिस्टर चौक किए गए एवं सम्बन्धित को आवश्यक दिशा- निर्देश दिए गए। इस दौरान क्षेत्राधिकारी नगर अमरदीप सिंह मौर्य, क्षेत्राधिकारी थानाभवन जितेन्द्र कुमार व प्रतिसार निरीक्षक विक्रम सिंह मौजूद रहे।

# जियो और जीने दो, जीव दया ही धर्म है

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शुक्रवार को शहर के मौहल्ला धर्मपुरा स्थित आदिनाथ दिगम्बर जैन मन्दिर के प्रांगण में श्रुताराधक सन्त क्षुल्लक प्रज्ञांशसागर गुरुदेव के पावन सान्निध्य में एक प्रभावशाली धर्मसभा का आयोजन किया गया, जिसमें उन्होने जीवदया और भगवान महावीर का जियो और जीने दो उपदेश विषय पर अपना ओजस्वी प्रवचन दिया। शुक्रवार को प्रज्ञांशसागर गुरूदेव ने प्रवचन की शुरुआत करते हुए कहा कि संसार में जितनी भी पीड़ा है। उसका मूल कारण एक ही है हिंसा, और जितनी भी शान्ति है, उसका मूल आधार है



दया। भगवान महावीर स्वामी का 'जियो और जीने दो' केवल एक नारा नहीं, वरन् समस्त जीवों के कल्याण का महामन्त्र है। कहा कि जीवदया केवल एक भावना नहीं, धर्म का आधार है। गुरुदेव ने कहा कि जैन धर्म में जीवदया को केवल एक नैतिक मूल्य नहीं, अपितु धर्म का प्राण माना गया है। एक-एक जलकण, वायु और अग्नि में अनन्त जीव हैं। अनजाने में भी हिंसा न हो, इसके लिए जैन मुनि नग्न वेश धारण करते हैं ताकि वस्त्र निर्माण की प्रक्रिया में जो हिंसा होती है उससे बचा जा सके एवं जीवदया के उपकरण पिच्छी-कमण्डलु का उपयोग करते हैं। उन्होंने बताया कि भगवान महावीर स्वामी ने 2600 वर्ष पूर्व ही परम्परा अनुसार पर्यावरण, पशु अधिकार और सह-अस्तित्व की शिक्षा दी, जब यह विचार विश्व में कहीं अस्तित्व में भी नहीं थे। सभा में संतोष जैन, दीपक जैन, प्रवीण जैन, राजेश जैन, सुशील जैन, अंकित जैन, अरुण जैन, अजय जैन, गौरव जैन, सुधा जैन, अंजना जैन, अंजली जैन, गुणमाला जैन, अंशिका जैन, आशु जैन, पंकज जैन आदि लोग उपस्थित रहे।

# पंखे से लटका मिला विवाहिता का शव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिहारीगढ।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम गणेशपुर में एक विवाहिता का पंखे से लटका हुआ शव बरामद हुआ, सूचना पाकर बिहारीगढ़ पुलिस मौके पर पहुँची। पुलिस ने परिजनों से सभी जानकारी हासिल की उसके बाद शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।



थाना क्षेत्र बेहट के ग्राम भागूवाला निवासी राजकुमार की पुत्री माांगी का विवाह 5 वर्ष पूर्व तारीफ राणा के पुत्र योगेश राणा निवासी गणेशपुर के संग हुआ था, लेकिन इन दोनों के अभी कोई संतान नहीं हुई थी। विवाहिता माँगी के घरवालों के अनुसार माँगी को अक्सर संतान न होने के कारण छींटाकशी का शिकार होना पड़ता था, जिसकी शिकायत उसने कई बार परिवार के लोगों से कि थी, जिसको लेकर दोनों परिवारों में मनमुटाव भी हुआ था हालांकि पंचायत के द्वारा मामला सुलझा लिया गया था और दोनों अपने गाँव गणेश. पुर में हंसी खुशी रह रहे थे, पता नही इन आपस में बीती रात ऐसा क्या हुआ कि सुबह उसका शव पंखे से लटका हुआ मिला ? शव देखकर सभी भौंचक्के रह गए। इसकी सूचना तुरन्त बिहारीगढ़ पुलिस को दी गई। पुछताछ मे पुलिस ने परिजनों से सभी जानक. ारी जुटा कर आगे की कारवाई शुरु कर दी।

थाना प्रभारी जावेद खान ने बताया कि प्रथम दृष्टिया मामला आत्महत्या का लगता है, फिर भी इस मामले की गहराई से जांच की जायेगी बाकी कारवाई पोस्टमार्टम की रिपोर्ट आने के बाद की जाएगी।

## पूर्व चेयरमैन हादसे में घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अंबेहटा।** पूर्व चेयरमैन राज. कुमार खुराना सडक दुर्घटना में घायल हो गए टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार पूरी तरीके से क्षतिग्रस्त हो गई।

नगर पंचायत पूर्व चेयरमैन राज. कुमार खुराना आज दोपहर अपनी कार में सवार होकर सहारनपुर से अंबेहटा अपने प्रतिष्ठान आ रहे थे रास्ते में गांव मोहदीनपुर के निकट पेड की टहनियों व पत्तों से भरे बाईक रेहड़ा से कार टकरा गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थीं कि कार के दोनों एयरबैग खुल गए, जिस कारण राज. कुमार खुराना बाल बाल बच गये उनके मामूली चोट आई है। कार क्षतिग्रस्त हो गई लोगों ने बताया कि यदि गाड़ी के दोनों एयरबैग न खुलते तो बड़ी दुर्घटना हो सकती थी। हादसे की सूचना मिलने ही उनके छोटे भाई महेंद्र खुराना नगर के लोग मौके पर पहुंचे और नगर के एक निजी चिकित्सक के दिखाया जहां उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई है।

# पत्रकार अपने काम पर चिंतन करें: परवेज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नागल।** पत्रकारिता दिवस के उपलक्ष में प्रेस क्लब नागल द्वारा आयोजित कार्यक्रम में वक्ताओं ने पत्रकारों से अपने कार्य के बारे में चिंतन करते रहने पर बल दिया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रेस क्लब नागल के संरक्षक मनसब अली परवेज ने कहा कि वर्तमान मे पत्रकारिता मिशनरी न रहकर व्यवसाय का रूप ले चुकी है। समय के साथ बहुत बदलाव हुआ है लेकिन प्रिन्ट मिडिया आज भी विश्वसनीय हैं। पत्रकार बंधु समाज को सही आईना दिखाने का काम करे साथ ही चिंतन करे कि उनके द्वारा प्रकाशित समाचार से समाज, राष्ट्र का क्या भला हो रहा है। नकारात्मकता से बचे सकारात्मकता को अपनाएं। अजय अग्रवाल ने कहा कि वर्तमान दौर में प्रेस की दिशा एवं दशा निरंतर बदल रही है इसका मुख्य कारण पत्रकारिता के क्षेत्र में ऐसे तत्वों का प्रवेश है जो समाज में पत्रकारिता को कलंकित करने का कार्य कर रहे हैं। थाना प्रभारी निरीक्षक रमेश चन्द्र सिंह ने कहा कि पत्रकार एवं पुलिस एक दूसरे की पूरक है परस्पर सहयोग एवं समन्वय से समाज को एक अच्छा संदेश दिया जा सकता है । खंड विकास अधिकारी प्रेम सिंह ने कहा कि पत्रकार हमारी कमियों को उजागर करने के साथ-साथ अच्छाइयों को भी उजागर करें। सी एच सी प्रभारी डॉ नितिन कुमार ने कहा कि जिस तरह चिकित्सक अपने कार्य से रोगियों को स्वस्थ बनाने का कार्य करता है उसी तरह पत्रकार भी अपनी लिखने के माध्यम से समाज को स्वस्थ बनाने का काम करता है।




विद्युत उपखंड अधिकारी सुरेंद्र कुमार ने कहा कि पत्रकार की समाज के प्रति जागरूकता जितनी अधिक होगी उसकी लेखनी का दबदबा भी उतना ही अधिक होगा। कार्यक्रम में आये अतिथियों को सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मुख्य रूप से अवर अभियंता रवि शंकर, राजकुमार शर्मा, ओमप्रकाश जैन, संजीव विश्वकर्मा, एस.डी. गौतम, गुलफाम अली, अजीत त्यागी, विनोद शर्मा, साबिर अली, राजकरण चौधरी, मास्टर वीरेंद्र, उप निरीक्षक महेश कुमार, सनी तोमर, सोनू सैनी आदि उपस्थित रहे।

# अहिल्याबाई ने नारी सशक्तिरण की जलाई थी मशाल: निम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर मनिहारान।** विधायक देवेंद्र निम ने कहा कि रानी अहिल्याबाई होल्कर से प्रेरणा लेकर समाज को जोडने और राष्ट्रीय एकता को सशक्त बनाने की भाजपा सरकार की अभिनव पहल मील का पत्थर साबित होगी।



माता अहिल्याबाई होल्कर त्रिशताब्दि स्मृति अभियान के अंतर्गत नगर पंचायत सम्मेलन में विधायक देवेंद्र निम ने विशेष कार्य करने वाली महिलाओं को सम्मानित किया। संबोधित करते हुए विधायक देवेंद्र निम ने कहा कि माता अहिल्याबाई होल्कर महिलाओं के लिए संघर्ष करने और उन्हें उनके अधिकार और सम्मान दिलाने वाली वीरांगना थी। उन्होंने नारी सशक्तिकरण की वो मशाल जलाई जिससे आज तक चहुँ और उजाला फैल रहा है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार माता अहिल्याबाई होल्कर से प्रेरणा लेकर महिलाओं के सर्वांगीण विकास के लक्ष्य को लेकर चल रही है।पहली बार महिलाओं को सशक्त सक्षम स्वावलंबी बनाने के लिए इतनी कल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही हैं।इन योजनाओं के कारण महिलाएं और उनके परिवार उन्नति कर रहे हैं और देश विकास के मार्ग पर तेजी से आगे बढ़ रहा है। विधायक देवेन्द्र निम ने सरकार की कल्याणकारी योजनाओं की विस्तार से जानकारी देते हुए कहा कि पार्टी कार्यकर्ता और विभागों को अधिक से अधिक महिलाओं को सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलाना चाहिए। भाजपा जिलाध्यक्ष महेंद्र सैनी ने कहा कि भाजपा में महिलाओं को विशेष सम्मान दिया जाता है।

इस दौरान चेयरपर्सन रेणु बालियान, नगर पंचायत अधिशासी अधिकारी सविता वर्मा, प्रदीप चौधरी, संजय चेयरमैन, प्रमोद कौशिक, विनोद पँवार, मनीष पँवार, गौतम चौधरी, नफीज सैफी, नदीम अहमद, संदीप सैनी, सूरज वाल्मीकि, निहाल वाल्मीकि, कल्याण सिंह, विकास प्रधान, मेघराज पँवार, किरतपाल चौधरी आदि भारी संख्या में महिलाएं भी मौजूद रही। कार्यक्रम का संचालन धर्मेस गुप्ता ने किया।

## मोटरसाइकिल चोरी

**गागलहेड़ी।** मोटरसाईकिल चोरी की वारदात कर चोरो ने दी पुलिस को चुनोती दी है।

जानकारी के अनुसार शुक्रवार की रात को कस्बा गागलहेड़ी में चोरो ने एक मोटरसाईकिल चोरी कर ली है पीड़ित मयंक शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि वह अपनी बाइक खड़ी कर अपनी दुकान में काम करने लगा थोड़ी देर बाद जब अपने घर जाने के लिए दुकान से बाहर आया तो देखा मेरी बाइक वहा से गायब थी।मैने काफी तलाश की तो नही मिली जिसकी सूचना थाना गागलहेड़ी को दे दी है। वही मोटरसाईकिल चोरी की घटना बार बार होने से पुलिस गस्त पर सवाल खड़े कर रही है।जिससे व्यापारीयों में भी रोष बना हुआ है। क्योंकि पहले भी बाजार व कई गांवों में भी चोरी की घटना हो चुकी है। जिनका पुलिस अभी तक खुलाशा नहीं कर पाई है ।

# मिल्स संघ सदस्य बनीं ऊषा देवी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर मनिहारान।** सहकारी चीनी मिल्स संघ में क्षेत्र के गाँव जांडखेड़ा की उषा देवी को सदस्य बनाया गया है। जिससे क्षेत्र में खुशी का माहौल है।



सहकारी चीनी मिल्स संघ लखनऊ में 14 सदस्य की प्रदेश कार्यकारिणी का गठन राज्य सरकार के निर्देशानुसार संपन्न हुआ जिसमें उपसभापति आजमगढ़ परिक्षेत्र के ऋषि कांत राय ने ऊषा देवी पत्नी आनंद सिंह निवासी ग्राम जाण्डखेडा को सहारनपुर मंडल परिक्षेत्र से सदस्य बनाया गया।सन 1964 में गठित सहकारी चीनी मिल्स संघ लि० लखनऊ में पहली बार कोई प्रतिनिधि जनपद से कार्यकारिणी में शामिल हुआ है। गांव जाण्डखेडा पहु. चने पर हुए स्वागत पर बोलते हुए श्रीमती ऊषा देवी ने कहा उनकी समस्याओं को प्रदेश स्तर पर गंभीरता से उठाया जाएगा, और किसानों की समस्या का हल प्राथमिकता के आधार पर कराया जायेगा। सहकारी चीनी मिल्स संघ लखनऊ कार्यकारिणी सदस्य बनाये जाने पर गंगोह विधायक चौधरी किरत सिंह ने उषा देवी को पुष्पगुच्छ भेंट कर बधाई एवं शुभकामनाएँ प्रदान की।

इस अवसर पर जिला भाजपा उपाध्यक्ष चौधरी सत्यपाल सिंह, मण्डल अध्यक्ष अंबेहटा मनोज चौधरी एड., समाज सेवी एवं पर्यावरणविद गजेन्द्र सिंह नैनखेड़ी, नीरज कुमार सहित भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# पत्रकारिता दिवस पर कस्बों में स्वच्छ पत्रकारिता पर दिया जोर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नकुड़।** पत्रकारिता दिवस की पूर्व संध्या पर नकुड़ में एक सार्थक पहल के तहत प्रेस क्लब का पुनर्गठन किया गया। यह केवल संगठन का पुनर्गठन नहीं बल्कि उस विचार की पुन: स्थापना है जिसमें पत्रकारिता को महज पेशा नहीं बल्कि सामाजिक परिवर्तन का सशक्त माध्यम माना गया है।

एसआईटी कॉलेज में आयोजित इस महत्वपूर्ण बैठक में क्षेत्रीय पत्रकारों की बड़ी भागीदारी रही। पत्रकारिता के बदलते स्वरूप मौजूदा चुनौतियों और भविष्य की दिशा पर खुलकर चर्चा हुई। इसी मंच से सर्वसम्मति के साथ वरिष्ठ पत्रकार इंद्रेश त्यागी को नकुड़ प्रेस क्लब का अध्यक्ष चुना गया। बैठक में पूर्ण पारदर्शिता और आपसी सहमति के साथ कार्यकारिणी का गठन हुआ। संयोजक नरेश गोयल, दिग्विजय त्यागी, महासचिव: राजन शर्मा, उपाध्यक्ष नदीम निजामी, नवीन धीमान, कोषाध्यक्ष काजी शाहिद अहमद, संगठन मंत्री विपिन आर्य, कार्यकारिणी सदस्य राकेश गुप्ता, राजेश जैन, आलोक जैन, आरिफ खघन, अनुज सिंघल, अरुण चौधरी बनाए गए। नवनिर्मित टीम को जिम्मेदारी सौंपी गई है कि वह पत्रकारों के हितों की रक्षा करते हुए समाज के प्रति जवाबदेही भी सुनिश्चित करे। नव निर्वाचित अध्यक्ष इंद्रेश त्यागी ने अपने संबोधन में कहा कि नकुड़ प्रेस क्लब नकुड़ महज औपचारिक संस्था नहीं रहेगा, बल्कि पत्रकारों की अस्मिता सुरक्षा और सामाजिक सरोकारों की एक संगठित प्रखर आवाज बनेगा। उन्होंने क्षेत्रीय संवाददाताओं की चुनौतियों को रेखांकित करते हुए निष्पक्ष और निर्भीक पत्रकारिता को सर्वोच्च प्राथमिकता बताया। बैठक में वक्ताओं ने इस बात पर विशेष बल दिया कि मौजूदा समय में जब सूचनाएं हथियार बन रही हैं तब पत्रकारों का संगठित और सजग रहना अत्यंत आवश्यक है।





**नानौता।** हिंदी पत्रकारिता दिवस पर ब्राइट होम पब्लिक स्कूल द्वारा पत्रकारों को सम्मानित किया गया।

ब्राइट होम पब्लिक स्कूल द्वारा हिंदी पत्रकारिता दिवस के उपलक्ष्य में एक कार्यक्रम आयोजित किया गया कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डायरेक्टर जुनैद खान ने कहा कि आज के युग में पत्रकारिता जोखिम भरा कार्य है पत्रकार बिना किसी डर के निष्पक्ष खबरें जन जन तक पहुंचाते हैं इनके कार्य के लिए हम पत्रकारों के जज्बे को सलाम करते हैं। प्रिंसिपल मौहम्मद अहमद खान ने कहा कि पत्रकार समाज का आईना है पत्रकार की लोकतांत्रिक व्यवस्था में अहम भूमिका होती है। पत्रकार दिलशाद राणा ने कहा कि पत्रकार निर्भिक होकर कलम चलाता है पत्रकार को समाज का आईना इस लिए कहते हैं कि वह सभी घटनाओं को समान रूप से देखता है सच्चा पत्रकार वहीं है जो निष्पक्ष रूप से अपनी लेखनी का प्रयोग करता है।

इस अवसर पर वरिष्ठ पत्रकार हाजी शमीम मंसूरी, दिनेश पुंडीर, फैय्याज अली, सतीश रोहिला, फैजान सिद्दीकी, भरत अग्रवाल, सुमित टपरानियां, शाह अब्बास जैदी, अनिल राणा, मनोज तौमर, दिलशाद राणा आदि पत्रकारों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर गौरव भार्गव, अंकूर चौधरी, विश्वजीत सिंह, मनोज धीमान, मौ. समी, राहुल शर्मा, आशीष कुमार, अरूज अब्बास, ममता पुण्डीर, वन्दना तोमर, महक सिंह, देवेन्द्र कुमार, कंचन नागर, सौयबा सिद्दकी, अफसाना, राहीमीन, शिवानी चौहान, बिलाल मंसूरी आदि शिक्षकगण उपस्थित रहें।

# समर कैम्प में पेड़ के पत्थों से सिखाया आकृतियां बनाना



**नकुड।** परिषदीय विद्यालयों में चलाए जा रहे समर कैम्प में विद्यार्थियों को खेल खेल में पेड़ के पत्तों से आकर्षक आकृतियां बनाना सिखाया गया।

ब्लॉक क्षेत्र के परिषदीय विद्यालयों में प्रदेश सरकार द्वारा चलाए जा रहे समर कैम्प में उत्साह देखने को मिल रहा है। क्षेत्र के जगहता गुर्जर स्थित विद्यालय में विपिन धीमान व शिवकुमार तोमर के संचालन में चलाए जा रहे समर कैम्प में विद्यार्थियों को पेड़ के पत्तों से पशु पक्षियों की आकृतियां बनानी सिखाई गई एवं साइबर सुरक्षा पर लघु नाटिका का भी सफल प्रस्तुतिकरण किया गया। जबकि नगर के पी.एम. श्री विद्यालय में बच्चों को आरोग्य पेंटिंग बनाना, टाई एंड डाई करना सिखाया गया। संचालक राजेश जैन व अरविन्द कुमार ने बताया कि समर कैम्प में बच्चों को खेल खेल में विज्ञान, पर्यावरण, गणित, कम्प्यूटर, स्वर, लय के साथ गीत, कविता, पेंटिंग, आदि का ज्ञान दिया जा रहा है। ब्लॉक के रानीपुर बरसी, नलहेड़ा, खारिबांस, भैरमऊ, टाबर, नगला नसीराबाद आदि विद्यालयों में भी समर कैम्प सफलता पूर्वक चलाए जा रहे हैं।

**SAHARANPUR DEVELOPMENT AUTHORITY, SAHARANPUR**

Letter No-531/SDA/2025-26 Date: 30-05-25

**E-Tender Notice**

Online E-Tender are invited from well established Nurseries for Horticulture, Plantation and Landscaping Works. The E-Tender documents can be downloaded from the website www.etender.up.gov.in Online window for downloading and uploading fo E-Tender will be open between 31-05-2025 and 05-06-2025 (up to 02:00 P.M.). E-Tender is to be uploaded in two parts, i.e. Technical Bid and Financial Bid. Technical Bid shall be opened on 06-06-2025 at 04:00 P.M.

**Secretary**
**Saharanpur Development Authority**

## एक नजर

### सहकारी समिति में पेड़ों को तूफान से नुकसान

**छुटमलपुर।** क्षेत्र के कमालपुर गांव में बीती रात आए तेज आंधी-तूफान ने सहकारी समिति के परिसर में लगे यूकेलिप्टस के पेड़ों को भारी नुकसान पहुंचाया। इन पेड़ों के टूटने से स्थानीय ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। ग्रामीण सुनील सैनी ने बताया कि इन पेड़ों से लंबे समय से खतरा बना हुआ है। सुनील सैनी ने उप जिला अधिकारी को कई बार इस समस्या से अवगत कराया है। उन्होंने बताया कि डेढ़ महीने पहले भी उन्होंने एसडीएम को आवे. दन देकर इन पेड़ों को कटवाने की मांग की थी। इसके अलावा, वह पहले भी तीन बार इस संबंध में आवेदन दे चुके हैं, लेकिन अभी तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। सुनील सैनी ने चिंता जताते हुए कहा, ष्इन पेड़ों से किसी भी समय बड़ा नुकसान हो सकता है। रात के तूफान में पेड़ टूटकर हमारे मकान की छत पर गिर गए, जिससे हमारी जान को खतरा है। प्रशासन से अनुरोध है कि इन पेड़ों को जल्द से जल्द कटवाने की व्यवस्था की जाए।ष

ग्रामीणों ने प्रशासन से तत्काल कार्रवाई की मांग की है, ताकि भविष्य में किसी बड़ी दुर्घटना को रोका जा सके। इस मामले में प्रशासन की ओर से अभी तक कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है।

### संवेदनशील स्थानों पर किया पैदल मार्च

**चिलकाना।** आगामी त्यौहार ईद उल अजहा को शांति पूर्ण रूप से सम्पन्न कराये जाने के दृष्टिगत सीओ सदर ने स्थानीय पुलिस टीम व आरआरएफ के जवानों के साथ नगर व संवेदनशील स्थानों पर पैदल मार्च किया। आगामी त्यौहार ईद उल जुहा ( बकरीद ) को शांतिपूर्वक संपन्न कराने व क्षेत्र में शांति व्यवस्था सुदृढ बनाये रखने के हेतु सीओ सदर मनोज कुमार यादव ने स्थानीय थाना पुलिस टीम एवं सुरक्षा बल के जवानों के साथ नगर के मुख्य बाजारो, गली मोहल्लों एवं संवेदनशील स्थानों पर पैदल मार्च किया। मार्च के दौरान सीओ ने क्षेत्र के लोगों से आगामी त्यौहार को शांतिपूर्ण तरीके से आपस में मिलजुल कर मनाए जाने की अपील की। इस दौरान थाना प्रभारी चन्द्रसेन सैनी, कस्बा इंचार्ज एसआई श्याम सिंह व हेड कांस्टेबल कुलदीप आदि मौजूद रहे।

### एक माह की धनराशि देने की घोषणा

**रामपुर मनिहारान।** ब्लाक क्षेत्र के ग्राम प्रधानों की बैठक में ऑपरेशन सिंदूर में राष्ट्र की सुरक्षा के लिए वीरगति को प्राप्त हुए शहीदों के परिवारों को अपने एक माह के वेतन की धनराशि को दान करने की घोषणा की गई।

कस्बे में ब्लाक क्षेत्र के ग्राम प्रधानों की एक बैठक का आयोजन किया गया जिसमें सभी प्रधानों ने भाग लिया। नकुल चौधरी ने कहा कि देश की सीमाओं पर सजग प्रहरी के रूप में मौजूद सेना के जाँबाज जवानों के कारण ही आज हम और हमारे देश की सीमाएं सुरक्षित हैं। बैठक में निर्णय लिया गया है कि सभी प्रधान स्वेच्छा से अपना एक माह का मानदेय ऑपरेशन सिंदूर में राष्ट्र की सुरक्षा के लिए वीरगति को प्राप्त हुए शहीदों के परिवारों को दान करेंगे। जिस क्रम में अब तक सविता देवी प्रधान चकवाली, बिजेंद्र प्रधान, डॉ तेज बहादुर, गालिब, अनुज, मनीष, प्रिंस, राजकुमार, नरेश, जोगेंद्र, हुसैन, नकली, विकास, राजकुमार, तरसपाल, रोबिन द्वारा अपना-अपना एक माह का मानदेय 5 हजार रुपए जमा करा दिया गया है।नकुल चौधरी ने बताया कि दानराशि एकत्रित हो जाने के बाद बैंक ड्राफ्ट द्वारा राहत कोष में भेजी जाएगी। ग्राम प्रधानों द्वारा किए गए इस कार्य की सराहना की जा रही है।

## युवती बरामद, आरोपी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नागल।** करीब तीन माह पहले थाना क्षेत्र के गांव बोहडुपुर से अगवा की गई युवती को पुलिस ने आरोपी सहित गिरफ्तार कर युवती को नारी निकेतन भेज दिया है।

थानाध्यक्ष रमेश चंद सिंह ने बताया कि गांव बोहडुपुर निवासी एक व्यक्ति ने गत 27 फरवरी को तहरीर देकर बताया था कि उसकी बेटी को गांव गंझेड़ी निवासी एक युवक बहला फुसलाकर अगवा कर ले गया है । पुलिस ने मामला दर्ज करते हुए लड़की की बरामदगी को लेकर पुलिस ने जांच पड़ताल शुरू कर दी थी। शुक्रवार सुबह करीब 9 बजे मुखबिर से सूचना मिली कि गांव बोहडुपुर से अगवा की गई लड़की सहित आरोपी युवक कहीं भागने की फिराक में है तथा दोनों गांव लाखनौर पुल के नीचे खड़े है।

# शहीदी पर्व पर लगाई गई छबील

**सहारनपुर।** शांति के पुंज, दु:ख मे भी सुख देने वाली गुरुबानी श्री सुखमनी साहिब के रचियता सिखों के पांचवे गुरु श्री गुरु अर्जुन देव जी का शहीदी पर्व जहां आज पूरी दुनिया और जनपद के विभिन्न गुरुद्वारों में बड़े प्रेम और श्रद्धा के साथ मनाया गया।

महानगर की प्रसिद्ध संस्था फ्रेंड्स मॉर्निंग क्लब द्वारा इस मौके पर नवाब गंज चौक स्थित क्लब कार्यालय पर रहागीरों के लिए कच्ची लस्सी शरबत की छबील लगाई जिसमें हजारों राहगीरों ने अपनी प्यास बुझाई। इस मौके पर क्लब के अध्यक्ष एम. पी. सिंह चावला ने बताया कि धर्म और मानवता की रक्षा के बदले उस समय के हिंदुस्तान की हुकूमत के बादशाह ने श्री गुरु अर्जुन देव जी को कई शारीरिक यातनाएं दी थी। जैसे गुरु जी को बहुत बड़े गर्म तवे पर बैठाकर उन पर ऊपर से गर्म रेत डाली गयी, कभी गुरु जी को बड़ी बतीली के अंदर उबलते हुए पानी में बैठाये रखा परन्तु गुरु जी अपने निर्णय से नहीं डोले बल्कि बिल्कुल शांत होकर तेरा भाना मीठा लागे जैसे गुरुबानी के शब्दों का उच्चारण करते रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में फ्रेंड्स मॉर्निंग क्लब के अध्यक्ष एम. पी. सिंह चावला, कोषाध्यक्ष सतीश कक्कड़, पूर्व अध्यक्ष राजेश गाँधी, पूर्व कोषाध्यक्ष हरीश ईशपुजानी, गुरजीत मल्होत्रा, गौरव मारवाह, विनोद वर्मा, डिम्पी, अरविन्दर पाल सिंह चावला, बॉबी गुम्बर, नरेश मदान, अजय ठकराल, राकेश सचद. ेवा, संजय तनेजा, राजीव अरोड़ा आदि का विशेष योगदान रहा।




# टूटी सड़क बनवाने की मांग



**सडोली कदीम।** बेहट यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को भेजे गए मांग पत्र मे सचिन गर्ग पुत्र पवन गुप्ता मांग करते हुए कहा कि अकलसिया डंडोली मार्ग वाया चिलकाना हरियाणा कि सीमा से जुड़ता है इस मार्ग पर करीब 100 ग्राम पंचायत पड़ती है। इस मार्ग पर खनन के डंपर चलते है जिस वजह से सड़क गड्ढों मे तब्दील हो गयी है जिसे बनवाया जाना अती आवशयक है। मुख्यमंत्री को भेजे गए मांग पत्र पर ब्लॉक प्रमुख साढोली कदीम विश्वास चौधरी,ग्राम प्रधान उसण्ड रीना देवी,ग्राम प्रधान पठानपूरा आजम,दीपक कुमार,शिवम् आदि के हस्ताक्षर है।

## फर्जी मुकदमे वापस न लेने पर 5 को आंदोलन की चेतावनी

**नागल।** कस्बे के रेलवे रोड स्थित भाकियू तोमर के युवा वाहिनी के जिला कार्यालय पर आयोजित एक बैठक मे गत 27 मई को संगठन के कार्यकर्ताओं के विरुद्ध दर्ज मुकदमें को लेकर एक बैठक आयोजित की गई जिसमें चेतावनी दी गई कि अगर पुलिस द्वारा फर्जी मुकदमे वापस नही लिए गये तो उनका संगठन आगामी 5 जून को थाना फतेहपुर पर एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन करेगा।

संगठन के जिला अध्यक्ष सौरभ त्यागी ने कहा कि संगठन के कार्यकर्ताओं ने किसानों की समस्याओं को लेकर गत 27 मई को शांतिपूर्वक धरना प्रदर्शन किया था। टोल प्रबंधक ने समस्या का समाधान करने का आश्वासन दिया था लेकिन टोल प्रबंधक अवनीश मिश्रा ने अपने तानाशाही रवैया से चलते कार्यकर्ताओं के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। जिसे संगठन किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं करेगा। शुक्रवार को उन्होने एस एस पी डॉ रोहित सजवाण से मिलकर निष्पक्ष जांच कर कर मुकदमा वापस करने की मांग भी की है। बैठक में मोहित गोयल, अलीम अहमद, मुकीम, मुजीबुर रहमान, जुल्फिकार, रियाज, कादिर, कविता ,सविता, सोनिया, स्मृति ईरानी आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# खनिज से भरे दो वाहन सीज



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बेहट।** एसडीएम मानवेंद्र सिंह ने पुलिस, परिवहन और खनन विभाग अधिकारियों के साथ खनिज वाहनों की चेकिंग में दो वाहनों को पकड़कर सीज कर दिया।

बीती रात एस डी एम मानवेंद्र सिंह ने पुलिस, खनन विभाग और परिवहन विभाग के अधिकारियों को साथ लेकर सड़कों पर निकल पड़े अवैध खनन भरकर ला रहे वाहनों को धड़पकड़ के लिए सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान खनिज के अवैध परिवहन से जुड़े लोगों में हड़कंप मचा रहा। एस डी एम ने नायब तहसीलदार भूपेंद्र सिंह, सीओ मुनीष चंद्र, ए आर टी ओ एमपी सिंह एवं खनन निरीक्षक सहित टास्क फोर्स के अधिकारियों की टीम के साथ तहसील गेट पर वाहनों की चेकिंग शुरू कर दी। देर रात तक खनिज वाहनों को चेक किया गया। इस दौरान दो वाहन पकड़े गए है और आधा दर्जन वाहनों जिन पर नंबर प्लेट नहीं थी और न ही माइनिंग टैग लगा था उनके चालान काटे गए है और दोनों वाहनों को सीज कर पुलिस की सुपुर्दगी में दे दिए गए है। एसडीएम ने कहा कि खनिज का अवैध एवं ओवरलोड परिवहन किसी भी सूरत में होने नहीं दिया जाएगा। पकड़े गए वाहनों के खिलाफ कार्यवाही के लिए खनन विभाग को रिपोर्ट भेजी जा रही है।

# पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान हनीट्रैप गिरोह के सदस्यों को किया गिरफ्तार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** पुलिस ने मुठभेड़ के बाद ट्रक चालक को जाल में फंसाकर लूटपाट करने वाले हनीट्रैप गिरोह के दो सदस्यों को गिरफ्तार किया। इनमें एक सदस्य पैर में गोली लगने से घायल हुआ है।

कोतवाली पुलिस को आधी रात के बाद खडंजा नहर की पुलिया पर चेकिंग के दौरान खेड़ी आसा की तरफ से एक बाइक आती दिखाई दी। उस पर दो लोग सवार थे। शक होने पर पुलिस ने उन्हें रुकने का इशारा किया। बदमाश बाइक को घुमाकर भागने लगे। पुलिस ने पीछा किया तो उनकी बाइक स्लिप होकर गिर गई। पीछा करते पुलिस पर फायरिंग करते हुए खेतों के रास्ते फरार होने लगे। पुलिस ने जवाबी कार्रवाई में एक बदमाश बाएं पैर में गोली लगने से घायल हो गया। जबकि दूसरे बदमाश को कॉबिंग के दौरान गिरफ्तार किया। पुलिस के मुताबिक मुठभेड़ में गिरफ्तार बदमाश कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला पक्का बाग निवासी बाबर पुत्र बदर है, जो गोली लगने से घायल हुआ है और इसके विरुद्ध छह से अधिक आपराधिक मामले दर्ज हैं। जबकि उसका साथी मोहल्ला कायस्थवाड़ा का फैसल पुत्र इनाम है। इनके कब्जे से ट्रक चालक से लूटा गया मोबाइल फोन और 2800 रुपये की नकदी बरामद हुई। लूट के मामले में देवबंद कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज थी। जबकि उनके पास से एक चोरी की बाइक समेत एक तमंचा कारतूस भी बरामद हुआ है। पुलिस के मुताबिक गिरफ्तार बदमाशों ने हनीट्रैप गिरोह बनाया हुआ है, इसमें एक युवती भी शामिल है। जिसके जरिए गिरोह लोगों को अपना शिकार बनाता है।

> गिरफ्तार बदमाशों ने 26 मई की रात दिल्ली-देहरादून हाईवे पर एक ट्रक चालक को अपना शिकार बनाकर देवबंद कोतवाली क्षेत्र के मेघराजपुर गांव से पहले गिरोह में शामिल युवती ने ट्रक चालक से लिफ्ट मांगी। चालक ट्रक लेकर देवबंद की तरफ आगे बढ़ा, तभी मेघराजपुर गांव पहुंचने पर युवती ने ट्रक रोकने को कहा। ट्रक के रुकते ही दोनों गिरफ्तार बदमाशों ने चालक को हथियारों के बल पर हजारों रुपये की नकदी व मोबाइल फोन लूट लिया था।




# सरकारी गाइडलाइन का करें पालन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** जमीयत उलमा-ए-हिंद के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना अरशद मदनी ने ईद-उल-अजहा (बकरीद) पर सरकारी गाइडलाइन का पालन करने और प्रतिबंधित जानवरों की कुरबानी न करने की अपील की है।

मौलाना अरशद मदनी ने शुक्रवार को कहा कि इस्लाम में कुरबानी का कोई विकल्प नहीं है, यह एक धार्मिक कर्तव्य है जिसकी अदायगी हर सक्षम मुसलमान पर वाजिब है। इसलिए जिस व्यक्ति पर कुरबानी वाजिब है उसे हर हाल में यह फर्ज अदा करना चाहिए। उन्होंने कहा कि वर्तमान हालात के मद्देनजर यह जरुरी है कि मुसलमान एहतियात का रवैया अपनाएं। प्रचार-प्रसार और खासतौर पर सोशल मीडिया पर कुरबानी के जानवरों की तस्वीरें और वीडियो साझा न करें। कुरबानी करते समय सरकारी दिशा निर्देशों का



सख्ती के साथ पालन करें और प्रति. बंधित जानवरों (संरक्षित पशु) की कुरबानी करने से बचें। क्योंकि धर्म में इसके बदले काले जानवर की कुरबा. नी भी जायज है। मौलाना मदनी ने कहा कि अगर किसी जगह शरारती तत्व काले जानवर की कुरबानी से भी रोकते हैं तो समझदार और प्रभावशाली लोगों के माध्यम से स्थानीय प्रशासन को विश्वास में लेकर कुरबानी की जाए। अगर फिर भी इस धार्मिक फर्ज की अदायगी का कोई रास्ता न निकले तो किसी ऐसे इलाके में जाकर कुरबानी कर दी जाए जहां कोई परेशानी न हो। साफ सफाई का विशेष ध्यान रखें। अवशेष इधर उधर न फेंके बल्कि उन्हें इस तरह से दफन किया जाए कि उससे बदबू न निकले। कहा कि इस्लाम आपसी सौहार्द और प्यार और मोहब्बत का पैगाम देता है।

## हेयर विंग से वुजू व गुस्ल पर पड़ता है असर: गोरा

**देवबन्द।** जमीयत दावतुल मुसलीमीन के संरक्षक व प्रसिद्ध आलिम मौलाना कारी इस्हाक गोरा ने वर्तमान में मुसलमानों के बीच कृत्रिम बालों (हेयर विग) के बढ़ते प्रचलन पर रोशनी डालते हुए इस मसले पर शरीयत का नजरिया पेश किया है। उन्होंने कहा कि इससे वुजू और गुस्ल पर असर पड़ता है।

शुक्रवार को जारी बयान में मौलाना कारी इस्हाक गोरा ने कहा कि आजकल समाज में विग पहनने का चलन तेजी से बढ़ रहा है, लेकिन इसके दीन और शरीयत से जुड़े पहलुओं को लेकर आम लोगों में असमंजस का माहौल है। उन्होंने दारुल उलूम के एक पूर्व में जारी एक फतवे का हवाला देते हुए कहा कि यदि कोई व्यक्ति विग या नकली दाढ़ी लगाकर नमाज अदा करता है तो ऐसी नमाज अधूरी मानी जाएगी। क्योंकि इससे न सिर्फ तबीयत में बनावट आती है बल्कि वुजू और गुस्ल की शरई शर्तें भी पूरी नहीं हो पाती। कारी इस्हाक गोरा ने स्पष्ट किया कि इस्लाम में वुजू (नमाज से पहले शारीरिक शुद्धता के लिए हाथ, मुंह, सिर व पांव धोना) और गुस्ल (पूरे शरीर की पाकीजगी) का बड़ा अहम हिस्सा है। लेकिन जब सिर पर कृत्रिम बालों की टोपी (विग) चढ़ी हो तो पानी बालों के आर-पार होकर त्वचा तक नहीं पहुंच पाता। जिस कारण वुजू और गुस्ल का मूल उद्देश्य ही पूरा नहीं होता और जिस्म पाक नहीं माना जाता।

# अहिल्याबाई होल्कर महिला सशक्तिकरण की प्रतीक थीं: सिंह

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** माता अहिल्याबाई होल्कर अंतिम समय तक महिलाओं के उद्धार के लिए कार्य करती रही वह आदर्श एवं न्यायप्रिय शासिका महिला थी समाज के लिए उनका योगदान हमेशा याद किया जाएगा।

लोक निर्माण विभाग के राज्यमंत्री कुंवर बृजेश सिंह लाजपत नगर कालोनी में नगर पालिका परिषद के तत्वावधान में माता अहिल्याबाई होल्कर त्रिशताब्दी स्मृति अभियान के अंतर्गत आयोजित कार्यक्रम में अपने विचार व्यक्त कर रहे थे। उन्होने कहा कि माता अहिल्याबाई होल्कर ने 300 साल पहले महिला सशक्तिकरण की जो ज्योति जलाई थी वह आज भी सर्वसमाज को रोशनी मिल रहीं है। उन्होने कहा कि भाजपा सरकार महिला सशक्तिकरण के लिए विभिन्न योजनाएं चला रही है। भाजपा सभी महापुरुषों का सम्मान करती है। मुख्य वक्ता पिछड़ा वर्ग आयोग के सदस्य रमेश कश्यप ने कहा कि माता अहिल्याबाई होल्कर ने जीवन भर महिलाओं के उद्धार के लिए कार्य किए। वह आदर्श एवं न्यायप्रिय शासिका और धर्म परायण महिला थी समाज के लिए उनका योगदान सुनहरे लफजों में लिखा जायेगा। पालिकाध्यक्ष विपिन गर्ग, भाजपा नगराध्यक्ष अरुण गुप्ता, सेठ कुलदीप छाबड़ा व सभासद मनोज सिंघल ने भी अपने विचार व्यक्त किए। संचालन सभासद विपिन त्यागी ने किया। इस दौरान अधिशासी अधिकारी डा. डीके राय, डा. कांता त्यागी, सुधा गांधी, महक चौहान, श्याम चौहान, सुंदर लाल सैनी, रानी गंभीर, दीपिका छाबड़ा, स्नेहा टंडन, श्वेता धवन आदि गणमान्य लोग शामिल रहे।




# अंसारी बिरादरी का स्वतंत्रता संग्राम में योगदान

**देवबन्द।** अंसारी बिरादरी की आयोजित बैठक में सामाजिक व आर्थिक सशक्तिकरण को बढ़ाना देने, बिरादरी को एकजुट करने और समस्याओं को हल कराने के लिए चर्चा की गई। इस दौरान वक्ताओं ने एकजुट रहने पर जोर दिया। रहमान कॉलोनी में हुई बैठक में डॉ. जुबैर अंसारी ने कहा कि अंसारी बिरादरी का इतिहास मदीना के अंसार से मिलता है। जिन्होंने भाईचारे और इंसाफ की मिसाल कायम की। बिरादरी ने स्वतंत्रता संग्राम में महत्वपूर्ण योगदान दिया। गुलफाम अंसारी ने कहा कि बिरादरी के सदस्यों को एकजुट होकर स्थानीय समस्याओं के खिलाफ सामूहिक आवाज उठाने का संकल्प लेने की जरुरत है। नदीम अख्तर अंसारी ने कहा कि नौजवानों को शिक्षा और रोजगार के नए अवसरों से जोड़ने के लिए एक अंसारी कौशल केंद्र स्थापित करने की योजना बनाए, जो आधुनिक स्किल्स और आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देगा। सदरुद्दीन अंसारी, आमिर अंसारी, वकील अंसारी और राशिद अंसारी ने संयुक्त रुप से कहा कि हम सब एक परिवार के सदस्य है हमे मिलकर काम करना होगा। इस दौरान बैठक में आगामी बैठक में प्रत्येक मोहल्ले से सुझाव लाने का आह्वान किया साथ ही मजबूत नेतृत्व चुनने का संकल्प लिया गया। सामूहिक मंच के नाम से व्हाटसअप ग्रुप भी बनाया गया। इस मौके पर नसीर अंसारी, जावेद आसी, कलीम अंसारी, इक्तेदार अंसारी, तालिब अंसारी, शमीम, हैदर अंसारी, आसिफ अंसारी आदि मौजूद रहे।



# साइबर ठगी में पुलिस की कार्रवाई, कई पकड़े गए

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गुरुग्राम।** साइबर अपराध शाखा ने एक बड़ी कामयाबी हासिल करते हुए स्टॉक ट्रेडिंग में मोटे रिटर्न का लालच देकर लोगों से ठगी करने वाले गिरोह का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने इस मामले में उत्तर प्रदेश के सहारनपुर निवासी अख्लाक अहमद सहित 2 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार, आरोपी लोगों को फर्जी निवेश योजनाओं में निवेश करने के लिए प्रेरित करते थे और उन्हें जल्द व बड़े लाभ का वादा करते थे। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि यह गिरोह दुबई में स्थित साइबर अपराधियों के संपर्क में था, जो भारत में ठगी के इन नेटवर्कों को संचालित कर रहे हैं।

पकड़े गए आरोपियों से कई मोबाइल फोन, फर्जी दस्तावेज, बैंक खातों की जानकारी और लेन-देन के डिजिटल साक्ष्य बरामद किए गए हैं। पुलिस अब इस गिरोह से जुड़े अन्य लोगों और अंतर्राष्ट्रीय नेटवर्क की जांच में जुट गई है। गुरुग्राम पुलिस के साइबर सेल प्रमुख ने कहा कि, हए आरोपी सोशल मीडिया और अन्य डिजिटल प्लेटफार्मों के माध्यम से लोगों को निशाना बनाते थे। हमारी टीम ने तकनीकी विश्लेषण और



लोकेशन ट्रैकिंग के जरिए इन्हें ट्रेस कर गिरफ्तार किया है। फिलहाल तीनों आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है, और मामले की जांच जारी है। पुलिस को उम्मीद है कि पूछताछ में और भी बड़े खुलासे हो सकते हैं।

## नहर किनारे मिले वृद्ध की मौत

**नहटौर।** हल्दौर क्षेत्र के गांव शफीपुर नंगली निवासी 60 वर्षीय प्रतीम सिंह पुत्र सौढल सिंह नहटौर क्षेत्र के गांव किशनपुर भोगन के पास नहर के रास्ते पर एक खेत के किनारे पड़ा मिला।

# इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में दर्ज हुआ एसडी कॉलेज का नाम

**मुजफ्फरनगर।** जानसठ रोड स्थित एस.डी. कालेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टैक्नोलोजी, मुजफ्फरनगर ने एक बार फिर अपनी तकनीकी उत्कृष्टता और नवाचार की प्रतिबद्धता का परिचय दिया है। कॉलेज के छात्रों द्वारा डिजाइन और विकसित किए गए स्वदेशी साउंडिंग रॉकेट ने 3.5 किलोमीटर की ऊंचाई प्राप्त कर एक नया राष्ट्रीय कीर्तिमान स्थापित किया, जिसे इंडिया बुक ऑफ रिकार्डस में औपचारिक रूप से दर्ज से किया गया। यह उपलब्धि केवल एक तकनीकी प्रयोग नहीं, बल्कि छात्रों की दूरदर्शिता, मेहनत और संस्थान द्वारा प्रदान किए गए अत्याधुनिक संसाधनों का परिणाम है। 9 फरवरी 2025 को किए गए इस सफल रॉकेट लॉन्च को 16 मई 2025 को इंडिया बुक ऑफ रिकार्डस द्वारा प्रमाणित किया गया, जिससे कॉलेज पूरे देश में चर्चा का विषय बन गया। मुख्य अतिथि अनिल कुमार, कैबिनेट मंत्री, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी उप्र सरकार ने कहा कि आज मुझे यहां एसडी कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी, मुजफ्फरनगर के गौरवशाली अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया है, यह मेरे लिए अत्यंत सम्मान की बात है। मैं सबसे पहले इस अद्भुत उपलब्धि के लिए कॉलेज के सभी विद्यार्थियों, शिक्षकों और प्रबंधन को हार्दिक बधाई देना चाहता हूं। जब मैंने सुना कि यहां के छात्रों द्वारा निर्मित स्वदेशी साउंडिंग रॉकेट ने इतिहास रचते हुए इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में अपना नाम दर्ज कराया है, तो मेरे मन में गर्व और उत्साह की लहर दौड़ गई। यह न केवल आपके कॉलेज की तकनीकी क्षमता का प्रमाण है, बल्कि यह हमारे देश के युवा वर्ग की प्रतिभा, लगन और नवाचार की मिसाल भी है। स्वदेशी तकनीक और नवाचार आज के युग की सबसे बड़ी आवश्यकता है। इस उपलब्धि से यह साबित कर दिया है कि जब युवा मन सशक्त हों, उन्हें सही दिशा और अवसर मिले, तो वे असंभव को भी संभव बना सकते हैं। यह रिकॉर्ड केवल एक उपलब्धि नहीं, बल्कि एक प्रेरणा है, जो देश के अन्य विद्यार्थियों के लिए एक मिसाल बनेगा। मैं कॉलेज प्रशासन को भी धन्यवाद देना चाहता हूं, जिन्होंने विद्यार्थियों को इस मुकाम तक पहुंच. ाने के लिए निरंतर प्रयास किए हैं। इस उपलब्धि पर कॉलेज के सचिव अनुभव कुमार ने अत्यंत गर्व व्यक्त करते हुए कहा कि यह केवल एक रिकॉर्ड नहीं, बल्कि एक .ष्टिकोण है कि हम आने वाले भविष्य के लिए वैज्ञानिक सोच और नवाचार को कैसे बढ़ावा दे रहे हैं। हमारे छात्रों ने यह दिखा दिया है कि यदि उन्हें सही संसाधन और मार्गदर्शन मिले, तो वे वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धा करने के लिए पूरी तरह सक्षम हैं। मुझे विश्वास है कि यह सफलता भविष्य में और भी नए कीर्तिमान स्थापित करेगी और हमारे देश को तकनीकी क्षेत्र में और ऊंचाइयों पर ले जाएगी। मैं आप सभी से आग्रह करता हूं कि इसी जोश और समर्पण के साथ आगे बढ़ते रहें, और अपनी मेहनत और प्रतिभा से देश का नाम रोशन करें। इंडोप्लेनेटएक्स के प्रमुख अंकित कुमार ने बताया कि इस ऐतिहासिक प्रक्षेपण की पहल कॉलेज के एस.डी.सी.ई.टी, इनक्यूबेसन फोरम द्वारा की गई थी, जिसमें तकनीकी सहयोग इंडोप्लेनेटएक्स स्पेस वॉल्ट एंड रिसर्च प्रा.लि. ने दिया। यह रॉकेट कॉलेज की अत्याधुनिक स्पेस एंड रोबोटिक्स लैब में विकसित किया गया, जो छात्रों को व्यावहारिक अनुसंधान, डिजाइनिंग और एयरोस्पेस तकनीक में हाथ-वद अनुभव देने के लिए स्थापित की गई है। यह प्रयोगशाला उत्तर भारत के गिने-चुने संस्थानों में से एक है, जहां छात्र वैज्ञानिक परियोजनाओं को वास्तविकता का रूप देने में सक्षम हैं। इस कार्यक्रम की पथ प्रदर्शक मती अंकिता कुमार ने भी कॉलेज की प्रशंसा करते हुए कहा कि यह उपलब्धि हमारी पूरी शैक्षणिक और तकनीकी टीम के परिश्रम का परिणाम है। मैं विशेष रूप से छात्र टीम को बधाई देती हूं जिन्होंने इस नामुमकिन काम को मुमकिन कर दिखाया। यह हर युवा के लिए एक संदेश है कि बड़े सपने देखना और उन्हें पूरा करना, पूरी तरह संभव है। उन्होने बताया कि एस.डी. कालेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टैक्नोलोजी की स्थापना शिक्षा और नवाचार को केंद्र में रखकर की गई थी। आज यह कॉलेज तकनीकी शिक्षा, स्टार्टअप इनक्यूबेशन, और अनुसंधान के क्षेत्र में राष्ट्रीय स्तर पर अपनी अलग पहचान बना चुका है। यहां छात्रों को न केवल सैद्धांतिक ज्ञान दिया जाता है, बल्कि उन्हें प्रेक्टिकल और इंडस्ट्री-रेडी स्किल्स से भी लैस किया जाता है। कॉलेज की फैकल्टी, प्रयोगशालाएं, और अनुसंधान सुविधाएं इसे उत्तर भारत के अग्रणी तकनीकी संस्थानों में स्थान दिलाती हैं। जिन छात्रों की विज्ञान, अंतरिक्ष, रोबोटिक्स और तकनीकी नवाचारों में गहरी रुचि है, उनके लिए एस0 डी0 कालेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टैक्नोलोजी एक आदर्श स्थान है। इस संस्थान में प्रवेश लेकर वे अपने करियर को एक नई दिशा और उड़ान दे सकते हैं। कॉलेज के निदेशक डा. सिद्धार्थ शर्मा ने कहा कि मैं सभी विद्यार्थियों, संकाय सदस्यों, तकनीकी सहयोगियों और अभिभावकों का हृदय से आभार प्रकट करता हूं जिनके सतत सहयोग और प्रेरणा से यह कीर्तिमान संभव हो सका। मैं विशेष रूप से इंडिया बुक ऑफ रिकार्डस की टीम का भी धन्यवाद करता हूं, जिन्होंने हमारे छात्रों की प्रतिभा को राष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्रदान की। साथ ही, उत्तर प्रदेश सरकार और विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग का भी हम आभार व्यक्त करते हैं, जिनका मार्गदर्शन सदैव हमारे साथ रहा। हम भविष्य में भी इसी प्रकार उत्कृष्टता की दिशा में कार्य करते रहेंगे और नवाचार के नए आयाम स्थापित करेंगे।





# एसडीएम ने दो ओयो होटल किए सील

## कार्रवाई से मचा हड़कंप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** नहटौर के धामपुर मार्ग पर गांव कश्मीरी पेट्रोल पंप के पास आमने सामने दो रेस्टोरेंट पर एसडीएम धामपुर रितु रानी ने छापेमार कार्रवाई करते हुए सील लगा दी। दोनों रेस्टोरेंट ओयो होटल के रूप में संचालित थे। दोनों होटल में कई जोड़े भी मिले, उन्हें पुलिस ने हिदायत देकर छोड़ दिया गया।

जानकारी के अनुसार नहटौर क्षेत्र में अवैध रूप से चल रहे ओयो होटलों की शिकायत लगातार मिलने के तहत शुक्रवार को उप जिलाधिकारी धामपुर रितु रानी, नायब तहसीलदार विजय कुमार, थाना अध्यक्ष नहटौर धीरज नागर पुलिस फोर्स के साथ नहटौर धामपुर मार्ग पर गांव कश्मीरी पेट्रोल पंप के पास दो रेस्टोरेंट पर छापेमार कार्रवाई की। दोनों रेस्टोरेंट ओयो होटल के रूप में संचालित थे। छापा मार कार्रवाई के दौरान दोनों होटल में कई जोड़े मिले, जिस पर पुलिस ने चेतावनी देकर छोड़ दिया। साथ ही उप जिलाधिकारी धामपुर द्वारा संचालकों से लाइसेंस व नक्शा मांगने पर न मिलने पर उन्होंने दोनों होटल को सील करने के निर्देश दिए। इसी दौरान दोनों होटल पर सील की कार्रवाई की गई तथा दोनों होटल सील कर दिए।

साथ ही इस दौरान संचालक मौके से भूमिगत हो गए तथा मौके पर कर्मचारी मिले तथा की कार्रवाई से हड़कम मच गया।

थाना अध्यक्ष धीरज नागर ने बताया कि लगातार मिल रही शिकायतों के आधार पर उक्त मामले को उच्च अधिकारियों को अवगत कराकर यह अभियान चलाया गया। उपजिला अधिकारी धामपुर रितु रानी ने बताया कि अभियान के दौरान दोनों संचालकों पर नक्शा व लाइसेंस न मिलने पर दोनों होटल को सील कर दिया गया है।



# पुरानी पेंशन बहाली संघर्ष के लिए जल्द बनेंगी रणनीति: चंद्रहास

## संघर्ष से मिले सुखद परिणाम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** अटेवा पेंशन बचाओ मंच उत्तर प्रदेश जनपद शाखा बिजनौर की जिला अध्यक्ष उमेश कुमार राजपूत की अध्यक्षता एवं जिला मंत्री सुभाष चंद्र यादव के संचालन में जिला कार्यालय पर बैठक आयोजित हुई।

बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पश्चिमी जोन चंद्रहास सिंह ने कहा कि पुरानी पेंशन बहाली का आंदोलन पुरानी पेंशन बहाली तक राष्ट्रीय अध्यक्ष विजय कुमार बंधु के नेतृत्व में जारी रहेगा। पुरानी पेंशन देश के शिक्षकों एवं कर्मचारी के भविष्य की आर्थिक समाज सुरक्षा का सवाल है, जिसे सरकार को समझना होगा। शिक्षकों एवं कर्मचारियों के संघर्ष को नजरंदाज करना सरकार का उचित कदम नहीं है। मंडल अध्यक्ष रजनीश कुमार ने कहा कि पुरानी पेंशन वाली के आंदोलन को लेकर देश का शिक्षक एवं कर्मचारी लामबंद है। डिप्लोमा फार्मेसिस्ट एसोसिएशन की जिला अध्यक्ष राजेश कुमार रवि ने कहा कि अटेवा पुरानी पेंशन बहाली के लिए ईमानदारी से संघर्षरत है और यह संघर्ष एक दिन सुखद परिणाम देने का कार्य करेगा। उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षा संघ के ब्लॉक अध्यक्ष रामनाथ सिंह ने कहा कि पुरानी पेंशन बुढ़ापे का सहारा है और नई पेंशन केवल शिक्षकों एवं कर्मचारियों के साथ धोखा है।

इस अवसर पर गौरव गौड़, कुलवीर चौधरी, भूपेंद्र चौधरी, ज्ञानेंद्र चौधरी, मुज्जफर इस्लाम, सुभाष चंद्र, अमित कुमार, बिजेंद्र कुमार, पुनीत गहलोत आदि ने संबोधित किया।



**शाह टाइम्स**

स्वामी 'शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड' के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, सूजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं प्रकाशित।

**सम्पादक:**
एस.एन. राना

*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**

**मुख्यालय:**
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. 71843/99
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# अंकिता भंडारी कांड में अपराधियों की सजा नाकाफी

**कालागढ़।** उत्तराखंड कांग्रेस के वरिष्ठ उपाध्यक्ष और प्रवक्ता धीरेंद्र प्रताप ने अंकिता भंडारी कांड में अभियुक्तों को दी गई उम्र कैद की सजा को नाकाफी बताते हुए कहा कि सारा राज्य यह सोच रहा था कि इस कांड में लिप्त भाजपा नेताओं को फांसी की सजा मिलेगी परंतु जिस तरह से उन्हें आजीवन कारावास देकर छोड़ दिया गया। उससे लोगों में असंतोष और बढ़ गया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस इस मामले को लेकर उच्च अदालत में आगे जाएगे और बड़ी अदालत में अंकिता के परिवार के साथ अभियुक्तों को सजा दिलाने के लिए पूरी ताकत के साथ खड़े होंगे। यह जो जघन्य अपराध हुआ है, उससे उत्तराखंड का सिर सारी दुनिया के सामने झुक गया है और जिस तरह से एक राजनीतिक दल के लोगों का चेहरा बहुत ही गैर जिम्मेदाराना ढंग से सामने आया। उसके बाद भी आज के फैसले के बाद जिस तरह से भाजपाइयों ने मुख्यमंत्री को बधाई देते हुए जगह-जगह पोस्टर चिपकाए हैं।

# नगीना में आरएएफ व पुलिस ने संयुक्त रूप से किया फ्लैग मार्च

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** नगर में रैपिड एक्शन फोर्स की बटालियन के जवान सुरक्षा व्यवस्था दृढ़ करने के उद्देश्य से पहुंचे। उन्होंने थाना नगीना कोतवाली पुलिस बल के साथ नगर क्षेत्रों में फ्लैग मार्च किया। ईद और अन्य त्योहारों को देखते हुए पुलिस ने नगर में फ्लैग मार्च निकाला। यह मार्च नगर के मुख्य बाजारों, रास्तों और संवेदनशील इलाकों से होकर गुजरा। पुलिस क्षेत्राधिकारी अंजनी कुमार चतुर्वेदी और आरएएफ की बटालियन के कमांडेंट के मार्गदर्शन में मार्च निकाला गया। सहायक कमांडेंट और प्रभारी निरीक्षक तेजपाल सिंह ने इसका नेतृत्व किया। उन्होंने नागरिकों से संवाद स्थापित किया। आरएएफ जवानों ने अनुशासित संचालन से यह संदेश दिया कि वे किसी भी आपात स्थिति से निपटने को तैयार हैं।




● एशियन एथलेटिक्स चैंपियनशिप ●

# अविनाश साबले ने रचा इतिहास

## 36 साल बाद 3000 मीटर स्टीपलचेज में गोल्ड दिलाया, 18 साल की पूजा ने भी जीता सोना

**दक्षिण कोरिया, वार्ता।** भारतीय एथलीट अविनाश साबले ने एशियन एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2025 में मेंस 3000 मीटर स्टीपलचेज इवेंट में गोल्ड जीतकर इतिहास रच दिया है। उन्होंने 8.20.92 सेकंड का समय निकालकर 36 सालों बाद भारत को इस इवेंट में गोल्ड मेडल दिलाया।

वहीं, 18 साल की पूजा ने भी गोल्ड मेडल हासिल किया। उन्होंने 1.89 मीटर की छलांग लगाई। साउथ कोरिया के गुमी में जारी इस प्रतियोगिता में अविनाश से पहले भारत ने पिछली बार 1989 में इस इवेंट में गोल्ड जीता था, तब दीना राम ने ये कारनामा किया था। वहीं 1975 में हरबेल सिंह स्टीपलचेज में गोल्ड जीतने वाले पहले भारतीय बने थे। इसके अलावा, पूजा से पहले बाबी एलायसियस ने 2000 में गोल्ड जीता था। साबले ने कहा, मुझे गोल्ड मेडल जीतने का पूरा भरोसा था, क्योंकि मैं इस क्षेत्र में बेस्ट था। ज्योति याराजी ने 100 मीटर के हर्डल रेस को महज 12.96 सेकंड में पूरा करके गोल्ड मेडल जीता। ज्योति का पिछला रिकॉर्ड 12.99 सेकंड का था। भारत 26वें एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप में अब तक अलग-अलग काम्पटीशन में 14 मेडल जीत चुका है। पाइंट्स टेबल में देश दूसरे पायदान पर हैं। भारत ने 5 गोल्ड, 6 सिल्वर और 3 ब्रान्ज जीते हैं। इससे पहले 2023 सीजन में भी भारत ने 4x400 मीटर मिक्स्ड रिले में गोल्ड मेडल जीता था। नेशनल रिकॉर्ड होल्डर गुलवीर सिंह ने 10,000 मीटर में गोल्ड जीता। यह इस एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप में भारत का पहला गोल्ड था। पूजा ने महिलाओं की 1500 मीटर में 4 मिनट 10 सेकेंड का समय लेकर एक और सिल्वर मेडल जीता। वहीं दिल्ली की लिली दास इस रेस में चौथे स्थान पर रही। चीन की ली चुनहुई ने स्वर्ण पदक जीता।



## आईपीएल के फाइनल में बड़ी भूमिका निभाएंगे कोहली-डिविलियर्स

**मुल्लांपुर, वार्ता।** आईपीएल 2025 में रायल चौलेंजर्स बेंगलुरु के फाइनल में पहुंचने से एबी डिविलियर्स बेहद खुश हैं। उन्होंने विराट कोहली और इस टीम की जमकर तारीफ की है। आरसीबी ने पंजाब किंग्स को क्वालिफायर एक में हराकर फाइनल में जगह बनाई थी। दक्षिण अफ्रीका के महान बल्लेबाज डिविलियर्स का मानना है कि टीम मैन कोहली फाइनल में बड़ी भूमिका निभाते हुए आरसीबी को दुनिया की सबसे बड़ी टी-20 लीग में अपना पहला खिताब दिलाने में अहम भूमिका निभाएंगे। मौजूदा सत्र में टीम के लिए सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों में शामिल कोहली इस एकतरफा मैच में बल्ले से महज 12 रन का योगदान ही दे सके। आरसीबी के उनके पूर्व साथी डिविलियर्स को हालांकि भरोसा है कि यह भारतीय सुपरस्टार तीन जून को अहमदाबाद में होने वाले खिताबी मुकाबले में धमाल मचाएगा। डिविलियर्स ने कहा, ेइस मैच से पहले जब वह बस से उतरे थे तब मैंने उन्हें स्क्रीन पर देखा था। उस समय उनका बाडी लैंग्वेज सकारात्मक दिख रहा था। यह कुछ ऐसा है जिसके हम आदी हो गए हैं। वह इस मैच में रन नहीं बना पाए, लेकिन फिर भी हमने उन्हें अंत तक बल्लेबाजों के साथ जश्न मनाते हुए देखा। उन्होंने कहा कि वह पूरी तरह से टीम के लिए समर्पित खिलाड़ी है। उनके खेल में एकाग्रता दिख रही थी। जाहिर है काम अभी पूरा नहीं हुआ है और मैं उसे खेलते हुए देखने के लिए बहुत उत्साहित हूं। मेरे मन में कोई संदेह नहीं है कि वह फाइनल में दमदार प्रदर्शन करेगा। आरसीबी 2008 में आठ फ्रेंचाइजी के साथ आईपीएल की शुरुआत से इसमें खेलने वाली टीमों में से एक है। यह टीम अतीत में तीन मौकों पर फाइनल में पहुंचने के बावजूद कभी खिताब नहीं जीत पाई। डिविलियर्स ने कहा कि मुझे लगता है कि इस टीम के पास 2011 खिताब जीतने का एक बहुत अच्छा मौका था। हर कोई 2016 सत्र के बारे में बात करता है, लेकिन चलो अतीत को भूल जाते हैं। आरसीबी अब कहां है? एक और फाइनल में (2025)। यह जितना आप सोचते हैं उससे कहीं अधिक करीब है।

### खेल विशेष

## आरसीए ने जिला क्रिकेट संघ को असम्बद्ध घोषित किया

**जयपुर, वार्ता।** राजस्थान क्रिकेट संघ (आरसीए) ने अनुशासनहीनता के आरोप में जिला क्रिकेट संघ बीकानेर (डीसीए) को राजस्थान क्रिकेट संघ से असम्बद्ध घोषित कर दिया है। आरसीए के संयोजक जयदीप बिहाणी ने शुक्रवार को बताया कि डीसीए, बीकानेर के खिलाफ चुनाव और वित्तीय अनियमितता की शिकायतें थीं। इस मामले में आरसीए ने राजस्थान क्रीड़ा अधिनियम के तहत डीसीए, बीकानेर से जानकारी मांगी गई थी, लेकिन डीसीए बीकानेर ने इस पर किसी तरह का जवाब नहीं दिया। उन्होंने बताया कि इस सम्बन्ध में डीसीए बीकानेर को कई पत्र भेजे गए, लेकिन उसने असहयोगात्मक रवैया अपनाते हुए किसी पत्र का जवाब नहीं दिया। साथ ही डीसीए ने आरसीए की तदर्थ समिति की शक्तियों को मानने से ही इन्कार कर दिया, जबकि तदर्थ समिति को राजस्थान क्रीड़ा अधिनियम के तहत किसी भी प्रकार की जांच के लिये शक्तियां प्राप्त हैं। श्री बिहाणी ने बताया कि गत 10 मई को डीसीए बीकानेर को पत्र भेजकर सात दिन में जवाब देने को कहा गया, जिसकी अनदेखी करने पर 19 और 27 मई को फिर पत्र भेजकर चेतावनी दी गयी। अटठाइस मई तक जवाब नहीं मिला, तो 29 मई को डीसीए बीकानेर को आरसीए से असम्बद्ध करने का निर्णय किया गया और इस सम्बन्ध में डीसीए बीकानेर के रतनसिंह शेखावत को पत्र प्रेषित किया गया है। उन्होंने बताया कि डीसीए, बीकानेर को आरसीए से असम्बद्ध करके इस मामले को लोकपाल, राजस्थान क्रिकेट संघ को प्रेषित किया गया है।

## भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम चिली से हारी

**अर्जेंटीना, वार्ता।** भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम को शुक्रवार को 2-2 से बराबरी के बाद चिली के खिलाफ शूटआउट में 1-3 से हार का सामना करना पड़ा। यहां खेले गए चार देशों के टूर्नामेंट के चौथे मुकाबले में भारत के लिए सुखवीर कौर ने (35वें) और कनिका सिवाच ने (47वें) मिनट में गोल किए। वहीं चिली की ओर से जैसिंटा सोलारी ने (27वें) और कैप्टन लॉरा मुलर ने (42वें) मिनट में गोल किए। चिली ने दूसरे क्वार्टर में जैसिंटा सोलारी के 27वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर द्वारा किए गए गोल से बढ़त बनाई। इसके बाद तीसरे क्वार्टर में भारत की सुखवीर कौर ने पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलकर स्कोर 1-1 से बराबर कर दिया। चिली ने 42वें मिनट में कप्तान लौरा मुलर के मैदानी गोल से फिर बढ़त हासिल की लेकिन भारत ने चौथे क्वार्टर की शुरुआत जोरदार तरीके से की और कनिका सिवाच ने 47वें मिनट में गोलकर स्कोर 2-2 से बराबरी पर ला दिया। नियमित समय पर स्कोर 2-2 से बराबर रहने पर मैच शूटआउट हुआ। जहां चिली ने 3-1 से जीत दर्ज की। चिली के लिए जोसेफिना कॉन्स्टैंजा गुटिरेज़, इसाबेल लियोनोर मेसेन और त्रिनिदाद एंटोनिया बैरियोस ने गोल किए, जबकि शूटआउट में भारत के लिए सोनम एकमात्र स्कोरर रहीं।

## पुणे, कोलकाता, जयपुर ने अपने-अपने मुकाबले जीते

**नई दिल्ली, वार्ता।** ड्रीम यूटीटी जूनियर्स टेबल टेनिस टूर्नामेंट के दूसरे दिन पुणे जगुआर, कोलकाता थंडरब्लेड्स और जयपुर पैट्रियट्स ने अपने-अपने मुकाबलों में जीत दर्ज की है। जगुआर के अथर्व नवरंग ने लड़कों के एकल मुकाबले में प्रतीक तुलसानी के खिलाफ पहला मैच 2-1 (11-8, 11-10, 9-11) से जीतकर अपनी टीम को बढ़त दिलाई। इसके बाद यू मुंबा ने मिश्रित युगल मुकाबला में 2-1 से जीत दर्ज करके वापसी की। प्रतीक और अनन्या मुरलीधरन की जोड़ी ने अथर्व और तुष्टि सूद (11-6, 8-10, 11-6) को हराया। लड़कियों के एकल वर्ग के रोमांचक मुकाबले में जगुआर की तुष्टि ने अनन्या के खिलाफ एक रोमांचक मैच में 2-1 (11-10, 7-11, 11-10) से जीत हासिल की और अपनी टीम को नाटकीय जीत दिलाई। दूसरे मुकाबले में, कोलकाता ने अहमदाबाद एसजी पर 5-4 से जीत दर्ज की। कोलकाता के रित्विक गुप्ता ने लड़कों के एकल वर्ग के मुकाबले में अभिक कश्यप को 3-0 (11-9, 11-6, 11-3) से हराया। मिश्रित युगल मुकाबले में अहमदाबाद विजयी हुआ, जब अभिक और मौबोनी ने रित्विक और स्वरा के खिलाफ 2-1 (11-7, 11-6, 10-11) से जीत हासिल की। लड़कियों के एकल वर्ग में मौबोनी ने स्वरा को 2-1 (11-9, 8-11, 11-5) से हराया। दिन के तीसरे मुकाबले में जयपुर ने दबंग दिल्ली को 6-3 से हराया। लड़कों के एकल मुकाबले में पैट्रियट्स के त्रिशाल को आकाश के खिलाफ 1-2 (9-11, 11-9, 7-11) से हार का सामना करना पड़ा, लेकिन जयपुर की टीम ने मिश्रित युगल मैच में 2-1 (11-4, 11-9, 8-11) की जीत के साथ शानदार वापसी की।

## इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट डेब्यू करेंगे अर्शदीप: रिकी पोंटिंग



■ **चयनकर्ताओं ने बाएं हाथ के गेंदबाज अर्शदीप सिंह को शामिल करके सही फैसला लिया**

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारतीय टीम को अगले महीने पांच मैचों की टेस्ट सीरीज के लिए इंग्लैंड का दौरा करना है। इस महत्वपूर्ण सीरीज के लिए तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह को भी टीम में जगह दी गई है।

ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान और आईपीएल में पंजाब किंग्स के मुख्य कोच रिकी पोंटिंग का मानना है कि अर्शदीप इंग्लैंड के खिलाफ पहले टेस्ट मैच में डेब्यू करने में सफल रहेंगे। अर्शदीप को पहली बार टेस्ट टीम में जगह दी गई है। अब तक वह भारत के लिए सीमित ओवर प्रारूप में ही खेलते दिखे हैं और माना जा रहा है कि अर्शदीप को इंग्लैंड के खिलाफ प्लेइंग-11 में शामिल होने का मौका मिलेगा। पंजाब किंग्स में अर्शदीप के प्रदर्शन को करीब से देखने के बाद पोंटिंग को लगता है कि चयनकर्ताओं ने जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज और प्रसिद्ध कृष्णा के तेज गेंदबाजी आक्रमण में बाएं हाथ के इस गेंदबाज को शामिल करके सही फैसला लिया है। पोंटिंग ने कहा, मुझे लगता है कि अर्शदीप खेलेगा। वह इंग्लैंड में टेस्ट सीरीज में खेलेगा। मुझे लगता है कि बुमराह और सिराज से साथ इंग्लैंड में बाएं हाथ के विकल्प का होना शानदार होगा। इंग्लैंड की परिस्थितियों को देखें तो अर्शदीप जिस तरह से गेंदबाजी करते हैं, वह किसी भी अन्य गेंदबाज की तरह ही सीम को बेहतर तरीके इस्तेमाल करते हैं। उन्होंने उसे टीम में चुना है। मुझे लगता है कि वह इंग्लैंड पहला टेस्ट खेल सकता है और वह किसी को निराश नहीं करेगा।

### पीएम ने की वैभव सूर्यवंशी की हौसलाअफजाई

**पटना, वार्ता।** बिहार दौरे पर पहुंचे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को भारत के युवा स्टार क्रिकेटर वैभव सूर्यवंशी से मुलाकात कर उनकी हौसलाअफजाई की। पटना के जय प्रकाश नारायण हवाई अढे पर हुई इस मुलाकात के दौरान वैभव के साथ के माता-पिता भी थे। श्री मोदी ने स्वयं वैभव तथा उनके परिवार के साथ मुलाकात की तस्वीरें सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर साझा की हैं। श्री मोदी ने वैभव और उनके परिवार के साथ तस्वीर साझा करते हुए लिखा कि पटना हवाई अढे पर युवा क्रिकेट सनसनी वैभव सूर्यवंशी और उनके परिवार से मुलाकात हुई। उनके क्रिकेट कौशल की पूरे देश में प्रशंसा हो रही है।

## डी गुकेश ने कारूआना को हराया




**नोर्वे, वार्ता।** विश्व चैंपियन भारत के डी गुकेश ने नॉर्वे शतरंज के 'ओपन' वर्ग में अमेरिका के ग्रैंड मास्टर फैबियानो कारूआना के खिलाफ रोमांचक आर्मागेडन टाई-ब्रेक में जीत दर्ज की। वहीं अर्जुन एरिगैसी को मैग्नस कार्लसन से हार का सामना करना पड़ा। चौथे चक्र में गुकेश ने चार घंटे से अधिक समय तक चले रोमांचक मुकाबले में अपने कौशल का शानदार प्रदर्शन करते हुए अमेरिका के फैबियानो कारूआना को हराया। गुकेश के शानदार रक्षात्मक प्रदर्शन के आगे कारूआना अपनी बढ़त को नहीं भुना पाये। इसके बाद गुकेश ने 'आर्मागेडन' में मुकाबला आसानी से जीत लिया। कार्लसन आठ अंकों के साथ शीर्ष पर है। गुकेश और एरिगैसी 4-5 अंकों के साथ संयुक्त चौथे स्थान पर हैं। महिला वर्ग में भारत की आर- वैशाली ने 'आर्मागेडन' टाई-ब्रेक में यूक्रेन की अन्ना मुजीचुक को हराया। विश्व चैंपियन वेनजुन जू ने कोनेरू हम्पी को हराया। भारत की शीर्ष महिला खिलाड़ी हम्पी तालिका में मुजीचुक के साथ संयुक्त रूप से शीर्ष पर हैं।

■ **अर्जन एरिगैसी को मैग्नस कार्लसन से हार का सामना करना पड़ा**

## सात्विक-चिराग की जोड़ी सेमीफाइनल में




**सिंगापुर, वार्ता।** भारत के सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की जोड़ी ने शुक्रवार को मलेशिया की गोह से फेई और नूर इज्जुद्दीन की जोड़ी को हराकर सिंगापुर बैडमिंटन ओपन 2025 में पुरुष युगल के सेमीफाइनल में जगह बना ली है। यहां 39 मिनट तक चले पुरुष युगल मुकाबले में सात्विक और चिराग की जोड़ी दुनिया की नम्बर वन मलेशियाई जोड़ी गोह से फेई और नूर इज्जुद्दीन को सीधे सेटों में 21-17, 21-15 से हराया। गेम की शुरुआत से ही दोनों जोड़ियों के बीच कड़ी टक्कर देखने को मिली और एक समय स्कोर 7-7 से बराबरी पर था। इसके बाद सात्विक-चिराग ने कुछ बेहतरीन शॉट लगाते हुए मैच पर अपनी पकड़ बनानी शुरु की अब स्कोर 12-8 से अपने पक्ष में कर लिया। इस बीच मलेशियाई जोड़ी ने भी कुछ अंक बटोरे और स्कोर के अंतर को कम करते हुए इसे 16-15 कर दिया। इसके बाद भारतीय जोघी ने बिना कोई गलती किए पहले गेम को 21-17 से जीत लिया। दूसरे गेम की शुरुआत में भी दोनों खिलाड़ियों के बीच कड़ी प्रतिस्पर्धा देखने को मिली और स्कोर 5-5 से बराबरी पर चल रहा था। सात्विक और चिराग फिर अच्छे खेला प्रदर्शन करते हुए मिड गेम ब्रेक तक 11-7 की अहम बढ़त बनाई इसके बाद सात्विक और चिराग शेट्टी ने इस गेम को 21-15 से जीतकर मैच जीत लिया। सात्विक और चिराग का सेमीफाइनल में मुकाबला दो बार के ओलंपिक कांस्य पदक विजेता और तीसरी वरीयता प्राप्त मलेशिया के आरोन चिया और सोह वूई यिक से होगा।

■ **भारतीय जोड़ी ने बिना कोई गलती किए पहले गेम को 21-17 से जीत लिया**

## मुंबई ने गुजरात को 229 रनों का लक्ष्य दिया

■ **प्रसिद्ध, किशोर को दो-दो विकेट, हिटमैन ने सर्वाधिक 81 रनों की पारी खेली**



**मुल्लांपुर, वार्ता।** मुंबई इंडियंस आईपीएल 2025 के एलिमिनेटर मैच में रोहित शर्मा की अर्धशतकीय पारी के दम पर मुंबई इंडियंस ने गुजरात टाइटंस के सामने 229 रन का लक्ष्य रखा है। न्यू चंडीगढ़ में खेले जा रहे एलिमिनेटर मैच में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी मुंबई ने 20 ओवर में पांच विकेट खोकर 228 रन बनाए। उनके लिए हिटमैन ने सर्वाधिक 81 रनों की पारी खेली। वहीं, गुजरात के लिए प्रसिद्ध कृष्णा और साई किशोर ने दो-दो विकेट झटके, जबकि मोहम्मद सिराज को एक सफलता मिली। रोहित शर्मा और जानी बेयरस्टो की सलामी जोड़ी ने मुंबई को तेज शुरुआत दिलाई। दोनों के बीच पहले विकेट के लिए 84 रनों की साझेदारी हुई। साई किशोर ने इस मैच में डेब्यू करने वाले बेयरस्टो को गेराल्ड कोएत्जी के हाथों कैच कराया। वह 22 गेंदों में चार चौके और तीन छक्के की मदद से 47 रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद रोहित को सूर्यकुमार यादव का साथ मिला। दोनों ने 34 गेंदों में 59 रन जोड़े। इस दौरान सूर्यकुमार ने 20 गेंदों का सामना किया और 33 रन बनाकर पवेलियन लौटे। इस मैच में रोहित शर्मा ने 28 गेंदों में अपना अर्धशतक पूरा किया। इसके अलावा उन्होंने आईपीएल में 300 छक्के भी पूरे कर लिए। वह आईपीएल में 300 छक्के का आंकड़ा छूने वाले पहले सक्रिय खिलाड़ी बन गए। अब उनके नाम 302' छक्के दर्ज हो गए हैं। आईपीएल में सबसे ज्यादा छक्के लगाने का रिकॉर्ड क्रिस गेल के नाम दर्ज है। हिटमैन ने तिलक वर्मा के साथ तीसरे विकेट के लिए 22 गेंदों में 43 रन जोड़े। पूर्व कप्तान 50 गेंदों में नौ चौके और चार छक्के की मदद से 81 रन बनाने में कामयाब हुए। वहीं, तिलक 11 गेंदों में 25 और नमन धीर नौ रन बनाकर आउट हुए। हार्दिक पांडया नौ गेंदों में तीन छक्के की मदद से 22 रन बनाकर नाबाद रहे जबकि सेंटनर बिना खाता खोले नाबाद रहे। नमन धीर नौ रन बनाकर आउट हो गए। उन्हें प्रसिद्ध कृष्णा ने राशिद खान के हाथों कैच आउट कराया। अब हार्दिक का साथ देने मिचेल सेंटनर आए हैं। तिलक वर्मा 11 गेंदों में 25 रन बनाकर आउट हो गए। उन्हें मोहम्मद सिराज ने कुसल मेंडिस के हाथों कैच आउट कराया। अब हार्दिक पांडया का साथ देने नमन धीर आए हैं। रोहित शर्मा 81 रन बनाकर आउट हो गए।

## इंग्लैंड ने विंडीज को रिकॉर्ड 238 रनों से हराया

■ **जेमी ओवर्टन और साकिब महमूद ने तीन-तीन विकेट लिए**

**बर्मिंघम, वार्ता।** जेकब बेथेल (82), बेन डकेट (60), कप्तान हैरी ब्रूक (57) और जो रूट (60) की अर्द्धशतकीय पारियों के बाद जेमी ओवर्टन और साकिब महमूद (तीन-तीन विकेट) की बेहतरीन गेंदबाजी की बदौलत इंग्लैंड ने पहले एकदिवसीय मुकाबले में वेस्टइंडीज को रिकार्ड 238 से हराकर तीन मैचों की श्रृंखला में 1-0 से बढ़त बना ली है।

इंग्लैंड की पुरुष एकदिवसीय में रनों के लिहाज से यह दूसरी सबसे बड़ी जीत है। मैच में 82 रनों की पारी खेलने वाले इंग्लैंड के जैकब बेथेल को 'प्लेयर ऑफ द मैच' से नवाजा गया। एजबेस्टन स्टेडियम में गुरुवार रात खेले मुकाबले में वेस्टइंडीज ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी इंग्लैंड के लिए जेमी स्मिथ और बेन डकेट सलामी जोड़ी ने अच्छु शुरुआत करते हुए पहले विकेट के लिए 64 रन जोड़े। सातवें ओवर में अल्जारी जोसेफ ने जेमी स्मिथ (37) को आउट कर वेस्टइंडीज को पहली सफलता दिलाई। इसके बाद इंग्लैंड का जो भी बल्लेबाज क्रीज पर उतरा उसने तेजी के साथ रन बटोरे।

बेथेल ने 82 रन की पारी खेली और एक विकेट भी लिया। बेन डकेट (60), जो रूट (57), कप्तान हैरी ब्रूक (58) ने शानदार अर्द्धशतकीय पारियां खेली। इंग्लैंड की टीम ने निर्धारित 50 ओवरों में आठ विकेट पर 400 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया। विंडीज की ओर से जायडेन सील्स ने सबसे ज्यादा चार विकेट चटकाए।

# इमरान व शाहनवाज भोजपुर तगा पहुंचे, कहा ध्वस्तीकरण गलत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चिलकाना।** नकुड के गांव भोजपुर तगा में प्रशासन द्वारा निर्माणाधीन धार्मिक स्थल का धवस्तीकरण किये जाने के बाद आज गांव में सांसद इमरान मसूद व विधायक शाहनवाज खान सहित अन्य दलो के नेताओं एवं धार्मिक संगठनों के कार्यकर्ताओं का आना जाना लगा रहा। जिन्होंने प्रशासन द्वारा की गयी ध्वस्तीकरण की इस कार्यवाही की निन्दा करते हुए हिटलरशाही बताया।

ज्ञात हो कि विगत बृहस्पतिवार को भोजपुर तगा गांव में तीन भाईयों द्वारा अपनी निजी खेत की जमीन पर बनायी जा रही एक मस्जिद को प्रशासन ने बिना अनुमति के अवैध निर्माण बताते हुए धवस्त कर दिया था।



आज सुबह कांग्रेस पार्टी के सांसद इमरान मसूद व विधान परिषद सदस्य शाहनवाज खान ने गांव पहुंचकर मस्जिद को ध्वस्त किये जाने के सम्बन्ध में ग्रामीणों से वार्ता की। उन्होंने ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि इस दुर्भाग्यपूर्ण घटना के खिलाफ हर संभव कानूनी व लोकतांत्रिक लड़ाई लड़ी जाएगी। इस प्रकार की घटनाएं किसी भी कीमत पर बर्दाशत नहीं की जाएंगी। उन्होंने कहा कि जल्द ही वह उच्च अधिकारीयों से मिलकर मामले की जांच करवाएंगे व दोषियों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई करवाई जाएगी।

सांसद ने कहा कि मस्जिद धवस्तीकरण को लेकर प्रशासन द्वारा किसी भी नियम का पालन नही किया गया है न ही जिला पंचायत विभाग द्वारा धवस्तीकरण का कोई आदेश जारी किया गया था। उन्होने कहा कि यह कार्यवाही संविधान के ऊपर हमला व संवैधानिक अधिकारों पर कुठाराघात है। जिसके लिए हम सुप्रीम कोर्ट तक जायेंगे। बाद में जिला मुख्यालय पर सांसद इमरान मसूद व विधायक शाहनवाज खान ने डीएम व एसएसी से मुलाकात कर धार्मिक स्थल को तोडे जाने की बात कही।

वहीं गांव में आजाद समाज पार्टी के प्रतिनिधिमंडल के रूप में जिलाध्यक्ष सचिन खुराना, जिला उपाध्यक्ष शाहनवाज प्रवेज, विधानसभा प्रभारी सुभाष कटारिया आदि भी पहुंचे। खुराना ने बताया कि उक्त घटना के सम्बन्ध में आसपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष चंद्रशेखर आजाद को अवगत करा दिया गया है। वहीं गांव में जमीयतुल उलेमा हिन्द के प्रतिनिधि मंडल के रूप से जमीयत के सदर मौलाना महमूद मदनी के दामाद मौलाना जहीम मदनी, मौलाना महमूद, मौलाना मो. उस्मान सरसावा, मौलाना आरिफ रामपुर, मौलाना मुअव्वज चिलकाना आदि भी पहुंचे। जिन्होंने शांति बनाए रखने की अपील करते हुए कहा है कि जमीयत इस लड़ाई को कानूनी तरीके से लड़ेगी।

## विधायक चौ. किरत सिंह ने मुख्यमंत्री योगी से की मुलाकात

# गंगोह क्षेत्र में तीव्र हो विकास: चौ. किरत



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** गंगोह विधायक चौ.किरत सिंह ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात कर गंगोह विधानसभा क्षेत्र में तीव्र गति से विकास कराये जाने की मांग की।

विधायक चौ.किरत सिंह ने मुख्यमंत्री से कहा कि गंगोह विधानसभा क्षेत्र में जनसंख्या व क्षेत्रीय विस्तार के सापेक्ष अग्निशमन केंद्र अपर्याप्त है। क्षेत्र में अग्निशमन केंद्र स्वीकृत होकर भूमि भी चिन्हित की जा चुकी है, लेकिन अभी तक निर्माण हेतु कार्यवाही प्रारम्भ नहीं की गई है। क्षेत्र के हरियाणा सीमा से लगे होने के कारण नशे की तस्करी रोकने हेतु नारकोटिक्स थाना स्वीकृत किया गया। जिसके लिये भूमि चिन्हित की जा चुकी है, लेकिन निर्माण अभी तक प्रारम्भ नहीं हो पाया है। विधायक ने मुख्यमंत्री से गंगोह विधानसभा क्षेत्र के मुख्य मार्गो का चौडीकरण व निर्माण कराये जाने की भी मांग की। जिसमें इस्लामनगर वाया जाण्डखेडा तीतरो होते हुए मुजफ्फरनगर की सीमा तक, हमामपुर पुल से लेकर कुआखेड संगम नदी तक, धौलापडा चौकी से सलारपुर होते हुए सनौली तक, अंबेहटा से ढायकी होते हुए शीतलपुर सांतौर तक, गंगोह लखनौती रोड से सुखेडी आलमपुर नागल राजपूत होते हुए यमुना बांध तक तथा दिल्ली रोड से कुराली सम्भलहेडी सूभरी, कल्लरपुर राजपूत राजवाहे की पटरी नानौता देवबंद रोड तक शामिल है। विधायक ने मुख्यमंत्री से अनुरोध किया कि क्षेत्र के विकास के लिये इन मुख्य मार्गो के चौडीकरण व निर्माण कार्य के आदेश दिये जाये।

# निगम खुद फंसा अतिक्रमण के चंगुल में



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** अक्सर देखा जाता है की नगर निगम के प्रवर्तन दल के द्वारा शहर भर में नॉन स्टॉप अतिक्रमण अभियान चलाते हुए दिखाई देता है, किसी पर जुर्माना तो किसी पर हर्जाना लेकिन इसी प्रवर्तन दल के द्वारा जो खुद के दामन में समेटे अतिक्रमण से अनजान है अपने ही निगम परिसर में फैला अतिक्रमण आखिर क्यों दिखाई नहीं दे रहा है, जहाँ बेतरतीब से लगे वाहन निगम के प्रवर्तन दल की उसकी कथनी और करनी पर कई सवाल खड़े कर रहे हैं।

हमने अक्सर किताबों में पढ़ा है कि देश के कानून की परिभाषा सभी पर लागू होती है, लेकिन यहां तो नगर निगम में फैले अतिक्रमण को देखकर कानून की व्याख्या ही बदलती हुई दिखाई दे रही है, एक गरीब जनता के लिए तो दूसरे गरीब जनता पर कानून लागू करने वाले अधिकृत बादशाहों के लिए, गैरों पर सितम और अपनों पर करम वाले सिद्धांत पर चलने वाला नगर निगम का प्रवर्तन दल अपने दामन में समेट इस अतिक्रमण को आखिर कब हटाएगा,अब सवाल यही है जब देश का कानून एक है और संविधान एक है,तो कार्रवाई एक तरफा क्यों? हमारा सवाल यही है कि नगर निगम परिसर जो सरकारी भूमी की श्रेणी में आता है परिसर में लगे बेतरतीब वाहनो पर जब्ती की कार्यवाही और सरकारी भूमि का प्रयोग किए जाने की एवज में वाहन स्वामियों से जुर्माना वसूला जायेगा?

## नशा तस्कर पकड़े

**चिलकाना।** थाना पुलिस टीम ने अदालत के आदेश पर अलग अलग जगहों से शराब तस्करी व नशा तस्करी मामले के दो आरोपीयों को गिरफ्तार किया है।

थाना प्रभारी निरीक्षक चन्द्रसेन सैनी की अगुवाई में वारंटी एवं फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के सम्बन्ध में चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत पुलिस टीम ने वारंटी दीपक उर्फ सुड्डा पुत्र जनार्धन निवासी ग्राम अब्दुल्लाहपुर अहाड़ी थाना चिलकाना को नाजायज शराब तस्करी मामले व अमजद पुत्र इस्लाम निवासी ग्राम शाहपुर को नशा तस्करी के एक मामले में अदालत के आदेशोपरांत इनके मकानों से गिरफ्तार किया है। दोनो आरोपियों को न्यायालय के समक्ष पेश किया गया है। गिरफ्तारी टीम में एसआई श्याम सिंह, पठेड़ चौकी इंचार्ज रिंकू कुमार, कांस्टेबल हरिओम शामिल रहे।

# किसी भी दशा में न हो अवैध खनन: मनीष

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** जिलाधिकारी मनीष बंसल ने कहा कि किसी भी दशा में अवैध खनन न होने पाये। उन्होंने बिना नंबर प्लेट या अस्पष्ट नंबर प्लेट वाले वाहनों पर सख्त कार्रवाई के निर्देश दिये।

जिलाधिकारी ने यह निर्देश अवैध खनन एवं परिवहन से संबंधित जिला टास्क फोर्स की बैठक में दिये। उन्होंने कहा कि अवैध खनन में संलिप्त दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई में तेजी लाई जाए। उन्होंने कहा की विवेचनाधीन मुकदमों की विवेचना शीघ्र समाप्त करके आगे की कार्यवाही में तेजी लाएं। विवेचना में लापरवाही पर विवेचना अधिकारी की जिम्मेदारी तय की जाएगी। उन्होंने कहा कि नीलामी संबंधी कार्यवाही को समयबद्धता के साथ पूरा करें।



पुलिस क्षेत्राधिकारी एवं थानाध्यक्ष अपने स्तर से बिना नंबर प्लेट, बिना हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट या अस्पष्ट नंबर प्लेट वाले वाहनों के विरुद्ध की गई कार्यवाहियों की जानकारी अगली बैठक में उपलब्ध कराने के साथ ही तत्काल मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्रवाई करें। उन्होने सख्त निर्देश दिए कि पकडे गये ओवरलोड वाहनों की जारी आरसी की कडाई से वसूली की जाए। एसडीएम, सीओ एवं संबंधित थाना अध्यक्ष यह सुनिश्चित कर लें कि उनके क्षेत्र में किसी भी दशा में अवैध खनन न होने पाए।

डीएम ने कहा कि अगर किसी थानाध्यक्ष के क्षेत्र में होने वाले अवैध खनन की सूचना जिला टास्क फोर्स को नहीं दी गई तो संबंधित थानाध्यक्ष की जिम्मेदारी तय की जाएगी। इसलिए सभी थानाध्यक्ष अवैध खनन की सूचना मिलते ही तत्काल टास्कफोर्स को सूचित करें। उन्होंने कहा कि टास्कफोर्स क्षेत्र का निरंतर भ्रमण करती रहे। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व सलिल कुमार पटेल, एसपी देहात सागर जैन, एसडीएम सदर, नकुड, बेहट, एआरटीओ एमपी सिंह, खनन अधिकारी सुभाष सिंह सहित संबंधित पुलिस अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# न्यायप्रिय शासक थी रानी अहिल्याबाई: प्रहलाद

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** मध्य प्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री प्रहलाद पटेल ने कहा कि देवी अहिल्याबाई होल्कर न्यायप्रिय शासक थी। आज देवी अहिल्याबाई के आदर्शो को जीवन में उतारे जानी की नितांत आवश्यकता है।

प्रहलाद पटेल ने यह बात आज सेठ गंगा प्रसाद माहेश्वरी सभागार आयोजित महिला सशक्तिकरण सम्मेलन को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा 17वीं शताब्दी भारतीय संस्कृति के इतिहास की शताब्दी थी। उन्होंने माता अहिल्याबाई होलकर की न्याय प्रियता के अनेक उदाहरण देते हुए कहा कि जहां का राजा न्याय प्रिय होगा वह शासन कभी समाप्त नहीं हो सकता। पुण्यश्लोक रानी अहिल्याबाई होल्कर द्वारा अपने बेटे को मृत्युदंड की सजा देने का उदाहरण अहिल्याबाई को छोड़कर पूरी दुनिया में कोई दूसरा नहीं है। उन्होंने कहा कि शालीनता, जनता के प्रति समर्पण, न्याय प्रियता, सादगी और संवेदनशीलता उनके आभूषण थे। रानी अहिल्याबाई होल्कर सनातन की संवेदनशीलता का उत्कृष्ट उदाहरण है, अपने शासनकाल में उन्होंने अनेक मंदिरों का जीर्णोद्धार कराया। उनसे बहुत कुछ सीखा जा सकता है। मंत्री प्रह्लाद पटेल ने कहा कि आज हम पर्यावरण को लेकर चिंतित है लेकिन माता अहिल्याबाई होलकर ने उस समय ही यह नियम बनाया था कि प्रत्येक किसान प्रत्येक वर्ष 20 पेड़ लगाएगा इससे पता चलता है कि वह कितनी दूरद्रष्टा थीं। उन्होंने कहा कि महिलाओं को अधिकार दिलाने का काम सबसे पहले रानी अहिल्याबाई होल्कर ने किया, किसी विधवा को पुत्र के रूप में दत्तक पुत्र लेने का अधिकार सबसे पहले अहिल्याबाई ने ही दिया था।



सम्मेलन में महिला सफाई मित्रों को सुरक्षाकीट व उपहार देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर नगर निगम द्वारा रानी अहिल्याबाई होल्कर के जीवन से संवंधित प्रदर्शनी का अवलोकन मंत्री प्रह्लाद पटेल ने किया जिसमे नगरायुक्त शिपु गिरी ने मंत्री प्रह्लाद पटेल को स्मृति चिन्ह भेंट किया।

सम्मेलन में प्रमुख रूप से महापौर डॉ अजय कुमार सिंह, विधायक राजीव गुम्बर, भाजपा महानगर अध्यक्ष शीतल विश्नोई, पूर्व सांसद राघवलखन पाल शर्मा, पूर्व विधायक जगपाल सिंह, पूर्व महापौर संजीव वालिया, शाकुम्भरी विश्वविद्यालय की विमला वाई, राकेश जैन, हेमंत अरोड़ा, मनोज ठाकुर आरती शर्मा, विक्रम शर्मा, डॉ नीलू राणा, गौरव गर्ग सहित भाजपा पदाधिकारी, पार्षद व बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित रही। सम्मेलन का संचालन भाजपा महामंत्री किशोर शर्मा ने किया।

# वित्तीय नवाचार पर आत्मविश्वास जगा: औसाफ




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** हस्तशिल्प निर्यात संवर्द्धन परिषद द्वारा हस्तशिल्प एमएसएमई को सशक्त बनाना, स्मार्ट क्रेडिट समाधान और जीएसटी रिफन्ड को स्वचालित करना विषय पर जागरूकता गोष्ठी आयोजित की गयी।

ईपीसीएच के अध्यक्ष ने बताया कि एमएसएमई को बदलते विनियामक परिदृश्य में वित्तीय रूप से लचीला बने रहने का दबाव बन रहा है। ईपीसीएच के कार्यकारी निदेशक आरके वर्मा ने भी विभाग की जानकारी दी। सीओए सदस्य व सहारनपुर वुड कार्विंग मैन्यूफेक्चरिंग एसोसिएशन महासचिव मौहम्मद औसाफ गुड्डू ने कहा कि इस तरह के ज्ञान साझा करने के मंचों में एमएसएमई की सक्रिय भागेदारी उत्साहजनक है। सेमीनार न केवल कार्यशील पूंजी की कमी और रिफंड में देरी जैसे आम वित्तीय चुनौतियों पर प्रकाश डालने में सफल रही बल्कि वित्तीय नवाचार को अपनाने का आत्मविश्वास भी जगाया। निर्यातक रामजी सुनेजा, सीए कपिल महानी, सहायक निदेशक निशांत भास्कर, एसोसिएशन अध्यक्ष इरफान उल हक, प्रविन्द्र सिंह, रविन्द्र मिगलानी ने भी अपने विचार रखे।

# महिलाओं को सरकारी योजनाओं की दी जानकारी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** महिला उत्थान एवं सशक्तिकरण कार्यक्रम के तहत ग्राम्य विकास विभाग द्वारा स्टाल लगाकर सरकारी योजनाओं की जानकारी दी गई।



जनमंच में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के मध्य प्रदेश के कैबिनेट मंत्री प्रहलाद पटेल, शहर विधायक राजीव गुंबर, पूर्व सांसद राघव लखन पाल, महानगर अध्यक्ष शीतल विश्नोई गोयल रहे। कार्यक्रम में ग्रामीण विकास एवं महिला उत्थान के लिए चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं यथा राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण), मुख्यमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) आदि योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई तथा कार्यक्रम में उपस्थित महिलाओं को शासकीय योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया गया।

कार्यक्रम में एडीओ योगेंद्र कुमार सहित विकास खण्डों की स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी दीदियों, प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के लाभार्थियों, मनरेगा महिला मेट आदि महिलाओं द्वारा बड़ी संख्या में प्रतिभाग किया गया।

## नशिस्त में सुनाई शायरी

**गंगोह।** अंजुमन उर्दु अदब के तत्वाधान में आयोजित एक शेरी महफिल का आगाज नातेपाक से हुआ। महफिल में एक माह पूर्व दिये गये छंद- बहारें हमको ढूंडेंगी न जाने हम कहां हांगे पर शायरों ने अपनी शायरी रचनाएं प्रस्तुत की।

मुहम्मद उसामा ने पढ़ा कि - लगा दी उम्रसारी ये चमन शादाब करने में, बहारें हमको ढूंडेंगीं नाजाने हम कहां होंगे। वासिल खान द्वारा पेश इस शेर ने खुब वाहवाही लूटी कि-कयामत की अदा है हुस्नवालों की लड़कपन में, न जाने हश्र क्या बरपा करेंगे जब जवां होंगे। इसके अलावा डा. युसुफ रशीद अर्शी, डॉ. आरिफ रशीदनसीम अनवर अय्यूबी, शाह अश्फाक, युनुस रहबर कुरैशी, शब्बर, अमन, जाहिद, उमैर अय्यूबी, शुऐब और मुहम्मद आरिफ ने भी अपने कलाम पेश किए। अध्यक्षता नसीम अनवर अय्यूबी और संचालन युसुफ रशीद अर्शी ने किया।

# निगम के देहात क्षेत्र में विद्युत व्यवस्था जर्जर: आशु

## याचिका समिति की बैठक में विधायक आशु मलिक ने उठाये ऊर्जा विभाग सम्बन्धी मुद्दे

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** समाजवादी पार्टी से देहात विधायक आशु मलिक ने विधानसभा याचिका समिति की बैठक में उर्जा विभाग से जुडे मुद्दों को उठाया।

विधायक ने बैठक में कहा कि निगम क्षेत्र के अंर्तगत आने वाली कुछ कालोनियों में निरीक्षण के दौरान पाया गया कि यहां विद्युत व्यवस्था बहुत जर्जर हालत में है। जिसके संबंध में कई बार पत्र के माध्यम से नगर आयुक्त व विद्युत विभाग को अवगत कराया गया। इस संबंध में विद्युत विभाग द्वारा उपरोक्त कार्यो का प्राक्कलन संबंधी पत्र जिसकी धनराशि करीब एक करोड पच्चीस लाख पैंतीस हजार अडतालीस रुपये नगर निगम से उपलब्ध कराये जाने का अनुरोध किया गया था। नगर निगम द्वारा इस कार्य को विद्युत विभाग का कहते हुए धनराशि उपलब्ध कराने से इंकार कर दिया था।



विधायक ने कहा कि मेरी विधानसभा के वार्ड 66 के मौहल्ला एकता कालोनी, मजीद कालोनी में खंबे व एबीसी वायर की आवश्यकता है, क्योंकि खम्बे व वायर न होने के कारण कालोनी में लाईट न होने से भीषण गर्मी में निवासियों का जीवन दुभर हो गया है। इसलिये अविलंब विद्युत आपूर्ति के लिये आदेश दिये जाये।

विधायक ने सभापति के माध्यम से प्रमुख सचिव को इन सभी समस्याओं का संज्ञान लेकर समाधान करने के लिए उचित कार्रवाई हेतु पत्र प्रेषित किया। सभापति द्वारा जल्द ही समस्याओं का निराकरण करने का आश्वासन दिया गया

# अवैध शराब पकड़ने को आबकारी विभाग की दबिश



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** आबकारी विभाग ने नागल देवबंद में अवैध शराब को पकड़ने के लिए ताबड़तोड़ दबिश दी।

आबकारी निरीक्षक अरुण सिंह, आबकारी निरीक्षक विकास यादव ने मिलकर क्षेत्र 3 देवबंद में ढाबों की चेकिंग की गई। एक व्यक्ति को ढाबे से गिरफ्तार कर आबकारी धारा में जेल भेजा गया।

जिला आबकारी अधिकारी महेंद्र प्रताप सिंह ने बताया देवबंद क्षेत्र, सरसावा, पिलखनी, घोड़ा पिपली, रामपुर मनिहारान सब जगह पर अवैध शराब के लिए चेकिंग अभियान चलाया गया है। जिसमें कल देवबंद क्षेत्र में 35 देसी के क्वार्टर के साथ एक अभियुक्त को ढाबे से गिरफ्तार किया गया है।

# उद्यमियों को साथ लेकर कराएं इंडस्ट्रियल एरिया का सर्वे: शिपू

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** नगरायुक्त शिपू गिरी ने दिल्ली रोड स्थित इण्डस्ट्रियल एरिया में जलभराव की समस्या के समाधान के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे उस क्षेत्र के उद्यमियों को साथ लेकर इण्डस्ट्रियल एरिया का सर्वे कराएं और यदि जल निकासी के लिए नाला निर्माण की आवश्यकता है तो उसके लिए प्रस्ताव प्रस्तुत करें। उन्होंने दिल्ली रोड के नाले की जल निकासी के सम्बंध में भी दिशा निर्देश दिए।

नगरायुक्त ने यह निर्देश एसआईए अध्यक्ष शिवकुमार गौड द्वारा इण्डस्ट्रियल एरिया की लेन नंबर तीन में जल भराव समस्या की ओर ध्यान दिलाने पर दिए। नगरायुक्त आज शाम जिला स्तरीय उद्योग बन्धु की बैठक के संदर्भ में निगम सम्बंधी समस्याओं के समाधान के लिए उद्यमियों के साथ विचार विमर्श कर रहे थे। उन्होंने नगर स्वास्थय अधिकारी से पूछा कि आगामी वर्षा के दृष्टिगत सभी इण्डस्ट्रियल एरिया में क्या नालों की सफाई हो गई है? उत्तर हां में मिलने पर उन्होंने कहा कि यदि कहीं सफाई नहीं हुयी है तो तुरंत करा दें। इण्डस्ट्रियल स्टेट के दो तालाबों के सौंदर्यीकरण के सम्बंध में उन्होंने उद्यमियों से कहा कि वे स्वयं तालाबों के सौंदर्यीकरण का नक्शा तैयार कराकर उपलब्ध करा दें, निगम द्वारा उसी के अनुरुप सौंदर्यीकरण करा दिया जायेगा।



उद्यमी प्रमोद सडाना, अनूप खन्ना, राजीव अग्रवाल, अनुपम गुप्ता व रविन्द्र मिगलानी आदि ने जीआईएस सर्वे के बाद उद्योगों पर हुयी टैक्स वृद्धि में खामियों की ओर ध्यान दिलाने पर नगरायुक्त ने कहा कि जिन उद्यमियों को लगता है कि उनके टैक्स में अत्यधिक वृद्धि हुई है, ऐसे सभी उद्यमी नोटिस के साथ अपनी आपत्तियां एकत्रित कर निगम को भिजवा दें, सभी आपत्तियों के निस्तारण का प्रयास किया जायेगा और निगम की स्क्रीन पर सम्बंधित उद्योग भवन का चित्र दिखाते हुए लगाये गए टैक्स के औचित्य को समझाया जायेगा।

मनजीत लूथरा, हरजीत चड्ढ़ा, दिनेश महेश्वरी व रामजी सुनेजा आदि उध्द्यमियों द्वारा इण्डस्ट्रियल एरिया में जिला उद्योग केंद्र द्वारा निर्मित शौचालय की सफाई न होने का मामला उठाया। जिस पर नगरायुक्त ने निर्देश दिए कि उक्त शौचालय को उद्योग विभाग से निगम को हैंण्ड ओवर करा लिया जाए और सुलभ या कियी अन्य एनजीओ को संचालन के लिए सौंप दिया जाए। उन्होंने शौचालय में पानी का कनेक्शन कराने के लिए जलकल विभाग को निर्देश दिए।

इसके अलावा उद्यमियों ने औद्योगिक क्षेत्रों की सड़कों, व लाइटो आदि के सम्बंध में भी नगरायुक्त को अवगत कराया। जिस पर नगरायुक्त द्वारा अधिकांश कार्यो के कराये जाने तथा कुछ कार्य प्रक्रिया में होने की जानकारी दी गयी। बैठक में अपर नगरायुक्त प्रदीप कुमार यादव, मृत्युंजय, महाप्रबंधक जल पुरुषोत्तम कुमार, मुख्य अभियंता निर्माण बी के सिंह, सहायक नगरायुक्त शिवराज सिंह, नगर स्वास्थय अधिकारी प्रवीण शाह सहित अनेक अधिकारी मौजूद रहे।

## जन्मदिन मनाया

**तीतरों।** महिला सशक्तिकरण अभियान के तहत नगर पंचायत परिसर में अहिल्याबाई होल्कर का जन्मदिन मनाया गया।

भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष मेला राम पवार ने कहा कि सरकार महिला सशक्तिकरण के तहत बहुत प्रयास कर रही है। इसी का परिणाम है कि आज महिलाओं को पहले से अधिक सामाजिक तथा आर्थिक अधिकार प्राप्त हुए हैं। इस दौरान महिलाओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

नगर पंचायत अध्यक्ष तैमूर खान, मंडल अध्यक्ष वीर सेन कश्यप, पूर्व मंडल अध्यक्ष रामकुमार शर्मा, सभासद राजेंद्र कश्यप, देवराज चौधरी, सपा नगर अध्यक्ष गजेंद्र चौधरी, पूर्व सभासद धर्मवीर चौधरी, सभासद अदीब खान, चौधरी नेपाल सिंह, सोहेल खान, लिपिक राजकुमार, विजेंद्र कुमार, रवीश कुमार, महक सिंह, सुरेश कुमार, श्याम कुमार आदि उपस्थित रहे।

# सम्पादकीय

**शनिवार, 31 मई 2025**

# इज़रायल की सहमति

गाजा में अस्थाई युद्ध विराम को लेकर अमेरिका की कोशिशें रंग लाती दिखाई दे रही हैं। अमेरिका का कहना है कि इजरायल ने गाजा में 60 दिन के युद्ध विराम प्रस्ताव पर हस्ताक्षर कर दिए हैं। व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरोलिन लेविट ने भी इस बात की पुष्टि कर दी है। अमेरिका के विशेष दूत स्टीव विटकॉफ और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने हमास को युद्ध विराम का प्रस्ताव सौंपा है, जिसका इजरायल ने समर्थन किया है। बड़ी बात यह है कि हमास को भेजे जाने से पहले इजरायल ने इस प्रस्ताव पर हस्ताक्षर कर दिए। न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार जोकि एक इजरायली अधिकारी और अमेरिकी सूत्र से इस बात की पुष्टि की है कि नए प्रस्ताव के अनुसार 60 दिवसीय युद्ध विराम तो शामिल है ही, इसमें दस जीवित बंधकों और 18 मृत बंधकों को रिहा करने की बात भी कही गई है। हमास की तरफ से इस पर अभी कोई प्रतिक्रिया खुलकर नहीं आई है। इतना जरूर कहा गया है कि हमास के नेतृत्व को मध्यस्थों के माध्यम से विटकॉफ से गाजा में युद्ध विराम का नया प्रस्ताव मिला है और वह इसका अध्ययन कर रहा है। हमास ने यह भी कहा कि उसकी पूरी कोशिश है कि उनके लोगों के हितों की पूर्ति हो, उनको राहत मिले और गाजा पट्टी पर स्थाई युद्ध विराम हो। अमेरिका पिछले कुछ दिनों से इस बात के भी प्रयास कर रहा है कि इजरायल और हमास के बीच अस्थाई सीजफायर कराया जा सके। उस पर सऊदी अरब और कतर जैसे मित्र देशों का दबाव भी पड़ रहा था। कुछ दिन पूर्व जब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प कतर और सऊदी के दौरे पर आए थे। तब से इस संबंध में बातें हो रही हैं। पहले जो डोनाल्ड ट्रम्प ने प्रस्ताव इजरायल के सामने रखा था उस पर इजरायल नानुकुर कर रहा था। जबकि हमास तैयार हो गया था। अब कहा जा रहा है कि इजरायल ने अमेरिकी प्रस्ताव पर हमास को सौंपने से पूर्व ही हस्ताक्षर कर दिए, तो जाहिर है नया प्रस्ताव इजरायल के अनुकूल हो सकता है और उसमें कुछ ऐसी शर्तें हो सकती हैं जो हमास को पसंद न आएं। अभी ठीक से तो नहीं कहा जा सकता कि यह सीजफायर कब लागू होगा, होगा भी या नहीं, लेकिन हां यह तो कहा ही जा सकता है कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प सीजफायर को लेकर पहले से कहीं ज्यादा गंभीर दिखाई दे रहे हैं और वह इजरायल पर अपने प्रभाव का इस्तेमाल करते भी दिखाई दे रहे हैं। अगर अमेरिकी राष्ट्रपति ऐसा कर पाने में सफल रहे, तो निश्चित रूप से यह उनके लिए भी बड़ी उपलब्धि साबित हो सकता है। इसमें कोई दोराय नहीं कि इस समय गाजा के हालात बेहद खराब हैं। 60 हजार से अधिक लोग इस युद्ध में अपनी जान गवा चुके हैं और यह जान बराबर जा रही हैं। कोई दिन नहीं होता, जब वहां से बड़ी संख्या में लोगों के मारे जाने की खबरें नहीं आती। दुख की बात यह है कि इन मरने वालों में अधिकतर बच्चे व महिलाएं होती हैं। इजरायल ने तमाम तरह की राहत के रास्ते बंद रखे हैं। जिससे लाखों लोग भूख से मरने की कगार पर पहुंच गए हैं।

## आज पूरे देश में गर्व की भावना



आतंकियों और भारतीय सांसदों की तुलना शर्मनाक कृत्य है, जो सांसद विदेशों में भारत का पक्ष रखने गए हैं, वे घूमने नहीं गए, वे भारत के आत्मबल और आतंकवाद-विरोधी नीति को अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर मजबूती से प्रस्तुत करने गए हैं, राहुल गांधी, जयराम रमेश और रेवंत रेड्डी जैसे कुछ नेताओं के बयानों ने न केवल भारतीय सेना के मनोबल को चोट पहुंचाने का प्रयास किया, बल्कि बार-बार देश के सामान्य नागरिकों के आत्मविश्वास को भी कमजोर करने की चेष्टा की है, भारत अब आतंकवाद के खिलफ निर्णायक कार्रवाई करने में सक्षम है और उसमें संकोच नहीं करता, आज पूरे देश में गर्व की भावना है, हर नागरिक भारत की सेना को सलाम कर रहा है, ज लोगों के भीतर देशभक्ति की भावना चरम पर है, पर कुछ राजनीतिक दल, विशेषकर कांग्रेस पार्टी, ऐसी स्थिति में भी राजनीति करने से नहीं चूकी।

**-संबित पात्रा, प्रवक्ता एवं सांसद, भाजपा**

## चिकित्सा जगत की असाधारण खोज

# यूनिवर्सल एंटीवेनम



एंटीवेनम विकसित करने वाले टिम फराइडे अपनी टीम के साथ



एम. इमरान

विश्व में सांपों के काटने से होने वाली मृत्यु और विकलांगता एक गंभीर सार्वजनिक स्वास्थ्य समस्या है, विशेष रूप से एशिया और अफ्रीका जैसे विकासशील देशों में। सांपों के विष के प्रभाव को कम करने के लिए एंटीवेनम यानि विषरोधी सीरम का उपयोग किया जाता है, लेकिन पारंपरिक एंटीवेनम के निर्माण और प्रभावशीलता से संबंधित कई सीमाएं हैं। इन सीमाओं को देखते हुए वैज्ञानिकों ने एक नया और क्रांतिकारी तरीका विकसित किया है। एक सार्वभौमिक एंटीवेनम, जिसे एक हाइपर-इम्यून व्यक्ति के एंटीबॉडीज से तैयार किया गया है। यह विधि न केवल अधिक प्रभावी है, बल्कि कई प्रकार के सांपों के विष पर भी काम कर सकती है, जिससे यह एक यूनिवर्सल एंटीवेनम के रूप में उभर रहा है।

पारंपरिक एंटीवेनम आमतौर पर घोड़े या भैंस जैसे जानवरों को विष देकर उनके शरीर में उत्पन्न हुए एंटीबॉडीज से तैयार किया जाता है। इसके कई नकारात्मक पहलू हैं जैसे एलर्जिक रिएक्शन, सीमित प्रभावशीलता, भंडारण की समस्याएं और क्षेत्रीय विषों के अनुसार भिन्न-भिन्न एंटीवेनम की आवश्यकता। इसके अतिरिक्त, इन एंटीवेनम का उत्पादन महंगा और समय-साध्य होता है, चूंकि अलग-अलग सांपों का विष संरचना में काफी भिन्न होता है, इसलिए कोई एक एंटीवेनम सभी पर असर नहीं करता। इसलिए वैज्ञानिक समुदाय के सामने यह चुनौती रही है कि एक ऐसा उपचार तैयार किया जाए जो विश्व स्तर पर विभिन्न सांपों के विषों पर प्रभावी हो।

इसी चुनौती का समाधान एक असाधारण खोज के रूप में सामने आया, जब एक हाइपर-इम्यून व्यक्ति की प्रतिरक्षा प्रणाली से प्राप्त एंटीबॉडीज का उपयोग कर एक नया प्रकार का एंटीवेनम विकसित किया गया। यह व्यक्ति दुनियाभर के विभिन्न विषैले सांपों के विष के प्रति बार-बार प्रतिरक्षित किया गया था और उसके शरीर में एक अत्यंत शक्तिशाली और विविध प्रतिपिंड प्रतिक्रिया विकसित हो चुकी थी। वैज्ञानिकों ने इस व्यक्ति के रक्त से प्राप्त B कोशिकाओं B-cells को प्रयोगशाला में विश्लेषण किया और उनमें से ऐसे एंटीबॉडीज की पहचान की जो विभिन्न सांपों के विषों को निष्क्रिय करने में सक्षम थे। इन चयनित एंटीबॉडीज को बायोटेक्नोलॉजी की सहायता से कृत्रिम रूप से बड़ी मात्रा में उत्पादित किया गया। इन्हें मानव एंटीबॉडीज में परिवर्तित करके एक ऐसी थेरेपी बनाई गई जो शरीर में विष के विभिन्न घटकों को लक्षित कर उन्हें निष्क्रिय कर सकती है।

यह एंटीवेनम न केवल प्रभावी था, बल्कि सुरक्षित भी था, क्योंकि यह मानव एंटीबॉडीज से बना था और इसके कारण पारंपरिक एंटीवेनम की तरह एलर्जिक प्रतिक्रियाओं की संभावना भी बहुत कम थी। इस शोध का एक और महत्वपूर्ण पहलू यह था कि इन एंटीबॉडीज की संरचना इस प्रकार डिजाइन की गई कि वे विष के केवल एक ही नहीं बल्कि कई विषाक्त अणुओं से जुड़ सकें। सांपों के विष में कई प्रकार के प्रोटीन और एंजाइम होते हैं जैसे फॉस्फोलाइपेस, मेटालोप्रोटीज और न्यूरोटॉक्सिन्स, जो विभिन्न प्रकार से शरीर को नुकसान पहुंचाते हैं। यह यूनिवर्सल एंटीवेनम इन सभी प्रकार के विषाक्त तत्वों को लक्षित कर उन्हें निष्क्रिय करने में सक्षम है। इसकी तुलना में पारंपरिक एंटीवेनम आमतौर पर कुछ विशेष विष प्रोटीनों पर ही असर करता है।

इस तकनीक की विशेषता यह भी है कि यह एक ऐसे प्लेटफॉर्म का निर्माण करती है जिसमें भविष्य में अन्य जानलेवा विषों जैसे मकड़ी, बिच्छू या समुद्री जीवों के विष के विरुद्ध भी समान प्रकार की थेरेपी विकसित की जा सकती है। इस खोज ने विषरोधी चिकित्सा के क्षेत्र में एक नई दिशा स्थापित की है, जहां अब जानवरों पर निर्भर हुए बिना मानव-केन्द्रित, सुरक्षित और अधिक प्रभावी उपचार उपलब्ध हो सकता है। वैज्ञानिकों ने इस नए एंटीवेनम का परीक्षण प्री-क्लीनिकल स्तर पर चूहों और अन्य जानवरों पर किया और देखा गया कि यह विभिन्न प्रकार के विषों जैसे भारत के करैत, रसेल वाइपर, कोबरा और अफ्रीका के ब्लैक मम्बा आदि पर प्रभावी था। जहां पारंपरिक एंटीवेनम केवल कुछ विशेष सांपों के लिए ही उपयुक्त होते हैं, यह यूनिवर्सल एंटीवेनम कई भिन्न प्रकार के विषों पर भी सफलतापूर्वक कार्य करता है। इसके कारण न केवल मरीज की जान बचाने की संभावना बढ़ जाती है, बल्कि स्थानीय अस्पतालों और ग्रामीण क्षेत्रों में एंटीवेनम की उपलब्धता सुनिश्चित करना भी आसान हो जाता है, क्योंकि अब अलग-अलग प्रकार के विषों के लिए अलग-अलग सीरम रखने की आवश्यकता नहीं होगी। इस शोध की सफलता के पीछे अत्याधुनिक तकनीकों का भी विशेष योगदान रहा है। वैज्ञानिकों ने क्रायो-इलेक्ट्रॉन माइक्रोस्कोपी और प्रोटीन इंजीनियरिंग की सहायता से विष के अणुओं की संरचना का बारीकी से अध्ययन किया, जिससे यह समझने में मदद मिली कि कौन से एंटीबॉडीज किस प्रकार से विष प्रोटीन से जुड़ते हैं और उसे निष्क्रिय करते हैं। इसके आधार पर उन्होंने ब्रॉडली न्यूट्रलाइजिंग एंटीबॉडीज का चयन किया और उन्हें जेनेटिक रूप से तैयार किया, जिससे उनकी स्थिरता, शक्ति और कार्यक्षमता को और बढ़ाया जा सका। एक और महत्वपूर्ण सामाजिक पहलू यह है कि यूनिवर्सल एंटीवेनम का निर्माण सार्वजनिक स्वास्थ्य के क्षेत्र में एक बहुत बड़ी आर्थिक और नैतिक उपलब्धि भी है। हर वर्ष दुनिया भर में हर साल लगभग 1.38 करोड़ लोगों को सांप काटते हैं, जिनमें से लगभग 1 लाख से अधिक मौतें होती हैं और कई लाख लोग स्थाई विकलांगता का शिकार होते हैं। इनमें से अधिकांश घटनाएं ग्रामीण क्षेत्रों में होती हैं जहां चिकित्सा सुविधाएं सीमित होती हैं और समय पर प्रभावी एंटीवेनम न मिलने से स्थिति गंभीर हो जाती है। एक सार्वभौमिक एंटीवेनम की उपलब्धता इन समस्याओं का समाधान कर सकती है। इस प्रोजेक्ट की सफलता का एक बड़ा कारण यह भी रहा कि इसमें बहु-देशीय सहयोग और विभिन्न वैज्ञानिक संस्थानों की सहभागिता रही। अमेरिका, भारत, अफ्रीका और यूरोप के विषविज्ञानी, इम्यूनोलॉजिस्ट और जैवप्रौद्योगिकी विशेषज्ञों ने मिलकर इस परियोजना को अंजाम दिया।

इस तरह के वैश्विक सहयोग से न केवल अनुसंधान में तीव्रता आई, बल्कि विभिन्न भौगोलिक क्षेत्रों के सांपों के विष पर कार्य करने का अवसर भी मिला, जिससे यह एंटीवेनम वास्तव में यूनिवर्सल बन पाया। अब जब यह एंटीवेनम क्लिनिकल ट्रायल्स की ओर बढ़ रहा है, वैज्ञानिकों और चिकित्सा संगठनों को यह सुनिश्चित करना होगा कि यह इलाज आम जनता तक सुलभ मूल्य पर पहुंच सके। यदि यह केवल महंगे निजी अस्पतालों तक सीमित रह गया, तो इसका वास्तविक लाभ नहीं मिल पाएगा। इसके लिए सरकारों, NGO और वैश्विक स्वास्थ्य संस्थानों को मिलकर रणनीति बनानी होगी ताकि इस जीवनरक्षक उपचार को गरीब और दूरदराज के क्षेत्रों में भी सुलभ बनाया जा सके। इस खोज ने न केवल सांप के विष के इलाज में एक क्रांति लाई है, बल्कि यह भी दिखाया है कि यदि विज्ञान और तकनीक को मानव कल्याण की दिशा में उपयोग किया जाए, तो असंभव को भी संभव बनाया जा सकता है। एक अकेले हाइपर-इम्यून व्यक्ति के शरीर में मौजूद एंटीबॉडीज ने लाखों जानें बचाने की संभावनाओं को जन्म दिया है। यह एक ऐसा उदाहरण है जो दिखाता है कि मानव शरीर और विज्ञान की सामूहिक शक्ति मिलकर कितने बड़े परिवर्तन ला सकती है। भविष्य में, जैसे-जैसे इस तकनीक को और परिष्कृत किया जाएगा, यह संभव है कि न केवल सांपों के विष का बल्कि अन्य प्रकार के टॉक्सिन्स और जैविक हथियारों के विरुद्ध भी ऐसे एंटीबॉडीज विकसित किए जा सकें। एक ऐसा युग आने वाला है जहां यूनिवर्सल इम्यून थेरेपी का विचार केवल कल्पना नहीं बल्कि एक वास्तविकता बन सकेगा। इसलिए यह कहना गलत नहीं होगा कि एक हाइपर-इम्यून व्यक्ति के एंटीबॉडीज से विकसित यह यूनिवर्सल एंटीवेनम एक ऐतिहासिक उपलब्धि है, जिसने न केवल विष चिकित्सा के क्षेत्र में नई दिशा दी है, बल्कि विज्ञान की शक्ति और मानवता के कल्याण के प्रति उसकी प्रतिबद्धता को भी सिद्ध किया है। इस उपलब्धि से भविष्य की कई जिंदगियां बचाई जा सकती हैं और एक सुरक्षित, विष-मुक्त समाज की नींव रखी जा सकती है।

# धोखेबाज कंपनियों के चलते ग्राहक परेशान

**उपभोक्ता संरक्षण कानूनों को और सशक्त करने की आवश्यकता है, ताकि ग्राहकों को रिपफंड और मुआवजे के लिए लंबी कानूनी प्रक्रियाओं से न गुजरना पड़े। इस स्थिति को सुधारने के लिए, कंपनियों को अपनी वित्तीय प्रथाओं में पारदर्शिता लानी होगीऔर नियामक निकायों को कड़े कदम उठाने होंगे। जब तक ऐसा नहीं होता, ग्राहकों और ऐसी कंपनियों से जुड़े अन्य लोगों का विश्वास जीतना इन कंपनियों के लिए एक बड़ी चुनौती बना रहेगा।**



रजनीश कपूर

भारत का कैब उद्योग, जो कुछ वर्षों पहले तक तकनीकी नवाचार और सुविधा का प्रतीक माना जाता था, आज गंभीर विवादों और वित्तीय अनियमितताओं के कारण चर्चा में है। ब्लूस्मार्ट और ओला जैसी प्रमुख कंपनियों पर लगे धोखाधड़ी और कर चोरी के आरोपों ने न केवल उनके कारोबारी मॉडल पर सवाल उठाए हैं, बल्कि लाखों ग्राहकों के बीच अविश्वास और निराशा की भावना भी पैदा की है। ऐसी कंपनियां, जो कभी शहरी गतिशीलता का पर्याय थीं, अब अपने ग्राहकों को ठगा हुआ महसूस करा रही हैं।

ब्लूस्मार्ट, जो 2019 में एक इलेक्ट्रिक वाहन-आधारित कैब सेवा के रूप में शुरू हुई थी, ने अपनी पर्यावरण-अनुकूल नीतियों और ग्राहक-केंद्रित दृष्टिकोण के कारण तेजी से लोकप्रियता हासिल की थी। दिल्ली-एनसीआर, बेंगलुरु और मुंबई जैसे शहरों में इसकी सेवाएं शुरू होने के बाद, कंपनी ने कई बड़े निवेशकों से भारी फंडिंग प्राप्त की। हालांकि, अप्रैल 2025 में भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) द्वारा किए गए खुलासे ने ब्लूस्मार्ट की मूल कंपनी जेनसोल इंजीनियरिंग की वित्तीय प्रथाओं पर गंभीर सवाल खड़े किए। सेबी ने पाया कि जेनसोल के प्रमोटरों, अनमोल सिंह जग्गी और पुनीत सिंह जग्गी ने कंपनी को दिए गए 977.75 करोड़ रुपये के ऋण का दुरूपयोग किया। यह राशि, जो इलेक्ट्रिक वाहनों की खरीद और बेड़े के विस्तार के लिए थी, कथित तौर पर आलीशान फ्लैट, गोल्फ किट, और अन्य व्यक्तिगत खर्चों पर खर्च की गई। सेबी की जांच के अनुसार, कंपनी ने केवल 4,704 वाहन खरीदे, जबकि 6,400 वाहनों का वादा किया गया था, जिसके परिणामस्वरूप 262.13 करोड़ रुपये की वित्तीय अनियमितता सामने आई। इस घोटाले का सबसे बड़ा झटका ब्लूस्मार्ट की अचानक सेवा बंदी के रूप में सामने आया, जिसने अप्रैल 2025 में इसके संचालन को ठप कर दिया। इस बंदी का असर हजारों ड्राइवरों, लाखों ग्राहकों व इनसे जुड़े कई लोगों पर पड़ा। ड्राइवरों को बिना किसी पूर्व सूचना के बेरोजगार छोड़ दिया गया, जबकि ग्राहकों के वॉलेट में जमा राशि, जो लाखों रुपये में थी, फंस गई। कंपनी ने घोषणा की कि यदि 90 दिनों के भीतर सेवाएं बहाल नहीं हुईं, तो रिफंड शुरू किया जाएगा। हालांकि, इस अनिश्चितता ने ग्राहकों में भारी असंतोष पैदा किया। दिल्ली के एक नियमित ग्राहक के अनुसार उन्होंने ब्लूस्मार्ट की सुविधा और पर्यावरण-अनुकूल सेवाओं की हमेशा प्रशंसा की थी, लेकिन अब उनके वॉलेट में 4,500 रुपये फंसे हुए हैं और उन्हें रिफंड की कोई स्पष्ट जानकारी नहीं मिल रही है। दूसरी ओर, ओला कैब्स, जो भारत के कैब बाजार में अग्रणी रही है, भी हाल के वर्षों में कई विवादों में उलझी हुई है।

हाल ही में, कंपनी पर कर चोरी और वित्तीय अनियमितताओं के गंभीर आरोप लगे हैं। आयकर विभाग की एक जांच में पता चला कि ओला ने अपने ड्राइवरों के भुगतान और किराए की राशि पर टैक्स की गणना में अनियमितताएं बरतीं। इसके अलावा, कंपनी पर आरोप है कि उसने अपनी सहायक कंपनियों के माध्यम से फंड को गलत तरीके से स्थानांतरित किया, ताकि कर देनदारियों को कम किया जा सके। गौरतलब है कि ओला कैब्स की मूल कंपनी एएनआई टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड ने भारत में एक अग्रणी इलेक्ट्रिक स्कूटर निर्माता कंपनी ओला इलेक्ट्रिक शुरू की, परंतु हाल के वर्षों में अपने ग्राहकों व आपूर्तिकर्ताओं के साथ वित्तीय अनियमितताओं के कारण चर्चा में रही है। ओला ने अपने सप्लायरों और लॉजिस्टिक्स पार्टनर्स को समय पर भुगतान करने में देरी की, जिसके परिणामस्वरूप कई प्रमुख सप्लायरों ने कंपनी के साथ संबंध तोड़ लिए। बीबीसी की एक रिपोर्ट में पूर्व कर्मचारियों और उद्योग सूत्रों ने खुलासा किया कि भुगतान में देरी के कारण सप्लायरों के बीच असंतोष बढ़ा। एक सप्लायर ने तो ओला के खिलाफ दिवालियापन की याचिका भी दायर की, जिसे बाद में कंपनी ने सुलझाने का दावा किया। इसके अलावा, ओला की लागत कम करने की रणनीति, जैसे कि वाहन पंजीकरण एजेंसियों के साथ अनुबंधों की पुनरू बातचीत, ने बिक्री और पंजीकरण के आंकड़ों में भारी विसंगति पैदा की। फरवरी 2025 में, ओला ने 25,000 स्कूटर बेचने का दावा किया, लेकिन वाहन पोर्टल पर केवल 8,390 पंजीकृत हुए। इन वित्तीय और परिचालन चुनौतियों ने ओला की बाजार हिस्सेदारी को प्रभावित किया, जो सितंबर 2024 में 27 प्रतिशत तक गिर गई। ब्लूस्मार्ट और ओला से जुड़े इन विवादों ने ऐसे उद्योगों में ग्राहकों का विश्वास कमजोर किया है। ये कंपनियां, जो कभी सुविधा और नवाचार का प्रतीक थीं, अब वित्तीय कुप्रबंधन और अनैतिक प्रथाओं के लिए जानी जा रही हैं। ग्राहकों के बीच यह धारणा बढ़ रही है कि उनके पैसे का उपयोग न केवल उनकी सेवा में, बल्कि प्रमोटरों के व्यक्तिगत लाभ के लिए भी किया जा रहा है। इन घोटालों से भारत में ऐसेउद्योगों के लिए सख्त नियामक ढांचे की आवश्यकता को उजागर किया है। विशेषज्ञों का मानना है कि सरकार को वित्तीय पारदर्शिता सुनिश्चित करने और ग्राहकों व इनसे जुड़े अन्य लोगों के हितों की रक्षा के लिए कड़े नियम लागू करने चाहिए। आयकर विभाग और सेबी जैसे नियामक निकायों को ऐसी कंपनियों की निगरानी बढ़ानी चाहिए, जो बड़े पैमाने पर फंडिंग जुटाती हैं और लाखों ग्राहकों की निर्भरता का हिस्सा हैं।

लेखक दिल्ली स्थित कालचक्र समाचार ब्यूरो के संपादक हैं

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# दुनिया नशे में झूम रही कैसे स्वास्थ्य क्रांति लाएं

**विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर विशेष**



ललित गर्ग

विश्व की गम्भीर समस्याओं में प्रमुख है तम्बाकू और उससे जुड़े नशीले पदार्थों का उत्पादन, तस्करी और सेवन में निरन्तर वृद्धि होना। नई पीढ़ी इस जाल में बुरी तरह कैद हो चुकी है। आज हर तीसरा व्यक्ति विशेषत: महिलाएं किसी-न-किसी रूप में तम्बाकू को अपना चुकी है। बीड़ी-सिगरेट के अलावा तम्बाकू के छोटे-छोटे पाउचों से लेकर तेज मादक पदार्थों, औषधियों तक की सहज उपलब्धता इस आदत को बढ़ाने का प्रमुख कारण है। इस दीवानगी को ओढ़ने के लिए प्रचार माध्यमों ने भी भटकाया है। इसीलिए विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा विश्व तंबाकू निषेध दिवस-31 मई को दुनियाभर में मनाया जाता है। डब्ल्यूएचओ हर साल इस दिवस पर एक थीम निर्धारित करता है। साल 2025 की थीम अनमास्किंग द अपील: तम्बाकू और निकोटीन उत्पादों पर उद्योग की रणनीति को उजागर करना है। यह दिवस तंबाकू के उपयोग के हानिकारक प्रभावों के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए एक जनजागृति अभियान एवं एक दुनियाभर में आयोज्य महत्वपूर्ण दिवस है। इसका उद्देश्य तंबाकू के सेवन के जोखिमों को उजागर करना और दुनियाभर के लोगों को धूम्रपान या किसी भी रूप में तंबाकू का उपयोग छोड़ने के लिए प्रोत्साहित करना है। बड़ा प्रश्न है कि एक नशेड़ी पीढ़ी का देश एवं दुनिया कैसे आदर्श हो सकती है? इस दुर्व्यसन के आदी लोग सुधारने को तैयार नहीं हैं। नशे की गंभीरता एवं विकरालता को देखते हुए साल 1987 में विश्व स्वास्थ्य संगठन के सदस्य देशों ने एक प्रस्ताव पारित किया और हर 31 मई को विश्व तम्बाकू विरोधी दिवस मनाने का फैसला किया गया। यह दिन सरकारों से तंबाकू के उपयोग से निपटने, सेकेंड हैंड धुएं के संपर्क को कम करने और स्वस्थ विकल्पों को बढ़ावा देने के लिए नीतियों को मजबूत करने का आह्वान भी करता है। ऐसे दिवस को मनाने की उपयोगिता एवं सार्थकता तभी है जब नशे की अंधी गलियों में भटक चुके युवाओं को बाहर निकालना विश्व की हर सरकार का नैतिक एवं प्राथमिक कर्तव्य हो, क्योंकि युवा पीढ़ी नशे की गुलाम हो चुकी है, लेकिन यह विडम्बनापूर्ण है कि सरकारों के लिए यह दिवस कोरा आयोजनात्मक है, प्रयोजनात्मक नहीं, क्योंकि सरकार विवेक से नहीं, स्वार्थ से काम ले रही है। नशे की बुराइयों से लोगों को आगाह भी करती है और शराब, तम्बाकू, सिगरेट का उत्पादन भी बढ़ा रही है।

राजस्व प्राप्ति के लिए जनता की जिन्दगी से खेलना क्या किसी लोककल्याणकारी सरकार का काम होना चाहिए? तंबाकू का सेवन व्यक्तिगत स्वास्थ्य और समाज दोनों पर घातक प्रभाव डालता है, जो कैंसर, हृदय रोग और श्वसन संबंधी समस्याओं जैसी रोकथाम योग्य बीमारियों का एक प्रमुख कारण बना हुआ है। इस दिवस का लक्ष्य एक ऐसी दुनिया बनाना है जहां तम्बाकू निषेध का सकारात्मक वातावरण बने एवं कम लोग तम्बाकू से संबंधित बीमारियों से पीड़ित हों। यह दिवस स्वस्थ जीवन शैली को बढ़ावा देने और भविष्य की पीढ़ियों को तम्बाकू के खतरों से बचाने के लिए एक महत्वपूर्ण अनुस्मारक के रूप में कार्य करता है। तम्बाकू का सेवन दुनिया भर में रोके जा सकने वाली मौतों के प्रमुख कारणों में से एक है, हर साल लाखों लोग तम्बाकू से जुड़ी बीमारियों की वजह से अपनी जान गंवा देते हैं। इसके सेवन से होने वाली अनेक घातक एवं जानलेवा बीमारियों का व्यक्तियों, परिवारों और समुदायों पर विनाशकारी प्रभाव पड़ता है। तम्बाकू सेवन के दीर्घकालिक परिणाम न केवल धूम्रपान करने वाले को प्रभावित करते हैं, बल्कि सेकेंड हैंड धुएं के संपर्क में भी योगदान करते हैं, जो बच्चों और कमजोर आबादी सहित धूम्रपान न करने वालों को नुकसान पहुंचाता है। आज छोटे-छोटे बच्चे एवं महिलाएं नशे के आदी हो चुकी हैं। वे ऐसे नशे करती है कि रुह कांपती है। नशा आज एक फैशन बन चुका है। नशे के कारण हम एक विकलांग एवं बीमार पीढ़ी का निर्माण हो रहा हैं। नशे की संस्कृति युवा पीढ़ी को गुमराह कर रही है। अगर यही प्रवृत्ति रही तो सरकार, सेना और समाज के ऊंचे पदों के लिए शरीर और दिमाग से स्वस्थ व्यक्ति नहीं मिलेंगे। प्रसिद्ध फुटबाल खिलाड़ी मैराडोना, पॉप संगीत गायक एल्विस प्रिंसले, तेज धावक बेन जॉनसन, युवकों का चहेता गायक माईकल जैक्सन, ऐसे कितने ही खिलाड़ी, गायक, सिनेमा कलाकार नशे की आदत से या तो अपनी जीवन लीला समाप्त कर चुके हैं या बरबाद हो चुके हैं। नशे की यह जमीन कितने-कितने आसमान खा गई। विश्वस्तर की ए प्रतिभाएं कीर्तिमान तो स्थापित कर सकती हैं, पर नई पीढ़ी के लिए स्वस्थ विरासत नहीं छोड़ पा रही हैं। तम्बाकू का उपयोग एक प्रमुख सार्वजनिक स्वास्थ्य समस्या है जो वैश्विक स्तर पर व्यक्तियों और समुदायों को प्रभावित करती है। यह अत्यधिक नशे की लत है, मुख्य रूप से निकोटीन की उपस्थिति के कारण, जिससे व्यक्तियों के लिए बिना सहायता के इसे छोड़ना बेहद मुश्किल हो जाता है। इसके परिणाम भयानक हैं, हर साल 8 मिलियन से अधिक मौतें तम्बाकू से संबंधित बीमारियों के कारण होती हैं। भारत में गुटखा सहित धुआं रहित तंबाकू का उपयोग एक खतरनाक कुचलन है, जिससे गंभीर किस्म की बीमारियां होती हैं। विशेष रूप से गुटखा से कैंसर का खतरा होता है और इसी वजह से साल 2002 से ही गुटखा पर नियंत्रण के प्रयास चलते रहे हैं। साल 2012 से भारतीय राज्यों द्वारा प्रतिबंधित होने के बावजूद गुटखा व्यापक रूप से उपयोग में है। गुटखा लॉबी देशभर में बहुत मजबूत है और इससे सरकारों व उनमें शामिल लोगों को गलत ढंग से भारी कमाई होती है। सबसे पहला राज्य मध्य प्रदेश है, जिसने गुटखा पर प्रतिबंध लगाया था, पर क्या वहां सफलता मिली? बिहार, गुजरात जैसे राज्य, जहां कहने को तो शराब प्रतिबंधित है, पर क्या वहां शराब का मिलना बंद हो गया है? ठीक इसी तरह से गुटखा के साथ हुआ है। लगातार चेतावनियों व विज्ञापनों के बावजूद गुटखा या तंबाकू का सेवन घट नहीं रहा है। गुटखों और पान मसालों से जुड़ी समस्याओं को अभी भी हम गंभीरता से नहीं ले रहे हैं। भारत में जनसंख्या-आधारित कैंसर रजिस्ट्री में पाया गया कि 55 प्रतिशत कैंसर तंबाकू के उपयोग से संबंधित थे। भारत तंबाकू उत्पादों का दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा उत्पादक और निर्यातक है। भारत में तंबाकू छोड़ने की दर सबसे कम है, यहां सिर्फ 20 प्रतिशत पुरुष तंबाकू के दुर्व्यसन को छोड़ पाते हैं। जीवन का माप सफलता नहीं, सार्थकता होती है। सफलता तो गलत तरीकों से भी प्राप्त की जा सकती है। जिनको शरीर की ताकत खैरात में मिली हो वे जीवन की लड़ाई कैसे लड़ सकते हैं? तंबाकू का सेवन कई रूपों में किया जा सकता है जैसे सिगरेट, सिगार, बीड़ी, मलाईदार तंबाकू के रंग की वस्तु टरुथ पेस्ट, क्रिटेक्स, पाईप्स, गुटका, तंबाकू चबाना, सुर्ती-खैनी (हाथ से मलकर खाने वाला तंबाकू), तंबाकू के रंग की वस्तु, जल पाइप्स, स्नस आदि। कितने ही परिवारों की सुख-शांति यह तम्बाकू उत्पाद नष्ट कर रहे हैं। बूढ़े मां-बाप की दवा नहीं, बच्चों के लिए कपड़े-किताब नहीं, पत्नी के गले में मंगलसूत्र नहीं, चूल्हे पर दाल-रोटी नहीं, पर नशा चाहिए। करोड़ों लोग अपनी अमूल्य देह में बीमार फेफड़े और जिगर लिए एक जिन्दा लाश बने जी रहे हैं पौरुषहीन भीड़ का अंग बन कर। दुर्भाग्यवश इस गलत आदत को स्टेटस सिंबल मानकर अक्सर नवयुवक एवं महिलाएं अपनाते हैं और दूसरों के सामने दिखाते हैं।

इससे प्रजनन शक्ति कम हो जाती है। यदि कोई गर्भवती महिला धूम्रपान करती है तो या तो शिशु की मृत्यु हो जाती है या फिर कोई विकृति उत्पन्न हो जाती है। लंदन के मेडिकल जर्नल द्वारा किए गए नए अध्ययन में पाया गया कि धूम्रपान करने वाले लोगों के आसपास रहने से भी गर्भ में पल रहे बच्चे में विकृतियां उत्पन्न हो जाती हैं। हार्वर्ड मेडिकल स्कूल के डॉ. जोनाथन विनिकॉफ के अनुसार, गर्भावस्था के दौरान माता-पिता दोनों को स्मोकिंग से दूर रहना चाहिए। लगता है विश्व जनसंख्या का अच्छा खासा भाग नशीले पदार्थों के सेवन का आदी हो चुका है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# इजरायल ने गाजा में अस्थायी युद्धविराम प्रस्ताव किया मंजूर

**वाशिंगटन।** अमेरिका के व्हाइट हाउस ने कहा कि इजरायल ने गाजा में 60 दिन के युद्ध विराम प्रस्ताव पर हस्ताक्षर कर दिए हैं, क्योंकि इजरायली सेना युद्धग्रस्त क्षेत्र में अपनी सैन्य कार्रवाई जारी रखे हुए है। व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरोलिन लेविट ने एक प्रेस ब्रीफिंग में पुष्टि की कि पश्चिम एशिया में अमेरिका के विशेष दूत स्टीव विटकॉफ और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने हमास को युद्ध विराम प्रस्ताव सौंपा है, जिसका इजरायल ने समर्थन किया है।

लेविट ने कहा कि हमास को भेजे जाने से पहले इजरायल ने इस प्रस्ताव पर हस्ताक्षर कर दिए थे। मैं यह भी पुष्टि कर सकता हूं कि वे चर्चाएं जारी हैं, और हमें उम्मीद है कि गाजा में युद्ध विराम होगा ताकि हम सभी बंधकों को घर वापस ला सकें। सीबीएस न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार एक इजरायली अधिकारी और मामले से परिचित एक अमेरिकी सूत्र ने पुष्टि की कि प्रस्तावित समझौते में न केवल 60-दिवसीय युद्ध विराम शामिल है बल्कि 10 जीवित बंधकों और 18 मृत बंधकों के अवशेषों को रिहा करने की योजना भी शामिल है। हमास ने गुरुवार को कहा कि उसके नेतृत्व को मध्यस्थों के माध्यम से विटकॉफ से गाजा में युद्ध विराम का नया प्रस्ताव मिला है और वह इसका अध्ययन कर रहा है। हमास ने एक संक्षिप्त बयान में कहा कि हमास नेतृत्व को मध्यस्थों से विटकॉफ का नया प्रस्ताव मिला है और वह जिम्मेदारी से इसका अध्ययन कर रहा है ताकि हमारे लोगों के हितों की पूर्ति हो, राहत मिले और गाजा पट्टी में स्थाई युद्ध विराम हो।



- हमास को भेजे जाने से पहले इजरायल ने इस प्रस्ताव पर हस्ताक्षर कर दिए थे
- मैं यह भी पुष्टि कर सकती हूं कि वे चर्चाएं जारी हैं, और हमें उम्मीद है कि गाजा में युद्ध विराम होगा ताकि हम सभी बंधकों को घर वापस ला सकें: लेविट

## फलस्तीनी राजदूत यूएन में गाजा के हालात बताते हुए रोए

**गाजा।** फलस्तीनी राजदूत रियाद मंसूर यूएन में गाजा के हालात बताते हुए फूट-फूट कर रो पड़े। उन्होंने दुनिया को गाजा में भूख से तड़पते बच्चों और वहां के बदतर हालात के बारे में बताया। मंसूर ने कहा: कई बच्चे भूख से मर रहे हैं। महिलाएं अपने बेजान बच्चों को गले लगा रही हैं, उनके बालों को सहला रही हैं, उनसे बात कर रही हैं, उनसे माफी मांग रही हैं। यह सब देखना तकलीफदेह है। कोई ऐसा कैसे कर सकता है? यह कहते हुए उनके आंसू फूट पड़े। मंसूर ने आगे कहा: फलस्तीनियों की इस हालात को कोई आम इंसान बर्दाश्त नहीं कर सकता। आग और भूख फलस्तीनी बच्चों को निगल रही है। उन्होंने कहा: कोई भी वजह फलस्तीनियों पर हमले को जायज नहीं ठहरा सकती। हम भी इंसान हैं। हमें अपने देश पर गर्व है। हमें बिल्कुल वैसे ही सम्मान मिलना चाहिए, जैसे बाकी सभी को।

- रियाद मंसूर ने कहा: भूख बच्चों को निगल रही

## दक्षिण लेबनान में इजरायल के हमलों में दो लोग मारे गए

**बेरूत।** इजरायल की ओर से दक्षिणी लेबनान में किए गए हमलों में गुरुवार को दो लोग मारे गए। लेबनान की आधिकारिक राष्ट्रीय समाचार एजेंसी (एनएनए) ने अपनी रिपोर्ट बताया कि एक इजरायली ड्रोन ने नबातिह फौका की पहाड़ियों में अली अल-ताहेर जंगल के प्रवेश द्वार को निशाना बनाया, जिसके कारण नगरपालिका का कर्मचारी महमूद अटवी की मौत हो गई। हमले के समय वह मोटरसाइकिल से ड्यूटी करने के लिए जा रहे थे। एनएनए के अनुसार, काफ़र किला गांव में इजरायली गोलीबारी में एक और व्यक्ति मारा गया। गौरतलब है कि 27 नवम्बर, 2024 से, हिजबुल्लाह और इज़रायल के बीच एक संघर्ष विराम समझौता प्रभावी है, लेकिन समझौते के बावजूद इज़रायली सेना कभी-कभी लेबनान में हमले करती रहती है। इजरायल दावा करता है कि इसका उद्देश्य हिजबुल्लाह के खतरों को खत्म करना है। इज़रायल ने 18 फरवरी को अपनी पूर्ण वापसी की समय सीमा के बाद भी लेबनानी सीमा के पाँच प्रमुख ठिकानों पर अपनी सैन्य उपस्थिति बना रखी है।



रोहतास। सार्वजनिक बैठक के दौरान पीएम नरेंद्र मोदी और बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार।

## आर्टिकल 370 हटने से खुशहाली आई: सलमान खुर्शीद

**जकार्ता।** कांग्रेस नेता और पूर्व विदेश मंत्री सलमान खुर्शीद ने इंडोनेशिया की राजधानी जकार्ता में जम्मू-कश्मीर से आर्टिकल 370 हटाने के फैसले की सराहना की। उन्होंने कहा कि कश्मीर में आर्टिकल 370 एक बड़ी समस्या थी। इससे यह धारणा बन गई थी कि कश्मीर देश के बाकी हिस्से से अलग है।

यह सरकार की सोच में भी झलकता था। खुर्शीद ने कहा कि 2019 में आर्टिकल 370 हटने के बाद यह धारणा खत्म हो गई। इसके बाद चुनाव हुए और 65 प्रतिशत लोगों ने मतदान लिया। अब कश्मीर में एक चुनी हुई सरकार है। यह बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है कि कुछ लोग कश्मीर में आर्टिकल 370 फिर से बहाल करवाना चाहते हैं। वे कश्मीर में आई खुशहाली नहीं देखना चाहते। दूसरी तरफ, कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने ऑपरेशन सिंदूर पर कोलंबिया सरकार की प्रतिक्रिया की आलोचना की। थरूर ने कोलंबिया के बोगोटा में कहा कि कोलंबियाई सरकार ने भारत के प्रति सहानुभूति जताने के बजाय ऑपरेशन सिंदूर से पाकिस्तान में हुई जानमाल की नुकसान पर दुख जताया। भारत इससे निराश है। कांग्रेस सांसद ने कहा कि भारत ने सेल्फ-डिफेंस में हमला किया था। हमला करने वालों और बचाव करने वालों में फर्क होता है। जैसे कोलंबिया ने कई आतंकवादी हमलों को झेला है, वैसे ही हमने भारत में भी लगभग चार दशकों तक हमलों को झेला है। शशि थरूर और सलमान खुर्शीद ऑपरेशन सिंदूर पर दुनिया को ब्रीफ करने गए भारतीय डेलिगेशन का हिस्सा हैं।

# ट्रम्प का टैरिफ फिर बहाल

## हायर कोर्ट ने निचली अदालत का फैसला पलटा

**वाशिंगटन।** अमेरिका की फेडरल अपील कोर्ट ने ट्रम्प के टैरिफ पर रोक वाले ट्रेड कोर्ट के फैसले को पलट दिया है। बुधवार को राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के टैरिफ को फेडरल ट्रेड कोर्ट ने असंवैधानिक करार देते हुए स्थाई रोक लगा दी थी।

इस फैसले को ट्रम्प प्रशासन ने फेडरल सर्किट की अपीलीय कोर्ट में चुनौती दी, जिसे स्वीकार कर लिया गया। इसके बाद निचली अदालत (ट्रेड कोर्ट) के आदेश पर अस्थाई रोक लगा दी गई। यानी ट्रम्प का टैरिफ फिलहाल जारी रहेगा। इससे पहले मैनहट्टन की फेडरल कोर्ट आफ इंटरनेशनल ट्रेड के तीन जजों की बेंच ने टैरिफ पर रोक लगाते हुए कहा था कि ट्रम्प ने अपनी शक्तियों का दुरुपयोग किया और संविधान के दायरे से बाहर जाकर ये टैरिफ ये टैरिफ लगाया। कोर्ट ने कहा था कि ट्रम्प ने इंटरनेशनल इमरजेंसी इकोनामिक पावर्स एक्ट (आईईईपीए) का गलत इस्तेमाल किया। ये कानून राष्ट्रपति को आपातकाल में कुछ निर्णय लेने का विशेष अधिकार देता है। लेकिन, ट्रम्प ने बिना ठोस कारण के इन पावर्स का इस्तेमाल किया। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने अपने अधिकार क्षेत्र से बाहर जाकर ट्रेड पार्टनर्स पर भारी भरकम टैरिफ लगाया। अमेरिकी संविधान दूसरे देशों के साथ व्यापार को रेगुलेट करने का अधिकार संसद को देता है। लेकिन ट्रम्प ने अपने विशेष अधिकारों को संविधान से ऊपर रखकर टैरिफ पर फैसला लिया। राष्ट्रपति के स्पेशल पावर्स का मतलब यह नहीं कि किसी भी हालात को इमरजेंसी का नाम देकर कुछ भी करें।



- ट्रेड कोर्ट ने टैरिफ को असंवैधानिक बताकर स्थाई रोक लगा दी थी

व्हाइट हाउस के आर्थिक सलाहकार केविन हैसेट ने फाक्स बिजनेस को दिए एक इंटरव्यू में कहा था कि फेडरल कोर्ट के फैसले में कोई दम नहीं है, इसे आखिरकार पलट दिया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा था कि टैरिफ के रास्ते हमने जो बिजनेस डील के लिए प्लेटफार्म तैयार किए हैं, कोर्ट का यह फैसला उस रास्ते में बाधा नहीं बनेगा। टैरिफ पर फैसला देने वाले जज एक्टिविस्ट हैं। इसलिए चिंता की कोई बात नहीं है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, ट्रम्प प्रशासन ने अमेरिकी अंतर्राष्ट्रीय व्यापार अदालत में दावा किया कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने भारत और पाकिस्तान के बीच 10 मई 2025 को हुए युद्धविराम को संभव बनाने के लिए टैरिफ शक्तियों का उपयोग किया।

## नाइजीरिया में बाढ़ के कारण 21 लोगों की मौत

**अबुजा।** नाइजीरिया के उत्तर-मध्य नाइजर प्रांत में मूसलाधार बारिश के कारण अचानक आई भीषण बाढ़ में कम से कम 21 लोगों की मौत हो गई है और अन्य 10 लापता हैं। नाइजर राज्य आपातकालीन प्रबंधन एजेंसी के प्रमुख इब्राहिम हुसैनी ने संवाददाताओं को बताया कि बुधवार देर रात हुई मूसलाधार बारिश के बाद बाढ़ ने मोक्वा क्षेत्र में भीषण तबाही मचाई, लेकिन तीन लोगों को बचा लिया गया। उन्होंने कहा कि 50 से अधिक आवासीय घर जलमग्न हो गए या फिर बह गए, जिनमें कुछ लोगों के अभी भी फंसे रहने की आशंका हैं। उन्होंने कहा कि लापता 10 लोगों के लिए बचाव अभियान चलाया जा रहा है। इस सप्ताह की शुरुआत में राष्ट्रीय आपातकालीन प्रबंधन एजेंसी की महानिदेशक जुबैदा उमर ने कहा था कि इस साल पूरे देश में बाढ़ के प्रभाव को कम करने के व्यापक प्रयास किए जा रहे हैं।

# इंडोनेशिया के सबसे बड़े इस्लामी संगठन का मिला भारत को समर्थन

## कहा: आतंकवाद से मिलकर लड़ेंगे लड़ाई

**जकार्ता।** इंडोनेशिया के सबसे बड़े इस्लामी संगठन नाहदतुल उलमा के कार्यकारी बोर्ड अध्यक्ष के. एच. उलिल अब्शार अब्दल्ला ने भारत के सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात की और आतंकवाद के खिलाफ मिलकर लड़ाई लड़ने और शांति को बढ़ावा देने की बात कही।

उन्होंने कहा कि भारत और इंडोनेशिया दोनों आतंकवाद जैसी चुनौती से गुजरे हैं। हमने भारत के साथ चरमपंथ से निपटने का अनुभव साझा किया। दोनों देशों की आर्थिक विकास, राजनीतिक स्थिरता और शांति की एक जैसी आकांक्षाएं हैं। अब्दल्ला ने चेताया कि अगर धर्म का इस्तेमाल हिंसा को जायज ठहराने के लिए किया जाए, तो यह बहुत खतरनाक होता है। उन्होंने कहा, कुछ समूह इस्लाम के नाम पर हिंसा को बढ़ावा देते हैं, जो गलत है, क्योंकि इस्लाम शांति का धर्म है। आतंकवाद के सबसे बड़े शिकार खुद मुसलमान हैं, इसलिए इस खतरे को खत्म करने की सबसे पहली जिम्मेदारी भी मुसलमानों की ही बनती है। उन्होंने भारतीय सांसदों से कहा कि इंडोनेशिया के इतिहास की गहराई में भारतीय सभ्यता की छाप है, इसलिए दोनों देशों को लोगों के स्तर पर भी सहयोग करना चाहिए। प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर रहे जदयू सांसद संजय कुमार झा ने अब्दल्ला की बातों को भारत के लिए सहानुभूतिपूर्ण बताया। झा ने कहा कि अब्दल्ला ने ओआईसी (इस्लामिक देशों के संगठन) में भारत के मुद्दों पर समर्थन देने का भरोसा जताया। उन्होंने यह भी कहा कि पाकिस्तान की तुलना में भारत में मुस्लिम आबादी ज्यादा है। फिर भी पाकिस्तान ओआईसी में भारत के खिलाफ प्रस्ताव लाने की कोशिश करता है। पहलगाम आतंकी हमले का ज़िक्र करते हुए झा ने कहा कि आतंकियों ने बेगुनाहों को उनके धर्म के आधार पर मारने की कोशिश की, जिसका मकसद देश की सांप्रदायिक एकता को नुकसान पहुंचाना था। प्रतिनिधिमंडल ने इंडोनेशिया की नेशनल मंडेट पार्टी और कई प्रमुख थिंक टैंक व शिक्षण संस्थानों के अधिकारियों से भी मुलाकात की। भारतीय सांसदों ने आतंकवाद को बढ़ावा देने में पाकिस्तान की भूमिका को उजागर किया, जिसे इंडोनेशियाई नेताओं ने भी स्वीकार किया और भारत को पूरा समर्थन देने की बात कही। जकार्ता स्थित भारतीय दूतावास के अनुसार, इस दौरे का उद्देश्य भारत के खिलाफ फैलाए जा रहे झूठे प्रचार का मुकाबला करना और भारत की आतंकवाद के प्रति जीरो टालरेंस नीति को वैश्विक मंचों पर स्पष्ट करना है। प्रतिनिधिमंडल में विभिन्न दलों के सांसद शामिल हैं, जिनमें भाजपा की अपराजिता सारंगी, तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के अभिषेक बनर्जी, माकपा के जान ब्रिटास, कांग्रेस के सलमान खुर्शीद और अन्य नेता शामिल हैं।



दोनों देशों की आर्थिक विकास राजनीतिक स्थिरता और शांति की एक जैसी आकांक्षाएं हैं

## ऑस्ट्रेलिया में जनता के समर्थन के बावजूद चीनी कर नहीं लगेगा

**कैनबरा।** ऑस्ट्रेलिया के स्वास्थ्य मंत्री ने कहा है कि संघीय सरकार की चीनी कर लगाने की 'कोई योजना नहीं' है, जबकि एक सर्वेक्षण में इस प्रस्ताव को मजबूत समर्थन मिला है। मार्क बटलर ने शुक्रवार को कहा कि सरकार के पास मोटापे की बढ़ती दरों को कम करने के लिए 'कई उपाय' विचाराधीन हैं, लेकिन वह कराधान के बजाय शिक्षा पर ध्यान केंद्रित करेगी। उन्होंने 'सेवन नेटवर्क' टेलीविजन से कहा कि मोटापा वास्तव में आज हमारे सामने आने वाली बड़ी सार्वजनिक स्वास्थ्य चुनौतियों में से एक है, और यह भविष्य में और भी बड़ा होने वाला है। हम सुपरमार्केट में खरीदने के बारे में सोच रहे लोगों को उनके द्वारा सोची जा रही चीज़ों के बारे में अच्छी तरह से लेबल करके शिक्षित करने पर अधिक ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। हमारी सरकार में चीनी कर लगाने की कोई योजना नहीं है।

## हद पार: 130 दिन में ट्रम्प ने अपने ही 11 फैसले पलटे

### 180 कोर्ट ने रोके, प्रशासन के आदेशों के खिलाफ 250 से ज्यादा याचिका दायर

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प का दूसरा कार्यकाल शुरू हुए अभी सिर्फ 130 दिन ही हुए हैं। लेकिन उनकी नीतियों को लेकर विवाद और कानूनी चुनौतियां थमने का नाम नहीं ले रही हैं। अब तक अमेरिकी अदालतों ने ट्रम्प प्रशासन के कम से कम 180 कार्यकारी आदेशों और नीतियों पर स्थाई या अस्थाई तौर पर रोक लगाई है।

साथ ही, ट्रम्प ने खुद 11 प्रमुख फैसलों पर यू-टर्न लेते हुए पलटा है। रिपोर्ट के अनुसार, कोर्ट ने जन्मसिद्ध नागरिकता खत्म करने, संघीय कर्मचारियों की सामूहिक बर्खास्तगी और विदेशी सहायता रोकने जैसे आदेशों को अवैध या असंवैधानिक ठहराया है। वहीं, ट्रम्प ने फेडरल फंडिंग फ्रीज, अंतर्राष्ट्रीय छात्र वीजा और टैरिफ नीतियों जैसे फैसलों को कई बार बदला या वापस लिया है। ट्रम्प प्रशासन के आदेशों के खिलाफ अब तक 250 से अधिक याचिका दायर की जा चुकी है। ट्रम्प ने वायस आफ अमेरिका को खत्म करने का फैसला लिया था, जिसे कोलोराडो की अदालत ने अवैध ठहराया। पर्यावरण नियमों को कमजोर करने वाले आदेशों को भी कैलिफोर्निया की अदालत ने रोका। वजह-वे क्लीन एयर एक्ट का उल्लंघन करते थे। वाशिंगटन की अदालत ने गैर अमेरिकियों के लिए मतदान प्रतिबंध को असंवैधानिक माना। अप्रैल 2025 में एक हफ्ते में 11 मुकदमों में ट्रम्प प्रशासन को हार मिली। ट्रम्प के ट्रांसजेंडर स्वास्थ्य अधिकारों को सीमित करने वाले आदेश को भी न्यूयार्क कोर्ट ने भेदभावपूर्ण ठहराते हुए अवैध ठहराया। इसके अलावा ट्रम्प के विदेशी फंडिंग से जुड़े आदेश को भी अदालत ने गलत माना।

- ट्रम्प ने वायस आफ अमेरिका को खत्म करने का फैसला लिया था

## चीन में 2023 में हुए गैस धमाके के 15 दोषियों को सजा

**यिनचुआन।** उत्तर-पश्चिमी चीन के निग्ज़ुयिा हुई स्वायत्त क्षेत्र की एक अदालत ने वर्ष 2023 में एक बारबेक्यू रेस्तरां में हुए गैस विस्फोट मामले में 15 व्यक्तियों को शुक्रवार को सज़ा सुनाई। इस विस्फोट में 31 लोगों की मौत हो गई थी। क्षेत्रीय राजधानी यिनचुआन की जिगकिंग डिस्ट्रिक्ट पीपुल्स कोर्ट के अनुसार गंभीर दुर्घटनाएं करने या झूठे प्रमाणन दस्तावेज़ प्रदान करने के अपराधों के लिए प्रतिवादियों को एक से छह साल तक की जेल की सज़ा दी गई है। रेस्तरां में सह-निवेश करने और संचालन करने वाले झांग होंग्ज़ियान और लियू गुओ दोषी ठहराए गए लोगों में शामिल थे। गैस आपूर्तिकर्ता के वास्तविक नियंत्रक कुई वेनबो और गैस परीक्षण एजेंसी के कानूनी प्रतिनिधि झोउ झिगुओ को भी दोषी पाया गया। यह विस्फोट 21 जून, 2023 को यिनचुआन के फूयांग बारबेक्यू रेस्तरां में हुआ तरलीकृत पेट्रोलियम गैस (एलपीजी) लीक होने से विस्फोट हुआ था। इस हादसे में 31 लोग मारे गए थे और सात घायल हो गए थे। अदालत ने पाया कि विस्फोट का सीधा कारण एलपीजी वितरक द्वारा रेस्तरां को घटिया सिलेंडर उपलब्ध कराना था, जिसे रेस्तरां के कर्मचारियों द्वारा गलत तरीके से संचालित किया गया था। झोउ और दो अन्य गैस परीक्षण एजेंसी के कर्मचारी सदस्यों के रूप में गलत प्रमाणन दस्तावेज प्रदान करने के दोषी पाए गए ,जो एक आपराधिक कृत्य है।

# पानी पर कभी समझौता नहीं करेंगे: मुनीर

## फील्ड मार्शल आसिम मुनीर ने कहा: मामला देश के 24 करोड़ लोगों के बुनियादी अधिकार से जुड़ा

**इस्लामाबाद/दुशाम्बे।** पाकिस्तान के सेना प्रमुख फील्ड मार्शल आसिम मुनीर ने कहा है कि पानी का मुद्दा पाकिस्तान के लिए रेड लाइन है और इस पर कोई समझौता नहीं किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि यह मामला देश के 24 करोड़ लोगों के बुनियादी अधिकारों से जुड़ा है। मुनीर अलग-अलग यूनिवर्सिटीज के चांसलर्स, प्रिंसिपल, सीनियर फैकल्टीज के साथ बातचीत कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने भारत को लेकर सख्त रुख अपनाते हुए कहा कि पाकिस्तान कभी भी भारत के वर्चस्व को स्वीकार नहीं करेगा। दूसरी तरफ मुनीर ने दावा किया कि बलूचिस्तान में सक्रिय आतंकवादियों को भारत से समर्थन मिल रहा है। उन्होंने कहा कि जो लोग बलूचिस्तान में अशांति फैला रहे हैं, उनका सीधा संबंध बलोच उग्रवाद से है और इनकी डोर भारत से जुड़ी हुई है। वहीं पाकिस्तानी प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ताजिकिस्तान पहुंचे। यहां ताजिक प्रधानमंत्री कोखिर रसूलजोदा ने उनका एयरपोर्ट पर स्वागत किया। शरीफ आज ग्लेशियर्स को लेकर एक अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में शामिल होंगे। ताजिकिस्तान के दो दिवसीय दौरे पर शरीफ ताजिक राष्ट्रपति इमामाली रहमोन के साथ कई मुद्दों को लेकर द्विपक्षीय बैठक करेंगे। शरीफ 25 से 30 मई तक चार देशों के दौरे पर हैं। इससे पहले वो तुर्की, ईरान और अजरबैजान जा चुके हैं। उन्होंने इन सभी देशों को भारत के साथ तनाव के वक्त समर्थन देने के लिए शुक्रिया कहा है। शरीफ के साथ आर्मी चीफ आसिम मुनीर, डिप्टी पीएम इशाक डाल, विदेश मंत्री ख्वाजा आसिफ और कई मंत्री भी पहुंचे हैं। शहबाज शरीफ ने हाल ही में कहा था कि वह भारत के साथ बातचीत करने को तैयार हैं। उन्होंने कहा कि दोनों देशों को मिलकर कश्मीर, पानी और आतंकवाद जैसे मुद्दों को हल करना चाहिए। शरीफ ने यह बात अजरबैजान के लाचिन में पाकिस्तान-तुर्की-अजरबैजान त्रिपक्षीय समिट में कही थी। यह एक हफ्ते में दूसरी बार था जब पाकिस्तानी पीएम ने भारत से बातचीत की इच्छा जताई थी। इससे पहले उन्होंने सोमवार को ईरान दौरे पर भी भारत से बातचीत की इच्छा जताई थी।



- जो लोग बलूचिस्तान में अशांति फैला रहे हैं उनका सीधा संबंध बलोच उग्रवाद से है और इनकी डोर भारत से जुड़ी हुई है

## ड्रग तस्कर के साथ समझौते पर स्थिति स्पष्ट करे अमेरिकी सरकार: मेक्सिको

**मेक्सिको सिटी।** मेक्सिको की राष्ट्रपति क्लाउडिया शिनबाम ने दामासो लोपेज़ सेरानो के साथ किए गए याचिका समझौते को लेकर अमेरिकी सरकार से सवाल किया है। गौरतलब है कि दामासो लोपेज़ सेरानो एक ऐसे कार्टेल एक ऐसा संगठन जहां दो या दो से अधिक कंपनियां, उत्पादक या सेवा प्रदाता एक-दूसरे के साथ प्रतिस्पर्धा करने के बजाए अपने लाभ को बढ़ाने के लिए मिलकर काम करते हैं।

का सदस्य है, जिसे अमेरिका ने खुद 'विदेशी आतंकवादी संगठन' करार दिया है। सुशिनबाम ने गुरुवार को संवाददाताओं को संबोधित करते हुए इस संबंध में अमेरिकी सरकार से स्थिति स्पष्ट करने की मांग की। उन्होंने कहा कि अमेरिका सरकार ने हाल ही में एक आदेश जारी किया था, जिसमें कुछ संगठनों को आतंकवादी संगठन कहा गया है। उन्होंने कई मौकों पर कहा है कि वे इन संगठनों के साथ बातचीत नहीं करते हैं। अब उन्हें यह बताने की ज़रूरत है कि इन मामलों में समझौते क्यों किए जाते हैं। उल्लेखनीय है कि अमेरिकी अधिकारियों ने दामासो लोपेज़ सेरानो उर्फ 'एल मिनी लिक' के साथ एक याचिका समझौता किया है, जिसके तहत सेरानो ने अमेरिकी अदालत में ड्रग तस्करी के आरोपों में दोषी होने की दलील दी।

**Food Distribution Program**

To bring joy to poor and needy families this **Eid-al-Adha**, we are distributing food packs. You can support this cause by contributing financially, materially, or in any way you find suitable. Help us make a difference in the lives of the downtrodden.

**Islamia Educational and Charitable Society (IECS), Deoband, Saharanpur**

Contact: +91 97602 83693, 80579 22328